NA
Naresh Agarwal - 9848020960
Ankush Agarwal - 9885450000
Naresh Agencies
Dealers in :
Welding Electrodes, Welding Accessories, Safety Equipment, Power Tools, Self Drilling Screws and Cutting Wheels
15-9-216, Near Dargah, Gowliguda, Hyderabad - 500 012

खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

MOU Holder and Distributors
RN METALS Pvt. Ltd
Distributors of SAIL & VSP products in Telangana
Stockist of MS Beams MS Channel, MS Angle, MS Plates, TMT Bars
A-23/5 & 6, APIE, BALANAGAR, HYD.-500 037
040-23774718, 040-23774719, 9160111471

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । बुधवार, 10 अप्रैल, 2024 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । epaper.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-6 रु.। वर्ष-6 । अंक-100

### पूर्वोत्तर के अखबार को दिए साक्षात्कार में पीएम मोदी ने कहा

# पूर्वोत्तर के विकास पर 10 वर्ष में 5 लाख करोड़ खर्च किए

- चीन समझ ले, अरुणाचल भारत का अटूट हिस्सा है
- अब भारत का गेटवे ऑफ ईस्ट बन गया है पूर्वोत्तर
- पूर्वोत्तर न दिल्ली से दूर है, न हमारे दिल से दूर है
- जब नीयत सही हो, तो समस्त कार्य भी सही होते हैं

पूर्वोत्तर भारत के एक प्रमुख अखबार को दिए साक्षात्कार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आजादी के बाद दशकों तक कांग्रेस सरकारों ने पूर्वोत्तर राज्यों को हाशिये पर धकेले रखा। लोगों के साथ सौतेला व्यवहार किया क्योंकि उनके लिए इस क्षेत्र में संभावित चुनावी लाभ बहुत कम था। उनके लिए पूर्वोत्तर बहुत दूर था और इसके विकास के लिए काम करना भी मुश्किल था। लेकिन भाजपा की सरकार आते ही हमने पूर्वोत्तर में यथास्थिति बदलने की प्रतिबद्धता के साथ अलगाव और अज्ञानता की नीति को एकीकरण की नीति से बदल दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन बीते 10 वर्षों में पूर्वोत्तर से अलगाव को खत्म कर हमने इसे भारत के गेटवे ऑफ ईस्ट के तौर पर विकसित किया है। आज पूर्वोत्तर न दिल्ली से दूर है और न दिल से दूर है। उन्होंने बताया कि अपने 10 वर्ष के इस कार्यकाल में ही 70 बार पूर्वोत्तर का दौरा किया है, जो कि शायद कुल प्रधानमंत्रियों की संयुक्त यात्रा से कहीं अधिक है। इसके अलावा 2015 से अब तक भारत सरकार के केंद्रीय मंत्रियों ने कुल 680 बार से अधिक बार पूर्वोत्तर का दौरा किया है। हमने दुनिया को ये दिखाया है, जब नीयत सही होती है, तो काम भी सही होते हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने नॉर्थ ईस्ट राज्यों के विकास के लिए बात की। उन्होंने कहा कि अब तक नॉर्थ ईस्ट में हमने जितना निवेश किया है वो कांग्रेस या किसी और सरकार द्वारा आवंटित राशि से चार गुना अधिक है। पिछले दशक में हुए बुनियादी ढांचे के विकास ने इस क्षेत्र को देश के बाकी हिस्सों और दुनिया से इतना जोड़ दिया है, जितना पहले कभी नहीं था। हमने बोगीबील ब्रिज और भूपेन हजारिका सेतु जैसी लंबे समय से प्रतीक्षित महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी परियोजनाओं को पूरा किया, जिससे लोगों का जीवन आसान हो गया है। हाल ही में, मुझे सेला टनल का उद्घाटन करने का अवसर मिला जो 13,000 फीट की ऊंचाई पर बनाई गई है। यह सीमावर्ती क्षेत्रों को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। हमारी सरकार ने ही 2019 में इसका शिलान्यास किया था।



प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर की युवा शक्ति, उनकी प्रतिभा, उनके कौशल और उनकी ऊर्जा पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से पूर्वोत्तर में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 14,000 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए गए हैं। देश का पहला खेल विश्वविद्यालय मणिपुर में खोला गया है। हम 8 राज्यों में 200 से अधिक खेलो इंडिया केंद्र बना रहे हैं। पिछले दशक में इस क्षेत्र से 4,000 से अधिक स्टार्टअप उभरे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों में फैले हिंसा और उग्रवाद से निजात दिलाने के लिए केंद्र सरकार ने लगातार कार्य किए हैं। पीएम मोदी ने बताया कि पिछले 10 वर्षों में कुल 11 शांति समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह किसी भी पिछली सरकार के तहत अभूतपूर्व प्रगति है। इसके साथ ही 2014 से अब तक 9,500 से अधिक विद्रोहियों ने आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हुए हैं। 2014 की तुलना में 2023 में उग्रवाद की घटनाओं में 71 फीसदी की कमी आई है।

▶9पर

### एमपी के बालाघाट और यूपी के पीलीभीत में बोले प्रधानमंत्री

# यह चुनाव नए भारत का मिशन है : मोदी

**भोपाल, 09 अप्रैल (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के बालाघाट में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, जय श्री कोटेश्वर महादेव, जय मां काली, जय मां गढ़कालिका। आज देश के विभिन्न हिस्सों में नववर्ष मनाया जाता है। आज नवरात्रि का भी आरंभ हुआ है। मैं आप सभी को नववर्ष की और नवरात्रि की अनेक-अनेक शुभकामनाएं देता हूं। बालाघाट की धरती भारत की नारी शक्ति के पराक्रम की साक्षी है। मैं रानी दुर्गावती और रानी अवंती बाई की इस धरती को प्रणाम करता हूं। आज जनता जनार्दन का जनसैलाब, ऐसा लग रहा है जैसे केसरिया सागर नजर आ रहा है। इतनी बड़ी तादाद में माताओं और बहनों का आशीर्वाद साफ दिखा रहा है कि चार जून को मध्यप्रदेश में क्या परिणाम आने वाले हैं। पीएम मोदी ने कहा, विधानसभा चुनाव में ही आपने कांग्रेस को पूरी तरह साफ कर दिया। अब लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के लोग भाजपा से नहीं आपस में ही एक-दूसरे से लड़ रहे हैं। ▶9पर




- अभी बहुत कुछ करना है, देश को बहुत आगे लेकर जाना है
- इंडी गठबंधन को रामलला से नफरत है, विकास से नफरत है

## मोदी ने योगी का हाथ पकड़ कर आगे से जाने को कहा

**पीलीभीत, 09 अप्रैल (एजेंसियां)।** पीलीभीत की जनसभा में जब योगी आदित्यनाथ के बोलने की बारी आई तो योगी मंच पर बैठे नेताओं की कतार के पीछे से होकर माइक की तरफ जाने लगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योगी का हाथ पकड़ लिया और मुस्कुराते हुए उन्हें अपने सामने से जाने का इशारा किया। मुख्यमंत्री ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कोई सोचता न था कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण होगा। ▶9पर

## पीलीभीत में बोले मोदी, इंडी को राममंदिर से नफरत

**पीलीभीत, 09 अप्रैल (एजेंसियां)।** पीलीभीत में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि तुष्टीकरण के दलदल में कांग्रेस इतना डूब गई है कि उससे कभी बाहर नहीं निकल सकती। तुष्टीकरण के दबाव में ही कांग्रेस और समाजवादी पार्टी नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) का भी विरोध कर रही है। 10 साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी पहली बार पीलीभीत पहुंचे। उन्होंने ड्रमंड इंटर कॉलेज में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया और विपक्षी गठबंधन पर जमकर हमला बोला।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत माता की जय के साथ अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने देशवासियों को नवरात्रि और हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। कहा कि आज से चैत्र नवरात्रि भी शुरू हो गई है। देशभर में शक्ति उपासना की धूम मची है। हर कोई भक्ति में डूबा हुआ है, शक्ति उपासना में जुटा हुआ है। कुछ ही दिन में बैसाखी भी आने वाली है, मैं आपको बैसाखी की भी शुभकामनाएं देता हूं। ▶9पर

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दी सार्वजनिक चुनौती

# भारत की एक इंच जमीन पर भी चीन का कब्जा नहीं

### नेहरू ने चीन युद्ध में असम और अरुणाचल को अकेला छोड़ दिया था




**लखीमपुर (असम), 09 अप्रैल (एजेंसियां)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने असम के लखीमपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार में चीन भारत की एक इंच जमीन पर भी कब्जा नहीं कर सका। उन्होंने कहा कि लोग यह कभी नहीं भूलेंगे कि देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने 1962 में चीन के आक्रमण के दौरान असम और अरुणाचल को अकेले छोड़ दिया था। शाह ने कहा, जब चीन का हमला हुआ तो लड़ने की जगह जवाहर लाल नेहरू ने असम को बाय-बाय कह दिया था। असम को छोड़ दिया था। लेकिन नरेंद्र मोदी की सरकार में चीन देश की जमीन पर एक इंच भी कब्जा न कर सका। इस तरह का शासन नरेंद्र मोदी ने दिया है।


शाह ने कहा, अरुणाचल और असम 1962 को कभी नहीं भूल नहीं सकता। नरेंद्र मोदी के समय में उसने (चीन) डोकलाम में थोड़ी हिम्मत की। उसे 43 दिन तक रोककर रखा और नरेंद्र मोदी ने उन्हें वापस जाने के लिए मजबूर कर दिया।

▶9पर

## चीन की हरकतों से कोई फर्क नहीं पड़ता: रक्षा मंत्री

**नामसाई (अरुणाचल), 09 अप्रैल (एजेंसियां)।** अरुणाचल प्रदेश के नामसाई में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि चीन जिन ओछी हरकतों पर उतारू है उससे भारत पर कोई असर नहीं पड़ता। आज भारत ने अपना व्यक्तित्व चीन से बहुत बड़ा बना लिया है। चीन ने अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों के नाम बदले और अपनी वेबसाइट पर अपलोड किया। मैं अपने पड़ोसी देश को बताना चाहता हूं कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। राजनाथ ने कहा कि अगर भारत चीन के कुछ जगहों और कुछ प्रांतों के नाम बदल दे तो क्या वे भारत का हिस्सा बन जाएंगे? भारत अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहता है। बावजूद इसके, अगर कोई हमारे सम्मान को ठेस पहुंचाने की कोशिश करता है तो आज के भारत में जवाब देने की ताकत है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में ▶9पर

### शेयर मार्केट



बीएसई : 74,683.70
-58.80 -0.08% ↓
एनएसई :22,642.75
-23.55 (-0.1%) ↓

### आकाश में हो रही है लड़ाकू विमानों की गर्जना

## वायुसेना का चल रहा गगन-शक्ति अभ्यास



**देहरादून, 09 अप्रैल (एजेंसियां)।** आकाश में धमाके जैसी तेज आवाज से राजधानी के घरों की खिड़कियां तक दहल जाने की आवाज ने पुलिस को खूब परेशान किया। चुनाव के समय धमाके की तेज आवाज के बाद पुलिस के अधिकारी इस खबर को लेकर खासे चिंतित दिखे लेकिन जब यह जानकारी मिली कि ये भारतीय वायुसेना का सुपर सोनिक विमान की आवाज है तो उन्होंने राहत की सांस ली। ▶9पर

### गिरफ्तारी को गैर कानूनी बताने वाली याचिका हाईकोर्ट में खारिज

# अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले में शामिल

**नई दिल्ली, 09 अप्रैल (एजेंसियां)।** शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की गिरफ्तारी और हिरासत को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज कर दी। दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस स्वर्ण कांत शर्मा ने केजरीवाल याचिका खारिज की। कोर्ट ने साफ-साफ कहा कि दस्तावेज के मुताबिक केजरीवाल घोटाले की साजिश में शामिल हैं। गवाहों पर शक करना कोर्ट पर शक करने जैसा है। मुख्यमंत्री को इसका विशेषाधिकार नहीं है। उन्हें घोटाले की जांच और पूछताछ से छूट नहीं मिलेगी। हाईकोर्ट ने कहा कि ईडी के पास पर्याप्त सबूत मौजूद हैं। ईडी द्वारा एकत्र की गई सामग्री से पता चलता है कि अरविंद केजरीवाल ने साजिश रची थी और धन के इस्तेमाल से लेकर उसे छुपाने तक में सक्रिय रूप से शामिल थे। ईडी के पास उपलब्ध दस्तावेजों से यह भी पता चलता है कि वह निजी तौर पर भी औप आम आदमी पार्टी के संयोजक के तौर पर भी घोटाले में शामिल थे। ▶9पर



*दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा, ईडी के पास पर्याप्त सबूत*

***

*घोटाले का धन उड़ाने से लेकर छुपाने तक में लिप्त*

## स्व-घोषित ईमानदार का किरदार तार-तार: सुधांशु

**नई दिल्ली, 09 अप्रैल (एजेंसियां)।** शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की गिरफ्तारी और हिरासत को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज कर दी। इस पर भाजपा ने आपा पर निशाना साधा। राज्यसभा सांसद और भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने प्रेस कान्फ्रेंस कर कहा कि आज हाईकोर्ट ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के संदर्भ में जो ▶9पर

## मुख्य चुनाव आयुक्त को मिली जेड श्रेणी की सुरक्षा



**नई दिल्ली, 09 अप्रैल (एजेंसियां)।** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। खतरे की आशंका को देखते हुए केंद्र सरकार ने यह फैसला किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मुख्य चुनाव आयुक्त को हथियारबंद कमांडो से लैस जेड श्रेणी की वीआईपी सुरक्षा प्रदान करने का फैसला किया है। खुफिया एजेंसियों की ओर से जारी किए गए अलर्ट के बाद यह कदम उठाया गया है। आईबी की सूचना के मुताबिक मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के खिलाफ दुश्मन देश साजिश रचने की कोशिश कर रहे हैं। ▶9पर

### कार्टून कॉर्नर




TIBCON CAPACITORS
It's all about SAVING ENERGY AND MONEY
GARG
Garg Power Products Pvt. Ltd.
Cell: -91 99 12 4444 26
-91 99 48 1234 59

### केंद्र सरकार में पूर्व सैनिकों के करीब आठ लाख पद खाली

# अग्निवीरों की भर्ती पर कोई चर्चा नहीं, भविष्य संकट में

**नई दिल्ली, 09 अप्रैल (एजेंसियां)।** केंद्र सरकार में पूर्व सैनिकों के 8.10 लाख पद हैं। इनमें से 7.70 लाख पद (95 फीसदी) खाली हैं। चार साल सेना में काम करने के बाद अब अग्निवीर भी सरकारी नौकरी लेने वाली कतार में खड़े हो जाएंगे। भारतीय सेना में अग्निपथ योजना के तहत भर्ती हुए अग्निवीरों को उनकी चार वर्ष की सेवा समाप्ति के बाद दोबारा से सरकारी नौकरी कैसे मिलेगी, अब एक बार फिर यह मुद्दा चर्चा का विषय बना है।


पुनर्वास महानिदेशालय (डीजीआर) की जून-2021 की रिपोर्ट के अनुसार, केंद्र सरकार में पूर्व सैनिकों के 8.10 लाख पद हैं। इनमें से केंद्र सरकार ने पूर्व सैनिकों के 7.70 लाख पद (95 फीसदी) खाली रखे हुए हैं। अब अग्निवीर भी सरकारी नौकरी लेने वाली कतार में खड़े हो जाएंगे। कांग्रेस पार्टी के पूर्व सैनिक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल रोहित चौधरी कहते हैं, हर वर्ष सेना में लगभग 80 हजार भर्तियां होती थीं। केंद्र सरकार ने अग्निपथ स्कीम के तहत 40 हजार (सालाना) जवानों को सेना में कम कर दिया है। चौधरी सवाल उठाते हैं कि क्या इस स्थिति में चार साल बाद सभी अग्निवीरों को सरकारी नौकरी मिल सकेगी। दूसरी तरफ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पिछले दिनों कहा था, उनकी सरकार जरूरत पड़ने पर अग्निवीर भर्ती योजना में बदलाव के लिए तैयार है। हालांकि राजस्थान में चुनाव प्रचार के दौरान रक्षा मंत्री ने कहा, अग्निवीरों का भविष्य बेहद सुनहरा है। अग्निवीरों को अलग-अलग सरकारी विभागों में नौकरी मिलेगी। कर्नल रोहित चौधरी के अनुसार, क्या सच में चार साल बाद अग्निवीरों को सरकारी नौकरी मिलेगी, यह एक बड़ा सवाल है। उन्होंने कहा, जब सरकारी नौकरी लेने के लिए पूर्व सैनिक पहले से ही कतार में लगे हैं, ऐसे में सभी अग्निवीरों को पक्की नौकरी कैसे मिलेगी। पहले सेना में लगभग 80 हजार भर्तियां, हर साल होती थीं। अग्निपथ स्कीम ▶9पर



*चार वर्ष बाद अग्निवीरों को नौकरी का वादा जुमला साबित*

*अग्निवीर योजना न देशहित में हुई, न युवाओं के हित में*

### सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)
सोना : 74,030/-
(प्रति 10 ग्राम)
चाँदी : 84,685/-
(प्रति किलोग्राम)

### मौसम हैदराबाद

अधिकतम : $36^0$
न्यूनतम : $24^0$



# बलूचिस्तान में एक के बाद एक बम धमाकों से हड़कंप एक पुलिसकर्मी समेत तीन की मौत, 20 से ज्यादा घायल

**इस्लामाबाद, 09 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में दो अलग-अलग बम विस्फोट में एक पुलिसकर्मी समेत तीन लोगों की मौत हो गई। इस विस्फोट में अन्य 20 लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस ने इस घटना की जानकारी दी।

### क्वेटा के मस्जिद में बम विस्फोट

पहली घटना में जिले के कुचलक इलाके में एक मस्जिद में विस्फोट हुआ। विस्फोट में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई, जबकि 15 लोग घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, जब मस्जिद में धमाका हुआ, तब लोग मगरिब की नवाज अदा कर रहे थे।

### ईद से पहले बलूचिस्तान में दो विस्फोट

दूसरा विस्फोट खुजदार शहर के उमर फारूख चौक में हुआ। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बम विस्फोट तब हुआ जब इलाके में भीड़ थी। महिलाएं और बच्चे यहां ईद की खरीदारी करने आए थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य पांच घायल हुए हैं। उन्होंने आगे बताया कि घटना की जानकारी पाकर पुलिस और कानून प्रवर्तन बल मौके पर पहुंची।

घायलों और शवों को खुजदार टीचिंग अस्पताल में भेज दिया गया है। बम निरोधक दस्ते के अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि दोनों बम विस्फोट मोटरसाइकिल में आईईडी के जरिए किया गया था। ऐसा लग रहा है कि मोटरसाइकिल आईईडी को रिमोर्ट से कंट्रोल किया जा रहा था।

### प्रतिबंधित आतंकी संगठनों ने नहीं ली जिम्मेदारी

किसी भी प्रतिबंधित आतंकी संगठनों ने इन हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली है। लेकिन पिछले कुछ दिनों में प्रांत में आतंकवादी हमलों में वृद्धि देखी गई है। इस दौरान प्रतिबंधित संगठनों ने कई बार सुरक्षाकर्मियों को निशाना बनाया है। प्रतिबंधित बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने हाल के हफ्तों में प्रांत में मार्च में तीन बड़े आतंकी हमले करने का दावा किया है।

## न्यूज ब्रीफ


### पिछले 10 महीनों ने गर्मी में बनाए नए रिकॉर्ड, सबसे गर्म माह रहा मार्च; जानें बढ़ते तापमान का कारण



**ब्रुसेल्स ।** दुनिया भर के देशों में पहले से ही अनियमित जलवायु घटनाएं देखी जा रही हैं। जैसे-जैसे ग्लोबल वार्मिंग में बढ़ोतरी हो रही है, इसके ऐतिहासिक रिकॉर्ड तोड़ने का खतरा मंडराने लगा है। दरअसल, यूरोपीय संघ की जलवायु परिवर्तन निगरानी सेवा का दावा है कि पिछले 10 महीनों में गर्मी ने वैश्विक स्तर पर नए-नए रिकॉर्ड बनाए हैं। हर महीने एक नया तापमान रिकॉर्ड बनाया गया है। वहीं, इस बार दुनिया ने सबसे गर्म मार्च का अनुभव किया। पिछले 10 माह ने तोड़े सभी रिकॉर्ड यूरोपीय संघ की कोपरनिकस जलवायु परिवर्तन सेवा (सी3एस) के अनुसार, पिछले 10 माह ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। ये दुनिया के सबसे गर्म महीने रहे हैं। इसके अलावा, मार्च के साथ समाप्त होने वाले 12 महीने भी सबसे गर्म दर्ज किए गए हैं। अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक वैश्विक औसत तापमान 1850-1900 पूर्व-औद्योगिक अवधि में औसत से 1.58 डिग्री सेल्सियस अधिक था। हमारी जलवायु तेजी से बदल रही सी3एस के उप निदेशक समान्था बर्गेस ने कहा, यह रिकॉर्ड सामान्य नहीं हैं। इसने हमें बहुत चिंतित किया है। महीने में और महीने के बाद इस तरह के रिकॉर्ड देखना वास्तव में हमें दिखाता है कि हमारी जलवायु तेजी से बदल रही है। 1850 के बाद से 2023 सबसे गर्म साल उन्होंने कहा कि 1940 से लेकर अबतक के आंकड़ों की जांच की गई। इससे पता चला की इतने वर्षों में इस साल का मार्च सबसे गर्म था। जबकि वैश्विक स्तर पर 1850 के बाद से 2023 सबसे गर्म साल था।

### हम इस पर कुछ नहीं कहेंगे, लेकिन..., विदेश में भारत के दुश्मनों की हत्याओं पर अमेरिका ने कही ये बात

**वॉशिंगटन ।** हाल के समय में विदेशी धरती पर भारत के कई दुश्मनों की हत्याएं हुई हैं। पाकिस्तान में भी



भारत के दुश्मनों की हत्याएं हुई हैं। पाकिस्तान ने इसका आरोप भारत पर लगाया है, लेकिन भारत ने इन आरोपों से साफ इनकार कर दिया। अब इसे लेकर अमेरिका ने बयान जारी किया है और दोनों देशों को बातचीत के जरिए समाधान ढूंढने की अपील की। अमेरिका ने कही ये बात अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर से प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पाकिस्तान के आरोपों को लेकर सवाल किया गया। इस पर मैथ्यू मिलर ने कहा कि इस मुद्दे पर हम मीडिया रिपोर्ट्स पर नजर बनाए हुए हैं। हम आरोपों पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। हम इस मामले में नहीं पड़ना चाहते, लेकिन हम दोनों पक्षों को बातचीत के जरिए समाधान खोजने के लिए प्रेरित करते हैं। ब्रिटिश मीडिया की कुछ रिपोर्ट्स में पाकिस्तान के आरोपों की खबर प्रकाशित की गई है। हालांकि भारत ने इन रिपोर्ट्स को भ्रामक और झूठा प्रोपेगैंडा फैलाने वाली खबर बताया है। इन रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ ने विदेशी धरती पर देश के दुश्मनों को निशाना बनाया। 2019 में हुए पुलवामा हमले के बाद से अब तक 20 ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें अज्ञात हमलावरों ने भारत के दुश्मनों को विदेशी धरती पर निशाना बनाया। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा- मोसाद, केजीबी से प्रेरणा ले रहा भारत मीडिया रिपोर्ट्स में कथित तौर पर भारत और पाकिस्तान के खुफिया अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि भारत सरकार विदेशी धरती पर रहने वाले आतंकवादियों की हत्या करा रही है।

### मोजांबिक द्वीप के पास क्षमता से अधिक भरी नाव पलटी; 97 लोगों की मौत, 12 को किया गया रेस्क्यू

**मापुटो ।** मोजांबिक के तट पर क्षमता से अधिक भरी एक नाव पटलने से 97 लोगों की मौत हो गई। यह घटना है। मोजांबिक के उत्तरी प्रांत नामपुला के प्रशासक सिल्विरो नौआइतो ने बताया कि नाव में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे मौजूद थे, जो उत्तरी लुंगा जिले से मोजांबिक द्वीप के पास जा रहे थे। हैजा की गलत सूचना पाकर भागने लगे लोग सिल्विरो नौआइतो ने बताया कि हैजा फैलने की गलत सूचना के कारण 130 यात्री स्वास्थ्य देखभाल के लिए दूसरे जगहों पर भाग रहे थे। उन्होंने बताया कि अबतक 12 लोगों को रेस्क्यू किया गया है और अन्य की तलाश जारी है। खराब मौसम के कारण नाव चलाने में परेशानी हो रही थी। 91 और सोमवार को छह शव बरामद किए गए। 40 शवों को या तो द्वीप पर या मुख्य भूमि पर ले जाया गया है। शवों को दफनाने का काम जारी है। जनवरी से ही मोजांबिक अपने उत्तरी क्षेत्र में हैजा को रोकने का प्रयास कर रहा है। स्वास्थ्य संकट ने पड़ोसी देशों जैसे जांबिया और मलावी को भी प्रभावित किया है।

# इजराइली सेना लौटी पर बदल गया गाजा का हाल, खान यूनिस की तरफ लौटने वाले फलस्तीनियों को दिखे मलबे के ढेर

**तेल अवीव, 09 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

इजराइली सेना द्वारा क्षेत्र से सैनिकों को वापस बुलाने की घोषणा के एक दिन बाद बड़ी संख्या में फलस्तीनी नागरिक दक्षिणी गाजा शहर खान यूनिस में दाखिल हुए। कई लोगों ने तो अपने पुराने गृहनगर को पहचाना तक नहीं, क्योंकि यहां सैकड़ों इमारतें टूट चुकी थीं, कई जगह मलबे के ढेर थे और सड़कों पर बुलडोजर चला दिया गया तथा इजराइली सेना ने स्कूलों-अस्पतालों को तोड़ दिया। इजराइली सैनिकों के हटने के बाद दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर में लौटते हुए लोगों ने कहा, अब हमारे पास कोई शहर नहीं है, सिर्फ केवल मलबा है, और कुछ भी नहीं बचा है। कई लोग सड़कों से गुजरते हुए रोते हुए भी देखे गए। जैसे ही इजराइली सेना ने कहा कि उसके सैनिक पीछे हट रहे हैं, वैसे ही तबाह हुए खान यूनिस के निवासी यह देखने के लिए लौट रहे थे कि उनके घरों में क्या बचा है। 7 अक्तूबर से पहले खान यूनिस और उसके आसपास लगभग चार लाख की आबादी थी। जबकि अब इजराइल-हमास संघर्ष के बाद अधिकांश क्षेत्र अब खंडहर में तब्दील हो चुका है। लोग गधा गाड़ियों, साइकिलों और पिकअप ट्रक पर सवार होकर गाजा पट्टी के दक्षिण में राफा से उत्तर की ओर जा रहे हैं, जहां लाखों फलस्तीनियों ने शरण ली हुई थी। इजराइल समझौते को तैयार, सरेंडर नहीं होगा : नेतन्याहू इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल गाजा से युद्ध में जीत से एक कदम दूर है। हमारा संकल्प सभी बंधकों के मुक्त न होने तक युद्धविराम न करने का है। उन्होंने यह बात एक कैबिनेट बैठक के दौरान कही। नेतन्याहू ने कहा, हम जीत से एक कदम दूर हैं, लेकिन हमने जो कीमत चुकाई है वह दर्दनाक और हृदय विदारक है। काहिरा में मध्यस्थों के साथ सकारात्मक वार्ता के बीच नेतन्याहू ने कहा, बंधकों की वापसी के बिना कोई युद्धविराम नहीं होगा। उन्होंने जोर दिया कि इजराइल समझौते के लिए तैयार है, लेकिन आत्मसमर्पण करने के लिए नहीं। राफा को खाली करने में लगेंगे कई महीने स्थानीय प्रसारक 'चैनल 13 टीवी' ने बताया कि इजराइल राफा को खाली कराने की तैयारी कर रहा है और इस प्रक्रिया में कई माह लग सकते हैं। इजराइल राफा के आसपास जमीनी हमले की बात कई हफ्तों से कह रहा है। वहां 14 लाख आबादी है। लेकिन इन हमलों



### हमास के हमले में बचे इजराइली शख्स ने जताया भारत का आभार, कहा- दोनों देश सच्चे दोस्त

**यरुशलम ।** हमास और इजराइल के बीच कई माह से युद्ध जारी है। इसे रुकवाने के लिए हर कोई कोशिश कर रहा है, लेकिन फिर भी जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। इस बीच, सात अक्तूबर के हमले में जिंदा बचे मोरान नाम के शख्स ने भारत और उसके लोगों की तारीफ की है। दरअसल, उसने चुनौतीपूर्ण समय में भारत द्वारा समर्थन दिए जाने के लिए सराहना की है। भारत इजराइल का सच्चा दोस्त मोरन ने कहा, सात अक्तूबर से पहले और उसके बाद भी मैं भारतीय समर्थन को लगातार देख रहा हूं। इस समर्थन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूरे मीडिया को धन्यवाद। हम जानते हैं कि भारत इजराइल का सच्चा दोस्त है। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि यह सिर्फ भारत सरकार नहीं है। भारत के लोगों का भी धन्यवाद, जो हमेशा से हमारे अच्छे दोस्त रहे हैं और बने रहेंगे। हमारी आवाज हर जगह नहीं हो सकती इजराइल का वैश्विक स्तर पर पक्ष रखने में भारत की मुख्य भूमिका को स्वीकारते हुए मोरान ने कहा कि हमारी आवाज हर जगह नहीं हो सकती। हम जानते हैं कि भारतीय लोग हमारी जरूरत की हर चीज का ध्यान रख रहे हैं। उन्होंने भारत के अटूट समर्थन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि सरकार के साथ लोगों का भी बहुत-बहुत धन्यवाद। आतंकवाद के खिलाफ मजबूत रहा भारत भारत में इजराइल के राजदूत नाओर गिलोन का कहना है कि भारत काफी पहले से ही आतंकवाद के खिलाफ मजबूत रहा है। उन्होंने कहा कि सात अक्तूबर को हमास द्वारा हमला किए जाने के बाद से इजराइल भारत सरकार के समर्थन की सराहना करता रहा है। इससे कुछ महीने पहले भी गिलोन ने कहा था कि हमास से संघर्ष के बीच इजराइल को भारतीय लोगों से अविश्वसनीय समर्थन मिला है। सात अक्तूबर को हमास ने किया था हमला बता दें, इजराइल और हमास के बीच युद्ध लगातार जारी है। हर तरफ चीख-पुकार मची हुई है। सात अक्तूबर से लेकर अब तक 30 हजार से अधिक लोगों की इस संघर्ष में मौत हो चुकी है। वहीं, हमास के बाद इजराइली सेना भी कार्रवाई करते हुए बिना रुके हमले कर रही है। इजराइल ने गाजा में जमीन, हवाई, समुद्र समेत सभी यात्राओं पर प्रतिबंध लगा दिया था।

# अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत, बीते महीने लापता हुए मोहम्मद अब्दुल अरफात का शव मिला




**वॉशिंगटन, 09 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत का मामला सामने आया है। दरअसल बीते महीने लापता हुए भारतीय छात्र मोहम्मद अब्दुल अरफात का शव मिला है। मोहम्मद अब्दुल अरफात का शव अमेरिका के क्लीवलैंड से बरामद हुआ है। एक हफ्ते में यह दूसरी घटना है, जब किसी भारतीय छात्र की अमेरिका में मौत हुई है। मोहम्मद अब्दुल अरफात भारत के हैदराबाद के नचारम का निवासी था और वह बीते साल मई में क्लीवलैंड यूनिवर्सिटी से आईटी में मास्टर्स की पढ़ाई करने अमेरिका आया था।

### परिवार से आखिरी बार 7 मार्च को हुई थी बात

अरफात के पिता मोहम्मद सलीम ने बताया कि अरफात से उनकी आखिरी बार 7 मार्च को बात हुई थी, उसके बाद से परिवार के साथ उसका कोई संपर्क नहीं था। उसका मोबाइल फोन भी बंद था। अरफात के साथ रह रहे युवक ने अरफात के पिता को बताया था कि उन्होंने पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। 19 मार्च को अरफात के परिवार को एक अज्ञात कॉल आया, जिसमें कहा गया कि अरफात का ड्रग्स बेचने वाले गैंग ने अपहरण कर लिया है और उन्होंने उसे छोड़ने के एवज में 1200 अमेरिकी डॉलर की मांग की। अरफात के पिता ने बताया कि कॉल करने वाले व्यक्ति ने धमकी दी थी कि अगर फिरौती की रकम नहीं दी गई तो वे अरफात की किडनी बेच देंगे। मोहम्मद सलीम ने बताया कि जब हमने कॉलर से यह पूछा कि भुगतान कैसे करें तो उन्होंने इसके बारे में जानकारी नहीं दी। जब हमने अपने बेटे से बात कराने की मांग की तो उन्होंने इनकार कर दिया। अब अरफात का शव मिलने से उसके परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बीते हफ्ते भी ओहियो में भारतीय छात्र उमा सत्य साईं गड्डे की भी मौत हुई थी, जिसकी जांच चल रही है।

### महावाणिज्य दूतावास ने पीड़ित परिवार के प्रति जताई संवेदना

न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर मोहम्मद अरफात की मौत पर दुख जताया। महावाणिज्य दूतावास ने लिखा कि इस बात से बेहद व्यथित हैं कि मोहम्मद अब्दुल अरफात, जिन्हें तलाशा जा रहा था, वह क्लीवलैंड ओहियो में मृत मिले हैं। अरफात के परिवार के प्रति संवेदनाएं।

# 40 बंधक अब जिंदा नहीं हैं, रिहाई को लेकर अमेरिका ने दबाव बनाया तो हमास की खुली पोल

**वॉशिंगटन, 09 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

संयुक्त राष्ट्र अमेरिका की केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए) ने गाजा में 40 बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए इजराइल और हमास के बीच समझौते को आगे बढ़ाने का प्रस्ताव दिया था। इस प्रस्ताव के दो दिन बाद ही हमास ने बताया कि जिन 40 बंधकों की रिहाई की बात की जा रही है, वे अब जिंदा नहीं है। हमास ने मध्यस्थों से यह भी बताया कि उनके पास काफी कम बंधक हैं। हालांकि, उनकी तरफ से बंधकों की संख्या अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है। अमेरिका ने रखा समझौता प्रस्ताव हमास ने बताया कि बंधकों में जिंदा नहीं रहने वालों में महिलाएं, बच्चे और बीमार शामिल हैं। अमेरिका पिछले छह सप्ताह से बंधकों की रिहाई के लिए हमास के साथ समझौते का प्रस्ताव रख रहा था। इस बीच सीआईए निदेशक बिल बर्न्स ने काहिरा में इजराइल के मोसाद के प्रमुख, कतर के प्रधानमंत्री और मिस्र के जासूस प्रमुख से मुलाकात की थी। इस दौरान हमास प्रतिनिधिमंडल भी कहिरा में मौजूद था, उसने



मिस्र और कतार के मध्यस्थों से अलग-अलग बैठक की। उसने बताया कि इस प्रस्ताव में कम से कम 700 फलस्तीनी कैदियों की रिहाई भी शामिल होगी, जिनमे से 100 से अधिक कैदी इस्राइलियों की हत्या के लिए आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। हमास ने खारिज किया प्रस्ताव हमास के एक अधिकारी ने कहा कि ग्रुप (हमास) ने काहिरा में हुए बैठक में इजराइली युद्धविराम प्रस्ताव को खारिज कर दिया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हमास ने मंगलवार को कहा कि मध्यस्थ के तौर पर कतार और मिस्र से प्राप्त इजराइल का प्रस्ताव फलस्तीन के किसी भी मांग को पूरा नहीं कर रहा है।

# सेना प्रमुख ने ईद से पहले दिखाई दरियादिली, नौ मई को हुई हिंसा में गिरफ्तार 20 लोगों को किया रिहा

**इस्लामाबाद, 09 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

बीते साल नौ मई को हुई हिंसा के मामले में एक नया मोड़ आया है। दरअसल, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान की गिरफ्तारी के बाद भड़की हिंसा में शामिल कई लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया था। इन लोगों को सैन्य अदालतों ने सजा दी थी। हालांकि अब ईद को देखते हुए कम से कम 20 लोगों को रिहा कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर द्वारा माफ किए जाने के बाद इन लोगों को छोड़ा गया है। इंट्रा-कोर्ट अपील (आईसीए) के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रही थी। छह सदस्यीय पीठ में न्यायमूर्ति अमीनुद्दीन खान, न्यायमूर्ति मुहम्मद अली मजहर, न्यायमूर्ति सयैद हजहर हसन रिजवी, न्यायमूर्ति शाहीद वाहिद, न्यायमूर्ति मुसरत हिलाली और न्यायमूर्ति इरफान सादत खान शामिल थे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इन कैदियों को रिहा किया है। 28 मार्च को दिया था आदेश पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख खान को गिरफ्तार करने के बाद हिंसा भड़क गई थी। इस



दौरान सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमलों में कथित शामिल कई लोगों को गिरफ्तार किया था। अब 103 नागरिकों से जुड़े मुकदमे में नया फैसला आया है। 28 मार्च को हुई पिछली सुनवाई के दौरान, अदालत ने सैन्य अधिकारियों को सशर्त रूप से संदिग्धों के फैसले की घोषणा करने की अनुमति दी थी, जिन्हें ईद त्योहार से पहले रिहा किया जा सकता था। इसलिए किया रिहा अब सुप्रीम कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत रिपोर्ट में कहा गया है कि उसके 28 मार्च के निर्देशों के अनुपालन में, सैन्य अदालतों को मुकदमे को फिर से शुरू करने की अनुमति दी गई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि 20 लोगों को एक साल की सजा सुनाई गई थी, जिनमें से 17 ने साढ़े 10 महीने और तीन व्यक्तियों ने साढ़े नौ महीने की सेवा की थी। चूंकि उनमें से अधिकांश ने लगभग 10 महीने जेल में बिताए थे, इसलिए सेना प्रमुख ने शेष अवधि माफ कर दी थी। इनमें से चार खैबर पख्तूनख्वा के हैं जबकि अन्य 16 पंजाब के हैं। उन्हें छह और सात अप्रैल को अपने-अपने प्रांतों में रिहा कर दिया गया था।

### क्या हुआ था नौ मई को

दरअसल, 9 मई, 2023 को भ्रष्टाचार एक मामले में इमरान खान को गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद देश भर में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। खान को अल-कादिर ट्रस्ट मामले में भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी ने इस्लामाबाद हाईकोर्ट से गिरफ्तार किया था। अधिकारियों का आरोप है कि खान और उनकी पत्नी ने एक चैरिटेबल ट्रस्ट के जरिए एक रियल एस्टेट कारोबारी से रिश्वत के रूप में लाखों डॉलर की जमीन हासिल की।

# दादा से मिलने का कहकर पहुंचा घर, फिर मां को चाकू मारकर उतारा मौत के घाट

**वॉशिंगटन, 09 अप्रैल (एजेंसियां) ।**


अमेरिका से एक दिल दहलाने वाली खबर सामने आई है। यहां 21 साल के एक मेडिकल छात्र पर आरोप है कि उसने अपनी मां की चाकू मारकर हत्या कर दी। इस मामले में एक नई जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि वह अपनी मां से परेशान था, इसलिए उसने उसे मौत के घाट उतार दिया।


### यह बनाई योजना

पोल्क काउंटी शेरिफ के ग्रैडी जुड ने बताया कि फ्लोरिडा के प्री-मेड छात्र इमैनुएल मैनी एस्पिनोजा ने अपनी मां एल्विया एस्पिनोजा से कहा कि वह दादा से मिलना चाहता है। इस पर एस्पिनोजा ने उसे घर पर आने के लिए कहा। मैनी दोपहर करीब दो बजे अपनी मां के घर पहुंचा।

### सीसीटीवी फुटेज जारी

अधिकारी ने एक सीसीटीवी फुटेज जारी किया है, जिसमें देखा जा सकता है कि हमले से थोड़ी देर पहले ही छात्र ने घर में प्रवेश किया था। उन्होंने आगे कहा कि घटना की गंभीरता





को देखते हुए ऑडियो रिकॉर्डिंग जारी नहीं कर रहे हैं। हालांकि, महिला को बार-बार मैनी कहते सुना जा सकता है। जबकि छात्र ने इस बारे में कुछ नहीं कहा है।

### कई वार किया हमला

अधिकारी ने बताया कि जब मैनी दरवाजे पर पहुंचा तो वो नो चर्च इन द वाइल्ड गाना सुन रहा था। वहीं दूसरी ओर उसकी मां अपने बेटे को देखने के लिए उत्साहित थी। जैसे ही एस्पिनोजा ने दरवाजा खोला तो उसने उन पर चाकू से हमला करना शुरू कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि जीव विज्ञान कक्षाओं के कारण छात्र अच्छी तरह से जानता था कि चाकू किस जगह पर मारना चाहिए।

जांच से सामने आया कि महिला पर कई बार चाकू से वार किया। यहां तक की जब एल्विया एस्पिनोजा खुद को बचाने की कोशिश कर रही थी तब भी छात्र हमला करता रहा। अधिकारी ने कहा कि मैनी ने जब देखा की एल्विया अभी जिंदा है तो उसने उस पर और वार कर दिए।

### छात्र ने कबूला अपराध

अधिकारी ने कहा कि छात्र ने कबूल किया है कि मां को चाकू मारते समय उसके हाथ पर भी चोट लग गई थी। उसने रसोई के सिंक में चोट को साफ किया। वह अपनी मां से नियोस्पोरिन के लिए पूछना चाहता था, लेकिन उसने देखा कि वह मर चुकी थी।

शेरिफ जुड ने पुष्टि की कि मैनी एस्पिनोजा ने घटना के तुरंत बाद आपातकालीन सेवाओं से संपर्क किया। कॉल की एक रिकॉर्डिंग प्रेस को प्रस्तुत की गई, जहां एस्पिनोजा ने कथित तौर पर अपनी मां की मौत में शामिल होने की बात स्वीकार की।

अधिकारी ने कहा, मैं यह समझाना चाहता हूं कि वह एक अच्छी मां थी। मैं चाहता हूं कि आप समझें कि उसे अपनी उपलब्धियों पर बहुत गर्व था। साथ ही यह भी बताना चाहता हूं कि छात्र ने अपनी मां की क्रूरतापूर्वक हत्या कर दी और इस बात को स्वीकारा भी है।

### सालों से मारना चाहता

शेरिफ जुड ने कहा कि जांचकर्ताओं ने पूछताछ के दौरान संदिग्ध के उद्देश्यों को समझने की कोशिश की। उन्होंने कहा, जब मैनी से पूछा कि क्या वह अपनी मां से प्यार करता है तो उसने कहा कि हां, वह उनसे प्यार करता हैं।

जब उससे यह पूछा कि क्या वह सब साथ हैं तो उसने कहा कि हां। साथ ही उसने यह भी कहा कि वह उन्हें सालों से मारना चाहता था और जब उसे गेन्सविले जाने का मौका मिला तो उसने उन्हें मारने का मन बना लिया।

# मौसम बिगड़ने की भविष्यवाणी के बीच होगी मोदी की रैलियां

## 12 और कांग्रेस 13 को उधमपुर में रैलियों का होगा आयोजन

**जम्मू, 09 अप्रैल (ब्यूरो)।**

मौसम विभाग ने कल से प्रदेश में मौसम के बिगड़ने की भविष्यवाणी की है पर इसके बावजूद राजनीतिक उत्साह कम नहीं है। यही कारण है कि अगर उधमपुर-डोडा संसदीय सीट पर कांग्रेस पार्टी के अभियान को बढ़ावा देने के लिए, जम्मू कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) उधमपुर में 13 अप्रैल को एक रैली को संबोधित करने के लिए स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी को लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जम्मू कश्मीर इकाई को इस साल 12 अप्रैल को उधमपुर में होने वाली प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में दो लाख से अधिक लोगों के आने की उम्मीद है। इस साल यह प्रधानमंत्री की तीसरी सार्वजनिक रैली होगी।



कांग्रेस पार्टी सीट जीतने की संभावनाओं को आगे बढ़ाने के लिए 13 अप्रैल को उधमपुर में एक रैली करेगी। 12 अप्रैल को उधमपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली के एक दिन बाद, कांग्रेस पार्टी लोगों को अपने पक्ष में करने के लिए शहर में रैली आयोजित करेगी। पीसीसी अध्यक्ष विकार रसूल वानी ने बताया कि हम 13 अप्रैल को उधमपुर में एक रैली करेंगे, जहां पीसीसी नेताओं के अलावा कुछ स्टार प्रचारक मेगा इवेंट को संबोधित करने के लिए शहर में होंगे।

विकार रसूल वानी ने पुष्टि की कि उधमपुर-डोडा संसदीय सीट पर मुकाबला कड़ा हो गया है क्योंकि दोनों राष्ट्रीय पार्टियां इस सीट को जीतने के लिए पुरजोर कोशिश कर रही हैं। मौजूदा सांसद और प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डा जितेंद्र सिंह वोट मांगने के लिए हर क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं और उन्हें प्रधानमंत्री मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सेवाएं भी मिल रही हैं। दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार चौधरी लाल सिंह भी निर्वाचन क्षेत्र के कोने-कोने में लोगों तक पहुंच रहे हैं और अगर प्रियंका गांधी आने के लिए सहमत होती हैं, तो इससे उनकी जीत की संभावना और बढ़ जाएगी।

इस बीच हालांकि गृह मंत्री अमित शाह के साथ जम्मू में 9 अप्रैल को होने वाली बहुप्रतीक्षित बैठक स्थगित कर दी गई है। पर राजनीतिक व्यस्तताएं जारी हैं क्योंकि 15 अप्रैल को बसोहली, कठुआ में एक सभा की व्यवस्था की गई है, जो रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रतिनिधित्व वाले उधमपुर संसदीय क्षेत्र से संबंधित चर्चाओं पर केंद्रित होगी। राजनीतिक सरगर्मी बढ़ाते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 अप्रैल को उधमपुर में एक रैली को संबोधित करने वाले हैं।

राज्य पार्टी अध्यक्ष रवींद्र रैना ने बताया क कि प्रधानमंत्री की रैली में दो लाख से अधिक लोगों के आने की उम्मीद है। इतनी बड़ी सभा से उत्पन्न होने वाली तार्किक चुनौतियों को स्वीकार करते हुए, पानी की आपूर्ति, शौचालय सुविधाओं और पार्किंग व्यवस्था जैसी आवश्यक सुविधाओं को संबोधित करने के लिए सावधानीपूर्वक योजना बनाई जा रही है।

## हेमा मालिनी पर टिप्पणी: सुरजेवाला को नोटिस



**नई दिल्ली, 09 अप्रैल (एजेंसियां)।**

चुनाव आयोग ने भाजपा नेता हेमा मालिनी के खिलाफ टिप्पणी के लिए कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला को नोटिस जारी किया। आयोग ने उन्हें 11 अप्रैल को शाम पांच बजे तक जवाब देने को कहा है। ईसी ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की, ताकि सियासी नेताओं और पदाधिकारियों द्वारा महिलाओं के प्रति सम्मानजनक सार्वजनिक चर्चा सुनिश्चित की जा सके।

आयोग ने कहा कि चुनाव प्रचार को महिलाओं के अपमान का मंच नहीं बनने दिया जा सकता। कांग्रेस अध्यक्ष सभी पार्टी नेताओं द्वारा सार्वजनिक सभा के दौरान महिलाओं के सम्मान और गरिमा को बाए रखने के लिए आयोग की सलाह का कड़ी से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए पार्टी द्वारा उठाए गए कदमों पर जवाब देंगे।

### ऑनलाइन गेमिंग के जरिए 4978 करोड़ ठगने वाला गिरफ्तार

## ईडी ने साइबर जालसाज पुनीत माहेश्वरी को पकड़ा




**नई दिल्ली, 09 अप्रैल (एजेंसियां)।**

ऑनलाइन गेमिंग के जरिए देशभर में साइबर ठगी करने वाले साइबर जालसाज पुनीत कुमार उर्फ पुनीत माहेश्वरी को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया गया है। मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उसे दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 से उस वक्त गिरफ्तार किया जब वो नेपाल से लौट रहा था। पुनीत माहेश्वरी ने 2020 से 2024 की अवधि में पूरे भारत में ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर 4978 करोड़ रुपए की ठगी की थी।

दिल्ली के मोती नगर का रहने वाला पुनीत साइबर क्राइम करने वाले सिंडिकेट के मुख्य सरगनाओं में से एक है। ईडी के मुताबिक, आरोपी ने ठगी से कमाए हुए पैसों को विदेश भेज दिया था।

### जम्मू-कश्मीर लोकसभा चुनाव

## दिग्गजों को भी करना पड़ा है हार का सामना

**सुरेश एस डुग्गर**
**जम्मू, 09 अप्रैल।**

अगर यह कहा जाए कि जम्मू कश्मीर का राजनीतिक परिदृश्य किसी भी दिग्गज के लिए जीत की राह आसान नहीं बनाता है तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। सच है कि जम्मू कश्मीर की राजनीति के परिदृश्य में, प्रसिद्ध नेताओं को भी कई बार हार का सामना करना पड़ा है। डॉ. फारूक अब्दुल्ला से लेकर मुफ्ती मोहम्मद सईद तक, कई प्रमुख हस्तियों ने चुनावी असफलताओं का अनुभव किया है, जिन्होंने पिछले कुछ वर्षों में राजनीतिक कथानक को आकार दिया है।

परंपरागत रूप से नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने कश्मीर घाटी में प्रभाव कायम किया है, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस ने जम्मू क्षेत्र में दबदबा बनाए रखा है। एक उल्लेखनीय उदाहरण में, नेकां नेता डॉ. फारूक अब्दुल्ला को 2014 के लोकसभा चुनावों के दौरान पीडीपी के तारिक हमीद कर्रा के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। कर्रा ने 50.58 प्रतिशत वोटों के साथ जीत हासिल की, जो फारूक अब्दुल्ला के 37.04 प्रतिशत से बेहतर थे। हालांकि, कर्रा के पीडीपी से अलग होने के बाद 2017 में हुए उपचुनाव में फारूक अब्दुल्ला ने अपनी सीट दोबारा हासिल कर ली थी।

इसी तरह, पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती, जिन्होंने 2004 और 2014 में अनंतनाग सीट हासिल की थी, को 2019 में हार का सामना करना पड़ा जब नेकां के हसनैन मसूदी विजयी हुए। मुफ्ती मोहम्मद सईद 1998 में अनंतनाग सीट हासिल करने में सफल रहे थे, लेकिन इसके बाद 1999 के चुनावों में उन्हें नेकां के अली मोहम्मद नायक के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।




यहां तक कि भारतीय जनता पार्टी के दिग्गजों को भी चुनावी झटके का सामना करना पड़ा। एक प्रमुख भाजपा नेता चमनलाल गुप्ता उधमपुर सीट पर 2004 के चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार चौधरी लाल सिंह से हार गए थे। 2014 में कांग्रेस के दिग्गज नेता गुलाम नबी आजाद को इसी सीट पर भाजपा के डॉ. जितेंद्र सिंह के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। डॉ. जितेंद्र सिंह की जीत 2019 में और मजबूत हो गई जब उन्होंने उधमपुर सीट पर शाही परिवार के विक्रमादित्य सिंह पर जीत हासिल की। ये चुनावी नतीजे इस क्षेत्र में राजनीतिक भाग्य के उतार-चढ़ाव का संकेत देते हैं, जिसमें सत्ताधारी और चुनौती देने वाले एक जटिल चुनावी परिदृश्य की ओर बढ़ रहे हैं।

उधमपुर, अनंतनाग और श्रीनगर संसदीय सीटों में पिछले कुछ वर्षों में महत्वपूर्ण राजनीतिक उथल-पुथल देखी गई है, जो मतदाताओं की विविध और विकसित होती राजनीतिक प्राथमिकताओं को दर्शाती है। जैसे-जैसे यह क्षेत्र भविष्य के चुनावों के लिए तैयार हो रहा है, इन चुनावी लड़ाइयों की विरासत जम्मू कश्मीर की राजनीतिक कहानी की रूपरेखा को आकार देती जा रही है।


### पाकिस्तान बनाने वालों के साथ कांग्रेस का गठबंधन

# कांग्रेसी घोषणा-पत्र पर मुस्लिम लीग की छाप

**नई दिल्ली, 09 अप्रैल (एजेंसियां)।**

देश में इस समय चुनावी माहौल है। 19 अप्रैल से लेकर 1 जून तक सात चरणों में लोकसभा के चुनाव होने हैं। देशभर में 19 अप्रैल से लेकर 1 जून तक सात चरणों में लोकसभा के चुनाव होने हैं। पहले और दूसरे चरण के नामांकन की प्रक्रिया समाप्त हो गई है। पार्टियां भी अपने उम्मीदवारों के चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं।

इस बीच देश की कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए घोषणा-पत्र जारी किया। इसमें किए गए कुछ वादों को लेकर भाजपा कांग्रेस के खिलाफ हमलावर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा तक ने कहा है कि कांग्रेस के घोषणा-पत्र में मुस्लिम लीग की छाप दिखती है। मेरठ की रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में मुस्लिम लीग की छाप है। जो चीजें बच गई थीं उसमें वामपंथी हावी हो गए। इसके बाद अलग-अलग राज्यों में हुई चुनावी रैलियों में भी प्रधानमंत्री ने यह मुद्दा उठाया। कांग्रेस ने उन बयानों पर आपत्ति जताते हुए चुनाव आयोग का रुख किया है। इस तरह इस लोकसभा चुनाव में मुस्लिम लीग का मुद्दा गरमा गया है।




भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, कांग्रेस ने अपने घोषणा-पत्र में स्पेशल कानून बने रहने की वकालत की है, तो क्या कांग्रेस तीन तलाक कानून को समाप्त कर इस कुरीति को पुनर्स्थापित करने वाली सोच रखती है? कांग्रेस वही वादे कर रही है जिनकी मांग मुस्लिम लीग ने की थी। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि आज कांग्रेस उसी मुस्लिम लीग के साथ गठबंधन में है, जो आजादी से पहले मोहम्मद अली जिन्ना की थी। जो भाव मुस्लिम लीग का था, वही भाव आज कांग्रेस का है।

ऑल इंडिया मुस्लिम लीग की स्थापना 30 दिसंबर, 1906 को हुई थी। तब अविभाजित भारत के कई मुस्लिम नेता ढाका में इकट्ठे हुए और कांग्रेस से अलग मुस्लिमों के लिए ऑल इंडिया मुस्लिम लीग बनाने का फैसला किया। 1930 में, ऑल इंडिया मुस्लिम लीग के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए अल्लामा इकबाल ने राजनीतिक और आर्थिक समस्याओं को हल करने के मकसद से दक्षिण एशिया के वंचित मुसलमानों के लिए एक अलग देश का विचार प्रस्तुत किया। 23 मार्च, 1940 को मोहम्मद अली जिन्ना के नेतृत्व में ऑल इंडिया मुस्लिम लीग ने लाहौर में एक अधिवेशन बुलाया। इस दौरान जिन्ना ने एक स्वतंत्र देश की स्थापना के लिए संघर्ष करने का संकल्प लेते हुए पाकिस्तान प्रस्ताव को अपनाया। सात साल बाद आजादी के साथ ही बंटवारा हो गया और 14 अगस्त, 1947 को दुनिया के नक्शे पर पाकिस्तान दिखाई दिया। इसके बाद, ऑल इंडिया मुस्लिम लीग पाकिस्तान मुस्लिम लीग बन गई।

भारत की आजादी के बाद मार्च 1948 में मद्रास (अब चेन्नई) में इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) की स्थापना हुई। 1952 से ही इस दल के नेता भारतीय चुनावी राजनीति का हिस्सा हैं। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग का केरल में काफी प्रभाव है। यह पार्टी राज्य के विपक्षी गठबंधन यूडीएफ (यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट) की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी है। इस गठबंधन का नेतृत्व कांग्रेस कर रही है। गठबंधन की पारंपरिक सहयोगी है।

पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी गठबंधन का एक भी हिस्सा है। लीग के नेता ई. अहमद को पहली बार 2004 में केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री का पद भी मिला था। पार्टी के वर्तमान में चार सांसद हैं पीके कुन्हालीकुट्टी, ईटी मोहम्मद बशीर और के. नवस कनी निचले सदन लोकसभा में और पीवी अब्दुल वहाब उच्च सदन राज्यसभा में। विधानसभाओं में इसके प्रतिनिधित्व की बात करें तो केरल और तमिलनाडु में आईयूएमएल के कुल 19 सदस्य हैं।

1947 में जब पाकिस्तान बना तो मुस्लिम लीग का वह धड़ा जो अलग राष्ट्र की मांग कर रहा था, पाकिस्तान चला गया। इसी मुस्लिम लीग में कुछ ऐसे नेता भी थे, जो पाकिस्तान नहीं गए। ये लोग खासतौर पर वे थे, जो दक्षिण भारत के रहने वाले थे। पाकिस्तान बनने के बाद दिसंबर 1947 में मोहम्मद अली जिन्ना ने भारत में रहने का निर्णय करने वाले पार्टी नेताओं को अपने भविष्य का फैसला खुद करने के लिए कह दिया। इसके बाद दक्षिण के मुस्लिम नेताओं ने चेन्नई में बैठक बुलाई, जहां आईयूएमएल की नींव पड़ी।

भारतीय संसद में इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग का प्रतिनिधित्व 1952 में हुए देश के पहले आम चुनावों से ही था। सीएच मोहम्मद कोया के नेतृत्व में आईयूएमएल ने 1979 में केरल विधानसभा चुनाव जीता और राज्य में पहली बार सरकार बनाई थी। केरल विधानसभा में 1982 में इसकी सीटों की संख्या 14 थी, जो 2011 में बढ़कर 20 हो गई।

केरल की मुस्लिम लीग ने अपनी राजनीतिक विचारधारा के बारे में बताया है पार्टी मुस्लिम समुदाय और समाज के अन्य पिछड़े वर्गों को आगे बढ़ाने में मदद करना चाहती है। लीग यह भी दावा करती है कि भारत के संविधान को बरकरार रखते हुए, लीग यह सुनिश्चित करती है कि यह मुसलमानों की जिंदगी में शांति, समृद्धि और सम्मान प्राप्त करने के लिए अतीत और वर्तमान के बीच की खाई को पाट दे। लीग मुस्लिम पर्सनल लॉ की पक्षधर है। लीग का कहना है कि पर्सनल लॉ मुस्लिम समुदाय को व्यक्तिगत स्वतंत्रता की गारंटी देता है, जो मुख्य रूप से समुदाय के विकास के लिए आवश्यक है।

वहीं, पाकिस्तान मुस्लिम लीग के सिद्धांतों की बात करें तो यह अपने संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना के नीति के सिद्धांतों में विश्वास करती है। पाकिस्तान के संविधान के उद्देश्य संकल्प का हवाला देती है। यह आगे कहती है कि राष्ट्र (पाकिस्तान), लोगों के चुने हुए प्रतिनिधियों के माध्यम से अपनी शक्तियों और अधिकारों का प्रयोग करेगा, जिसमें इस्लाम द्वारा प्रतिपादित लोकतंत्र, स्वतंत्रता, समानता, सहिष्णुता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों का पूरी तरह से पालन किया जाएगा।

# आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

आर्थिक रुप से आज आप काफी मजबूत नजर आएंगे। आप दोस्तों के साथ बेहतरीन वक़्त बिताएंगे, लेकिन गाड़ी चलाते वक़्त ज़्यादा सावधानी बरतें। इस राशि के जातक खाली वक्त में आज किसी समस्या का समाधान निकालने की कोशिश कर सकते हैं। आप आराम करने में क़ामयाब नहीं हो पाएंगे, क्योंकि आपके कुछ तथाकथित दोस्त आपको आराम करने नहीं देंगे। आप दोस्ती की डोर मज़बूत करने में भी कर सकते हैं, इससे बाद में आपको फ़ायदा भी मिलेगा।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

अचानक नए स्रोतों से धन मिलेगा, जो आपके दिन को ख़ुशनुमा बना देगा। पारिवारिक ज़िम्मेदारियों को न भूलें। छात्रों को सलाह दी जाती है कि यारी–दोस्ती के चक्कर में इन कीमती पलों को खराब न करें। यार दोस्त आने वाले वक्त में भी मिल सकते हैं लेकिन पढ़ाई के लिए यही समय सबसे सही है। आज से पहले शादीशुदा ज़िन्दगी इतनी अच्छी कभी नहीं रही। आपकी कमियां आपको अच्छी तरह से पता हैं आपको जरुरत है उन कमियों को दूर करने की।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह**

बहुत ज़्यादा चिंता करना मानसिक शांति को बर्बाद कर सकता है। इससे बचें, क्योंकि ज़रा–सी चिंता और मानसिक तनव भी शरीर पर ख़राब असर डालते हैं। आप पैसा बना सकते हैं, बशर्ते आप अपनी जमा–पूंजी पारम्परिक तौर पर निवेश करें। मुमकिन है कि परिवार वाले आपकी उम्मीदों को पूरा न कर सकें। इस बात कि इच्छा न करें कि वे आपके मुताबिक़ काम करेंगे, बल्कि अपने काम करने का तरीक़ा बदलकर पहल करे।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आज आपको धन लाभ होने की पूरी संभावना है क्योंकि आपके द्वारा दिया गया धन आज आपको वापस मिल सकता है। जिन्हें आप चाहते हैं, उनके साथ उपहारों का लेन–देन करने के लिए अच्छा दिन है। वक्त से हर काम को पूरा करना ठीक होता है अगर आप ऐसा करते हैं तो आप अपने लिए भी वक्त निकाल पाते हैं। अगर आप हर काम को कल पर टालते हैं तो अपने लिए आप कभी समय नहीं निकाल पाएंगे। इसलिए एक–दूसरे का ख़याल रखें। इस सप्ताहांत में आप काफ़ी–कुछ करना चाहेंगे।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

रियल एस्टेट सम्बन्धी निवेश आपको अच्छा–ख़ासा मुनाफ़ा देंगे। कुछ लोग आपकी झुंझुलाहट की वजह बन सकते हैं, उन्हें नज़रअंदाज़ करें। आप साथ में कहीं घूमने–फिरने जाकर अपने प्रेम–जीवन में नयी ऊर्जा का संचार कर सकते हैं। आज आप ऑफिस से घर वापस आकर अपना पसंदीदा काम कर सकते हैं। इससे आपके मन को शांति मिलेगी। वैवाहिक जीवन को अधिक सुखमय बनाने के आपके प्रयास उम्मीद से ज़्यादा रंग लाएंगे। अपने जीवनसाथी या दोस्तों के खाली समय बीता सकते हैं।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

बहुत ज़्यादा मानसिक दबाव और थकान परेशानी की वजह बन सकता है। सेहत को ठीक बनाए रखने के लिए पर्याप्त आराम करें। रुका हुआ धन मिलेगा और आर्थिक हालात में सुधार आएगा। सावधान रहें, क्योंकि कोई आपकी छवि धूमिल करने की कोशिश कर सकता है। उन चीजों को दोहराना जिनका अब आपके जीवन में कोई महत्व नहीं है, आपके लिए ठीक नहीं है। ऐसा करके आप अपना वक्त ही बर्बाद करेंगे और कुछ नहीं। जीवनसाथी का स्वास्थ्य कुछ गड़बड़ हो सकता है।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

आपका प्रबल आत्मविश्वास और आज के दिन का आसान कामकाज मिलकर आपको आराम के लिए काफ़ी वक़्त देंगे। पैसे की अहमियत को आप अच्छे से जानते हैं इसलिए आज के दिन आपके द्वारा बचाया गया धन आपके बहुत काम आ सकता है और आप किसी बड़ी मुश्किल से निकल सकते हैं। घरेलू मामलों और काफ़ी समय से लंबित घर के काम–काज के हिसाब से अच्छा दिन है। अगर आप अपनी चीज़ों का ध्यान नहीं रखेंगे, तो उनके खोने या चोरी होने की संभावना है। आज आपके पास इसके लिए पर्याप्त समय होगा।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

दिन बहुत लाभदायक नहीं है– इसलिए अपनी जेब पर नज़र रखें और ज़रूरत से ज़्यादा ख़र्चा न करें। अगर आपके मन में तनाव है तो किसी नज़दीकी रिश्तेदार या दोस्त से बात करें, इससे आपके दिल का बोझ हल्का हो जाएगा। आपको ऐसी जगहों से महत्वपूर्ण बुलावा आएगा, जहाँ से आपने इसकी कभी कल्पना भी न की हो। जीवनसाथी की ओर से मिले तनाव के चलते सेहत पर बुरा असर पड़ना मुमकिन है। अपने अच्छे लेखन के साथ आज आप किसी अकल्पनीय उड़ान पर जा सकते हैं।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

सेहत अच्छी रहेगी। आज आपको किसी अज्ञात स्रोत से पैसा प्राप्त हो सकता है जिससे आपकी कई आर्थिक परेशानियां दूर हो जाएंगी। अगर आप पार्टी करने की सोच रहे हैं, तो अपने अपने अच्छे दोस्तों को बुलाएँ। ऐसे कई लोग होंगे, जो आपका उत्साह बढाएंगे, आज खाली वक्त्त किसी बेकार के काम में खराब हो सकता है। आप महसूस कर सकते हैं कि जीवनसाथी का प्यार सारे दुःख–दर्द भुला देता है। जिन्दगी आपके अनुसार तभी चल सकती है जब आप सही विचार और सही लोगों की संगति में रहें।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

गर्भवती महिलाओं के लिए बहुत अच्छा दिन नहीं है। चलते–फिरते समय ख़ासा ख़याल रखने की ज़रूरत है। रुका हुआ धन मिलेगा और आर्थिक हालात में सुधार आएगा। आपको अपनी एक–सी दिनचर्या से थोड़ी छुट्टी लेकर आज दोस्तों के साथ सैर–सपाटा करने की ज़रूरत है। अगर आप हुक़्म चलाने की कोशिश करेंगे, तो आपके और आपके प्रिय के बीच काफ़ी परेशानी खड़ी हो सकती है। आज आप नए विचारों से परिपूर्ण रहेंगे और आप जिन कामों को करने के लिए चुनेंगे, वे आपको उम्मीद से ज़्यादा फायदा देंगे।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

आज आप घर से बाहर बहुत सकारात्मकता के साथ निकलेंगे लेकिन किसी कीमती वस्तु के चोरी होने की वजह से आपका मूड खराब हो सकता है। आपकी पारिवारिक सदस्यों को क़ाबू में रखने और उनकी न सुनने प्रवृत्ति की वजह से बेवजह वादविवाद हो सकता है और आपको आलोचना का सामना भी करना पड़ सकता है। आपके घर वाले आज आपसे कई परेशानियां शेयर करेंगे लेकिन आप अपनी ही धुन में मस्त रहेंगे और खाली समय में कुछ ऐसा करेंगे जो करना आपको पसंद है। कोई प्रेरणादायी पुस्तक पढ़ना या फ़िल्म देखना आज के दिन बढ़िया रहेगा।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

शाम के समय थोड़ा आराम कीजिए। दिन चढ़ने पर वित्तीय तौर पर सुधार आएगा। अपनी बातों पर क़ाबू रखें, क्योंकि इसके चलते बड़े–बुज़ुर्ग आहत महसूस कर सकते हैं। बेकार की बातें करके समय बर्बाद करने से बेहतर है कि आप शांत रहें। याद रखें कि समझदार कामों के ज़रिए ही हम जीवन को अर्थ देते हैं। उन्हें महसूस करने दें कि आप उनका ख़याल रखते हैं। सच्चे और पवित्र प्रेम का अनुभव करें। लोग आपके बारे में क्या सोचते हैं आज आपको इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। बल्कि आज आप खाली समय में किसी से मिलना जुलना भी पसंद नहीं करेंगे और एकांत में आनंदित रहेंगे।

## बुधवार का पंचांग

दिनांक : 10 अप्रैल 2024 , बुधवार
विक्रम संवत : 2081
मास : चैत्र , शुक्ल पक्ष
तिथि : द्वितीया सायं 05:34 तक
नक्षत्र : भरणी रात्रि 03:06 तक
योग : विष्कुंभ प्रातः 10:36 तक
करण : बालव प्रातः 07:00 तक
चन्द्रराशि : मेष
सूर्योदय : 06:03 , सूर्यास्त 06:31 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:10 , सूर्यास्त 06:32 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:02 , सूर्यास्त 06:24 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:55 , सूर्यास्त 06:22 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**
लाभ : 06:00 से 07:30
अमृत : 07:30 से 09:00
शुभ : 10:30 से 12:00
चल : 03:00 से 04:30
लाभ : 04:30 से 06:00
राहुकाल : दोपहर 12:00 से 01:30
दिशाशूल : उत्तर दिशा
उपाय : तिल्ली खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : चन्द्रदर्शन, श्रृंगार ( सिंधारा ) , खरमास चालू हैं

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# ऑटो मोड में प्रदेश का वित्त विभाग!

## बिना आवेदन के कर्मचारी के खाते में डाली स्टेट इंश्योरेंस की राशि



**जयपुर,09 अप्रैल (एजेंसियां)।** वित्त विभाग कितने काबिल अफसर चला रहे हैं इसका एक और नमूना सामने आया है। मार्च महीने का वेतन कर्मचारियों के खातों में दो–दो बार डाला ही गया और अब ऐसे मामले भी सामने आ रहे हैं जब कर्मचारियों के आवेदन किए बिना ही उसके खाते में स्टेट इंश्योरेंस के लोन की राशि डाल दी गई। उक्त कार्मिक का डख डेरप 2022 में रिजेक्ट हो चुका था। लेकिन, 2024 में ऑटो पेमेंट से उसी कार्मिक के खाते में लोन की राशि डाल दी गई। यह सब आईएफएमएस 3.0 के ऑटो पेमेंट सिस्टम की बदौलत हुआ है। अब विभाग ने कार्मिक का बैंक अकाउंट होल्ड कर दिया।

ऐसा यह सिर्फ इकलौता मामला नहीं है। राजस्थान में पिछली सरकार ने डॉक्टर्स के रिटायरमेंट की आयु सीमा 62 साल कर दी थी। अब वित्त विभाग के अफसरों की कारगुजारी से डॉक्टर्स के 60 साल की उम्र पर आते ही उनके खातों में रिटायरमेंट बेनिफिट्स डालने शुरू कर दिए।

कर्मचारियों को दोहरे भुगतान के मामले में डिप्टी सीएम और वित्त मंत्री दिया कुमारी के ऑफिस ने वित्त विभाग से स्पष्टिकरण मांग लिया। लेकिन, वित्त विभाग के अफसरों ने अपनी खाल बचाने के लिए सारा ठीकरा डीडीओ के सर फोड़ दिया। स्पष्टिकरण में कहा गया कि थोड़े बहुत पेमेंट डबल हुए हैं, जबकि यह संख्या हजारों में है। इसके साथ ही स्पष्टिकरण में सारी जिम्मेदारी डीडीओ के सर डाल दी गई, जबकि यह सारा मामला ऑटो पेमेंट सिस्टम से जुड़ा है और बिलों के एउड का अधिकार वित्त विभाग में सिर्फ वेज एंड मीन्स के ज्वाइंट सेक्रेट्री पवन जैमन के पास है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा कल

## तैयारियों को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर



**करौली,09 अप्रैल (एजेंसियां)।** भाजपा प्रत्याशी इंदूदेवी जाटव के समर्थन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 अप्रैल को जनसभा को संबोधित करेंगे। शहर की सिद्धार्थ सिटी में हैलीपेड, सभा स्थल और मंच बनाए गए हैं। कलेक्टर नीलाभ सक्सेना और एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने सभा स्थल और हैलीपेड पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस मौके पर खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल, करौली विधायक दर्शनसिंह, सपोटरा विधायक हंसराज मीणा, भाजपा जिला अध्यक्ष बृजलाल समेत अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। कलेक्टर एवं एसपी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश देने के साथ ही एसपीजी के अधिकारियों से बैरिकेडिंग सहित अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की।

# बहू और पिता के दोस्त ने कराई ससुर की हत्या

## यूपी के शूटर को दी सुपारी, बिहार पहुंची पुलिस

**झुंझुनू,09 अप्रैल (एजेंसियां)।** झुंझुनू जिले में बुजुर्ग की हत्या उसकी बहू के पिता के दोस्त ने करवाई थी। जिसका महिला के घर आना जाना था। पिता के दोस्त ने ही महिला के साथ हत्या की साजिश रची और फिर उत्तर प्रदेश के शूटर को सुपारी दी गई थी। इसके बाद आरोपी शूटर ने घर में सो रहे बुजुर्ग के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी शूटर को राउंडअप कर लिया है, उसे झुंझुनू लाया जा रहा है।

एसपी राजश्री राज वर्मा ने बताया कि भालोठ में बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या करने के मामले में कुछ अहम जानकारी मिली है। कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है, तीन–चार संदिग्ध लोगों के नाम सामने आए हैं। जिनकी गिरफ्तारी के लिए टीम को बिहार भेजा है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

**घर आने जाने वाले को टोंकने पर की हत्या**

हत्या की वजह सिर्फ इतनी थी कि बुजुर्ग पोस्ट मास्टर घर पर आने जाने वालों को टोकता था। इससे बहू और उसके पिता का दोस्त नाराज रहता था, जिससे खफा होकर बहू ने पिता के दोस्त के साथ मिलकर ससुर को रास्ते से हटाने के साजिश रची। हालांकि, पुलिस ने अभी मामले का खुलासा नहीं किया है। लेकिन, जांच अधिकारियों से बातचीत में यह बात सामने आई है।

# नवरात्रि के पहले दिन ईडाणा माता का अग्नि स्नान





**आग लगने के निशान नहीं मिलते, वैज्ञानिक भी हैरान**

**जोधपुर,09 अप्रैल (एजेंसियां)।** नवरात्रि शुरू होने के साथ ही देशभर में देवी मंदिरों में विशेष पूजा–अर्चना का दौर शुरू हो गया है। देवी मां के भक्तों की भीड़ मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिए उमड़ रही है। राजस्थान के जोधपुर जिले के मेहरानगढ़ में ऐतिहासिक ईडाणा माता मंदिर है। इस मंदिर का निर्माण महाराजा अजीत सिंह ने करवाया था।

इस मंदिर की सबसे विशेष बात है कि साल में आने वालीं दोनों नवरात्रि में मां ईडाणा अग्नि स्नान करती हैं। इस दौरान मंदिर धू–धू कर जलने लगता है। करीब दो किमी दूर से आग की लपटें दिखाई देती हैं। कुछ देर बाद आग अपने आप शांत हो जाती है। आग बुझने पर देवी मां के अंग वस्त्र, पर्दे और पूजन सामग्री पूरी तरह सुरक्षित मिलती है। मंदिर में आग लगने का समय और दिन निर्धारित नहीं है। साल में पड़ने वाली दोनों नवरात्रि में किसी भी दिन और किसी भी समय मंदिर आग की लपटों से भर जाता है। मंगलवार को नवरात्रि की शुरुआत के पहले दिन ही मां ईडाणा ने अग्नि स्नान किया।

मान्यता है कि साल 1965 और 1971 में भारत–पाकिस्तान युद्ध के दौरान जोधपुर पर गिरे बम को मां ईडाणा ने अपने अंचल का कवच पहना दिया था। इससे एक भी बम नहीं फटा और लोगों की जान बच गई। लोगों का मानना है कि देवी मां ने अपने हाथों से बम को फटने से रोका था। इस कारण हर साल घरों के बाहर मेहंदी के हाथ जाते हैं। 9 अगस्त 1857 को गोपाल पोल के पास बारूद के ढेर पर बिजली गिरी, जिससे मां चामुंडा मंदिर कण–कण होकर उड़ गया। लेकिन, मां की प्रतिमा को कोई भी नुकसान नहीं हुआ।

# जोबनेर के ज्वाला माता मंदिर में दर्शन करने पहुंचे लाखों श्रद्धालु



**नवरात्रि के पहले दिन लगा तांता**

**जयपुर,09 अप्रैल (एजेंसियां)।** जयपुर से 50 किलोमीटर की दूरी पर स्थित जोबनेर कस्बे में स्थित ज्वाला माता के मंदिर में चैत्र नवरात्रि के पहले दिन दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। यहां नवरात्रि के 9 दिनों तक मेले में लाखों श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए मंदिर पुजारियों के साथ ही पुलिस प्रशासन ने भी यहां व्यवस्थाएं कर रखी हैं। श्रद्धालुओं के लिए जगह–जगह भंडारे की व्यवस्था की गई है। त्रिकोणाकार पर्वत पर बने इस ज्वाला माता मंदिर में कामनाप्रद सिद्ध पीठ के रूप में भी पूजा की जाती है। मंदिर में माता की अखंड दीप ज्योति प्रज्वलित रहती है।

ज्वाला माता का यह मंदिर मूल रूप से चौहान काल में संवत 1296 में बनाया गया था। सन् 1600 के आसपास जगमाल पुत्र खंगार जोबनेर के प्रतापी शासक हुए, जो ज्वाला माता के परम श्रद्धालु थे। दोनों ही नवरात्रों में यहां माता के भक्तों की भीड़ लगी रहती है।

# मेवाड़ विवि का प्रिंसिपल गिरफ्तार

**चित्तौड़गढ़,09 अप्रैल (एजेंसियां)।** चित्तौड़गढ़ जिले के गंगरार कस्बे में स्थित मेवाड़ यूनिवर्सिटी के प्रिंसिपल और डीन ऑफ फार्मेसी डॉ कौशल किशोर को एसओजी की टीम ने सोमवार रात को जयपुर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी प्रिंसिपल के खिलाफ रिपोर्ट अजमेर के सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई गई थी। केस की गंभीरता को देखते हुए अनुसंधान एसओजी को सौंपा गया। रिपोर्ट में बताया गया कि राजस्थान लोक सेवा आयोग आरपीएससी अजमेर ने 15 अक्टूबर 2022 को प्राध्यापक हिन्दी स्कूली शिक्षा प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की थी। इस परीक्षा में सम्मिलित हुई दो छात्राएं ब्रम्हा कुमारी व कमला कुमारी ने मेवाड़ यूनिवर्सिटी से जारी डिग्रियां आरपीएससी में पेश की थीं। जांच में दोनों डिग्रियां फर्जी पाई गई। दोनों डिग्रियां आरोपी प्रिंसिपल कौशल किशोर के साइन और सील से जारी की गई थी।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल कैद

## पीड़िता अचानक हो गई थी घर से गायब

**कुरुक्षेत्र,09 अप्रैल (एजेंसियां)।** रुक्षेत्र में दो साल पहले नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी को अदालत ने दोषी करार दिया है। अदालत ने दोषी श्याम कुमार निवासी शाहपुर बघौनी जिला ताजपुर समस्तीपुर बिहार को 20 साल कैद और 15 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। नाबालिग पीड़ित अचानक गायब हो गई थी। बाद में पुलिस ने पीड़ित के बयान दर्ज किए थे।



थाना सदर पिहोवा में दर्ज शिकायत में निकटवर्ती गांव के व्यक्ति ने बताया था कि वह अपने परिवार के साथ एक किसान के खेत में रहता है। 30 अप्रैल 2022 को उसकी 16 वर्ष की बेटी सुबह करीब चार बजे घर से अचानक कहीं चली गई थी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला था। शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच करते हुए नाबालिग को बरामद किया था। नाबालिग के बयान अदालत में कलमबद्ध करवाकर बाल कल्याण समिति में काऊंसलिंग कराई गई थी। बयान के आधार पर पुलिस ने मामले में धारा 363, 366 व पॉक्सो एक्ट की धारा 6 जोड़कर आरोपी श्याम कुमार को गिरफ्तार किया था। उप जिला न्यायवादी भूपेंद्र कुमार ने बताया कि इस मामले की नियमित सुनवाई फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट में करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश की अदालत ने गवाहों व सबूतों के आधार पर आरोपी श्याम कुमार को दोषी करार देते हुए पॉक्सो एक्ट की धारा–6 के तहत 20 साल का कारावास 15 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने पर दोषी को आठ माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

# ट्रैक्टर–ट्रॉली और बाइक की टक्कर से दो दोस्तों की मौत

**हिसार,09 अप्रैल (एजेंसियां)।** हिसार में सिरसा हाईवे पर बीएसएफ के नजदीक मंगलवार दोपहर को ट्रैक्टर–ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर सवार दो दोस्तों की मौत हो गई। दोनों मृतक चौथे मिल के रहने वाले बताए जा रहे हैं। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शवग्रह में रखवा दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जजपा में लगी इस्तीफों की झड़ी

## प्रदेशाध्यक्ष के बाद विधायक जोगीराम सिहाग ने कहा अलविदा



**हिसार,09 अप्रैल (एजेंसियां)।** हरियाणा में लोकसभा चुनाव से पहले जननायक जनता पार्टी में इस्तीफों की झड़ी लग गई है। प्रदेश अध्यक्ष निशान सिंह ने मौखिक के बाद अब अपना लिखित इस्तीफा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला को भेज दिया है। वहीं, बरवाला से जजपा के विधायक जोगीराम सिहाग ने भी इस्तीफा दे दिया है।

सिहाग ने कहा कि मैने केवल पार्टी के पदों से इस्तीफा दिया है। बताया जा रहा है कि सिहाग पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के करीबी रहे हैं। इस करके भाजपा में जाने की चर्चाएं तेज है। 2019 में टिकट न मिलने से नाराज होकर जोगीराम सिहाग ने भाजपा छोड़ कर जजपा में शामिल हो गए थे।

पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव और नारनौल नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने भी इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा ई–मेल के माध्यम से अध्यक्ष अजय चौटाला को भेजा। इस्तीफे में सैनी ने लिखा है, मेरा त्याग पत्र तत्काल प्रभाव से माना जाए। इसके साथ ही जजपा की प्रदेश महासचिव रेखा शाक्य ने भी पार्टी छोड़ने का एलान कर दिया है।

# कांग्रेस ने भारत को जोड़ा नहीं, बल्कि तोड़ा : सीएम सैनी

## न्याय शब्द का प्रयोग करने का हक नहीं



**रोहतक,09 अप्रैल (एजेंसियां)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी का कहना है कि कांग्रेस ने देश को जोड़ा नहीं, बल्कि तोड़ा है। देश की जनता के साथ अन्याय करने वाली कांग्रेस को न्याय शब्द प्रयोग करने का हक नहीं है। सैनी मंगलवार को भाजपा की विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे।

सैनी ने कहा कि मोदी की सरकार ने किसानों, गरीब मजदूरों, महिलाओं, छोटे व्यापारियों, युवाओं की समस्याओं पर गंभीरता से विचार करने के बाद इन लोगों को आगे बढ़ाने की दिशा में नीतियों को बनाया और उन्हें लागू किया। पूर्व की सरकारों में हर साल यूरिया और डीएपी के दामों में वृद्धि होती थी लेकिन जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में यह चीज महंगी हुई तब भी नरेंद्र मोदी की सरकार ने तय किया कि इन चीजों के दाम नहीं बढ़ाए जाएंगे और किसानों को यूरिया और डीएपी पुराने दामों पर मिलेगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के नाम पर किसानों को तीन लाख करोड़ रुपये वितरित किए हैं। किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य देने का काम किया है। फसल खराब होने पर किसानों को मुआवजा जल्दी और पूरा देने का काम किया जा रहा है। कांग्रेस के राज में जहां 10 साल में 1100 करोड़ रुपये फसलों के मुआवजे के दिए गए वहीं पिछले साढ़े 9 साल में 12000 करोड़ रुपये किसानों को खराब फसल के मुआवजे के रूप में दिए गए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी आचार संहिता चल रही है और वह ज्यादा कुछ कहने की स्थिति में नहीं हैं लेकिन एक बात बिल्कुल साफ है कि आचार संहिता खत्म होने के बाद प्रदेश के विकास में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी और एक–एक योजना को लागू कर अंतिम व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंचाने का काम किया जाएगा।



# सोना 350 रुपये की बढ़त के साथ 71,700 रुपये के नए हाई पर, चांदी भी नई ऊंचाई पर

**नई दिल्ली,09 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

बहुमूल्य धातुओं की सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में मांग बढ़ने के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोना 350 रुपये की तेजी के साथ 71,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इस साल यानी 2024 में अबतक सोने की कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस साल सोने का दाम 7,700 रुपये चढ़ा है। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 71,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था।

चांदी की कीमत भी 800 रुपये के उछाल के साथ 84,000 रुपये प्रति किलोग्राम की नयी ऊंचाई पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 83,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।


एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख से संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में 24 कैरेट सोने की हाजिर कीमत 71,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही थी, जो पिछले बंद भाव से 350 रुपये की बढ़त है।

विदेशी बाजार कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,336 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से सात डॉलर मजबूत है। गांधी ने कहा, व्यापारियों ने अमेरिकी नौकरियों की उत्साहजनक रिपोर्ट पर ध्यान नहीं दिया और इसके बजाय कुछ सप्ताह से चल रहे सर्राफा की तेजी की प्रवृत्ति पर ध्यान केंद्रित किया। इससे सोने की कीमत एक और रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई।

एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषण विभाग के उपाध्यक्ष जतीन त्रिवेदी ने कहा, ''वैश्विक कॉमेक्स कीमतों में उछाल से समर्थित सोने की कीमतों में तेजी जारी रही, जो सुबह के शुरुआती घंटों में 2,350 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गई।'' इसके अलावा चांदी की कीमतें भी बढ़त के साथ 27.80 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही है। पिछले सत्र में यह 27.45 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी।

## न्यूज ब्रीफ

### सितंबर तक 100 डॉलर पहुंच सकता है कच्चा तेल, कईदेशों के बीच तनाव बढ़ने बढ़ेंगे दाम



**नई दिल्ली ।** कच्चे तेल के और महंगा होने की आशंका है। जेपी मॉर्गन एंड चेज का अनुमान है कि अगस्त-सितंबर तक कच्चा तेल 100 डॉलर के पार पहुंच सकता है। इससे दुनियाभर में महंगाई बढ़ने को लेकर चिंता उत्पन्न हो गईहै ।जेपी मॉर्गन एंड चेज के मुताबिक, कई देशों के बीच नए सिरे से तनाव बढ़ने और आपूर्ति में कमी से क्रूड की कीमतें तेजी से बढ़ेंगी। हाल में क्रूड छह महीने के उच्च स्तर 90 डॉलर के पार पहुंच गया था। वैश्विक स्तर पर बढ़ेगी महंगाई विश्लेषकों के मुताबिक, क्रूड में तेजी महंगाई को लेकर भी चिंता बढ़ा रही है। इससे केंद्रीय बैंकों की दर में कटौती की योजनाओं पर असर पड़ सकता है। वैश्विक आधार पर मांग ठीक है, लेकिन आपूर्ति कम है। मेक्सिको से तेल निर्यात पिछले महीने 35 फीसदी गिरकर 2019 के बाद से निचले स्तर पर आ गया। मार्च में मेक्सिको, अमेरिका, कतर और इराक ने अपने संयुक्त तेल उत्पादन में प्रतिदिन 10 लाख बैरल से अधिक की कटौती की।

### दीपक मेहरोत्रा आकाश एजुकेशन के नए एमडी और सीईओ बनेः सितंबर 2023 से खाली थी ये पोजिशन, बायजूस की कंपनी है आकाश एजुकेशन

**नई दिल्ली।** एडटेक स्टार्टअप बायजूस ओर्न कंपनी आकाश एजुकेशन सर्विसेज लिमिटेड ने दीपक




मेहरोत्रा को नया मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर नियुक्त किया है। कंपनी ने यह जानकारी दी। पिछले साल सितंबर 2023 में अभिषेक माहेश्वरी के इस्तीफे के बाद से यह पद खाली था। कंपनी ने बयान जारी कर कहा, मेहरोत्रा ने तत्काल प्रभाव से कार्यभार संभाल लिया है। वहीं, बायजू के फाउंडर और चेयरमैन बायजू रविन्द्रन ने कहा,पियर्सन इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर के रूप में उनकी प्रोफेशनल स्किल्स और अच्छा रिकार्ड आकाश बायजूस को ग्रोथ और इंपैक्ट के नेक्स्ट स्टेज में ले जाने के लिए महत्वपूर्ण होगा। दीपक मेहरोत्रा के पास 35 साल से अधिक का एक्सपीरियंस दीपक मेहरोत्रा के पास एफएमसीजी , टेलीकम्युनिकेशन और एजुकेशन सहित अन्य सेक्टर्स में एग्जीक्यूटिव रोल्स में 35 साल से अधिक का एक्सपीरियंस है। इससे पहले वह आशीर्वाद पाइप्स में 2018 से 2023 तक एमडी थे। इसके अलावा वह पियर्सन इंडिया, भारती एयरटेल, कोका-कोला और एशियन पेंट्स में भी लीडिरशिप पोजिशंस पर काम कर चुके हैं। 2021 में बायजूस ने आकाश का अधिग्रहण किया था बायजूस ने साल 2021 में करीब 1 बिलियन डॉलर में आकाश एजुकेशन सर्विसेज लिमिटेड का अधिग्रहण किया था, जो कॉम्पिटिटिव एग्जाम की तैयारी करने वाले स्टूडेंट्स को कोचिंग देता है। वित्तीय संकट से जूझ रही एडटेक कंपनी बायजूस के फाउंडर बायजू रवीन्द्रन की नेटवर्थ शून्य हो गई है। एक साल पहले यानी 4 अप्रैल 2023 को उनकी नेटवर्थ 2.1 बिलियन डॉलर (तब करीब 17,545 करोड़) थी। फोर्ब्स की बिलेनियर इंडेक्स 2024 में ये जानकारी सामने आई है। फोर्ब्स की रिपोर्ट में बताया गया है कि पिछले साल की लिस्ट से इस बार 4 लोगों को बाहर किया गया है, उनमें रवीन्द्रन भी शामिल हैं।

### भारतीय सीईओ का औसत वेतन 13.8 करोड़ रुपये, रिपोर्ट में दावा- कोविड पूर्व की तुलना में 40 प्रतिशत का इजाफा

**नई दिल्ली ।** भारत में मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) का औसत वेतन 13.8 करोड़ रुपये है, जो कोविड-19 महामारी से पहले की तुलना में 40 प्रतिशत अधिक है। डेलॉयट की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय सीईओ के कुल पारिश्रमिक का आधे से अधिक हिस्सा अल्पकालिक और दीर्घकालिक प्रोत्साहन से जुड़ा हुआ है। 'डेलॉयट इंडिया एक्जिक्यूटिव परफॉर्मेंस एंड रिवार्ड्स सर्वे 2024' के अनुसार, भारत में मुख्य कार्यपालक अधिकारियों का औसत वेतन 13.8 करोड़ रुपये है। सर्वेक्षण के मुताबिक जो सीईओ प्रवर्तक हैं या प्रवर्तक परिवार के सदस्य हैं, उन्हें औसतन 16.7 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाता है। डेलॉयट इंडिया के भागीदार और सीएचआरओ प्रोग्राम के लीडर आनंदोरूप घोष ने कहा, ''प्रवर्तक सीईओ का पारिश्रमिक, पेशेवर सीईओ के मुकाबले अधिक है। ऐसा मुख्य रूप से दो वजहों से है। प्रवर्तक सीईओ के मुकाबले पेशेवर सीईओ बार-बार बदलते रहते हैं। दूसरी बात यह कि प्रवर्तक सीईओ के मुआवजे की सीमा बहुत व्यापक है, और इससे औसत प्रभावित होता है। डेलॉयट के अनुसार, सीईओ के कुल वेतन में वृद्धि जरूर हुई है, लेकिन पारिश्रमिक का 50 प्रतिशत से अधिक जोखिम पर आधारित भुगतान है। प्रवर्तक सीईओ को किया जाने वाला 47 प्रतिशत भुगतान जोखिम पर आधारित है, जबकि पेशेवर सीईओ के लिए यह आंकड़ा 57 प्रतिशत है।

## एसबीआई अमृत-कलश स्कीम में 31 सितंबर तक कर सकेंगे निवेश

# इसमें सीनियर सिटिजन को 7.60 प्रतिशत और अन्य को मिल रहा 7.10 प्रतिशत सालाना ब्याज




**नई दिल्ली,09 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी स्पेशल फिक्स डिपॉजिट स्कीम अमृत कलश में निवेश करने की लास्ट डेट बढ़ा दी है। अब इसमें आप 31 सितंबर 2024 तक निवेश कर सकेंगे। पहले इसकी लास्ट डेट 31 मार्च थी। इस स्कीम के तहत सीनियर सिटिजन को फिक्स डिपॉजिट पर 7.60 प्रतिशत और अन्य को 7.10 प्रतिशत सालाना ब्याज दिया जा रहा है। इस फिक्स डिपॉजिट स्कीम में 400 दिन के लिए निवेश करना होता है। ऐसे में अगर आप फिक्स डिपॉजिट पर ज्यादा ब्याज चाहते हैं तो इस स्कीम में निवेश कर सकते हैं। हम आपको इसके बारे में बता रहे हैं। ये एक स्पेशल टर्म डिपॉजिट अमृत कलश एक स्पेशल रिटेल टर्म डिपॉजिट यानी फिक्स डिपॉजिट है। इसमें सीनियर सिटीजन को 7.60 प्रतिशत और आम नागरिकों को 7.10 प्रतिशत के दर से इंटरेस्ट रेट मिलता है। इसमें अधिकतम 2 करोड़ रुपए की फिक्स डिपॉजिट करा सकते हैं। अमृत कलश स्कीम के तहत आपको ब्याज का भुगतान प्रति महीना, प्रति तिमाही और हर छमाही किया जाता है। आप अपनी सुविधा के अनुसार फिक्स डिपॉजिट ब्याज का पेमेंट तय कर सकते हैं। ऑनलाइन या ऑफलाइन कर सकते हैं निवेश इस स्कीम में निवेश करने के लिए आप बैंक के ब्रांच जाकर भी निवेश कर सकते है। वहीं नेट बैंकिंग और एसबीआई ऐप के जरिए भी इसमें निवेश किया जा सकता है। अमृत कलश पर आम फिक्स डिपॉजिट की तरह ही लोन लेने की सुविधा भी मिलती है। एसबीआई वीकेयर स्कीम में भी कर सकेंगे निवेश एसबीआई ने एक अन्य स्पेशल टर्म डिपॉजिट स्कीम वीकेयर भी चला रहा है। एसबीआई की इस स्कीम में सीनियर सिटीजन को 5 साल या उससे ज्यादा की अवधि के डिपॉजिट पर 50 बेसिस पॉइंट्स का एक्स्ट्रा ब्याज मिलेगा। सीनियर सिटिजन को 5 साल से कम के रिटेल टर्म डिपॉजिट पर आम पब्लिक के मुकाबले 0.50 प्रतिशत ज्यादा ब्याज मिलता है।

वहीं वीकेयर डिपॉजिट स्कीम के तहत 5 साल या इससे ज्यादा की फिक्स डिपॉजिट पर 1 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। हालांकि, मैच्योरिटी से पहले निकासी पर अतिरिक्त ब्याज नहीं दिया जाएगा। इसमें भी अब 31 सितंबर 2024 तक निवेश कर सकेंगे।

# ऑटोपायलट मोड पर हुए हादसे में इंजीनियर की हुई थी मौत, टेस्ला ने पीड़ित परिवार के साथ किया समझौता



**वॉशिंगटन,09 अप्रैल ।**

एलन मस्क की कंपनी टेस्ला ने करीब छह साल पहले हुए कार हादसे के एक मामले में मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पीड़ित परिवार के साथ समझौता कर लिया है। कोर्ट के दस्तावेजों में इसका खुलासा किया गया है। इस मामले में ज्यूरी ट्रायल अगले हफ्ते से शुरू होने वाले थे, जिसमें टेस्ला कंपनी पर मार्केटिंग के दौरान किए अपने वादों को पूरा न करने का आरोप था।

### साल 2018 में हुए हादसे में हुई थी इंजीनियर की मौत

साल 2018 में कैलिफोर्निया के सिलिकॉन वैली इलाके में एक कार हादसे में इंजीनियर वेई लुन हुआंग की मौत हो गई थी। हादसे के वक्त वेई लुन हुआंग टेस्ला कंपनी की मॉडल एक्स कार में सवार थे। जिस वक्त हादसा हुआ, उस वक्त वेई की कार ऑटोपायलट मोड पर थी, लेकिन वह अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे वेई की मौत हो गई। वेई के परिवार ने टेस्ला कंपनी पर कार सेफ्टी को लेकर किए वादों को पूरा न करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर करा दिया। अब मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से कहा जा रहा है कि टेस्ला ने पीड़ित परिवार के साथ समझौता कर लिया है। हालांकि समझौते के तहत पीड़ित परिवार को कितनी रकम मिलेगी, इसका अभी तक खुलासा नहीं हुआ है।

### वेई के परिजनों के आरोपों पर कंपनी ने कही ये बात

वेई के परिजनों ने टेस्ला के खिलाफ जो मुकदमा दायर कराया था, उसमें कहा गया कि टेस्ला की मॉडल एक्स कार को लेकर दावे किए गए थे कि यह कार ऑटोपायलट मोड में ड्राइवर के लिए पूरी तरह से सुरक्षित है। कार सुरक्षित स्पीड से चलती है, कार तय लेन में ही ड्राइव करती है और हाइवे पर चलने के दौरान यह कार अन्य वाहनों से नहीं टकराती, लेकिन ये दावे झूठे निकले। वहीं जांच में पता चला कि हादसे के वक्त कार के सॉफ्टवेयर ने वेई हुआंग को अलर्ट जारी करते हुए स्टीयरिंग पकड़ने को कहा था। टेस्ला का भी दावा है कि उसकी कार के सेफ्टी फीचर सही हैं, लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि ड्राइवर कोई ध्यान ही न दे।

# नौकरियों के खतरे पर चीन से नीतियां बदलने का दबाव बनाएगा अमेरिका, वित्त मंत्री येलेन ने कही यह बात

**बीजिंग,09 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने कहा कि बाइडन प्रशासन अमेरिका में नौकरियों को खतरा पैदा करने वाली एक औद्योगिक नीति को बदलने के लिए चीन पर दबाव बनाएगा। उनका यह बयान चीनी अधिकारियों के साथ 4 दिनी बातचीत के खत्म होने के बाद आया है।



### राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चीनी अफसरों से हुई चर्चा

वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने रूस को यूक्रेन जंग में चीनी कंपनियों द्वारा सहयोग पहुंचाने से जुड़ी अमेरिकी चिंताओं व राष्ट्रीय सुरक्षा पर भी चर्चा की। येलेन की यात्रा के केंद्र में मुख्य विषय औद्योगिक नीति और चीन के विनिर्माण की अत्यधिक क्षमता से संबंधित मुद्दा था। अमीर देशों को यह डर सता रहा है कि चीन के सस्ते उत्पादों के निर्यात से उनके देश के कारखानों पर असर पड़ेगा। येलेन ने इलेक्ट्रिक वाहनों और उनकी बैटरी तथा सौर ऊर्जा उपकरण के विनिर्माण का जिक्र भी किया। ये ऐसे क्षेत्र हैं, जिन्हें अमेरिकी प्रशासन घरेलू स्तर पर बढ़ावा देने की कोशिश कर रहा है। हालांकि, इन क्षेत्रों में चीन सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी ने उत्पाद का तीव्र विस्तार किया है। अमेरिकी वित्त मंत्री ने कहा, चीन आज जो कदम उठा रहा है वह उत्पादों के वैश्विक मूल्य में बदलाव ला सकता है।

### विदेशी कंपनियों की व्यवहार्यता पर उठेंगे सवाल

अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने कहा, जब वैश्विक बाजार सस्ते चीनी उत्पादों से अटा पड़ा होगा, तब अमेरिकी व अन्य विदेशी कंपनियों की व्यवहार्यता पर सवाल उठेंगे। उन्होंने कहा, हमारा इरादा इन वार्ताओं के दौरान चीनी नीति में बदलाव की जरूरत को रेखांकित करना है।

# कनाडा के सबसे बड़े बैंक का सख्त कदम, कंपनी के कर्मचारी के साथ संबंध छिपाने पर सीएफओ को नौकरी से निकाला

**ओटावा,09 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

**कनाडा के सबसे बड़े बैंक ने अपने मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) को हाल ही में नौकरी से निकाल दिया। वजह जानकर आप हैरान रह जाएंगे। दरअसल, नादिने आन नाम की अधिकारी का अपने एक कर्मचारी के साथ कथित तौर पर संबंध पाए जाने के बाद उसे रॉयल बैंक ऑफ कनाडा ने बाहर का रास्ता दिखा दिया है।**

सन् 1999 में नादिने आन ने रॉयल बैंक में काम करना शुरू किया। सितंबर 2021 में सीएफओ बनने से पहले वह ट्रेजरी, जोखिम, निवेशक संबंधों और अन्य वित्तीय भूमिकाओं के रूप में काम कर चुकी हैं।



### यह था मामला

पांच अप्रैल को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी हुई। इसमें बैंक की तरफ से कहा गया कि आन के खिलाफ कुछ आरोप लगे, जिनकी जांच की गई। बाद में सामने आया कि उनका अपने एक कर्मचारी के साथ व्यक्तिगत संबंध है। संबंधों के चलते कर्मचारी को प्रमोशन और मुआवजे जैसे कई फायदे दिए गए। इससे आन ने आचार संहिता का उल्लंघन किया। हालांकि जांच में दोनों कर्मचारियों को बैंक के वित्तीय विवरणों के संबंध में किसी भी कदाचार के आरोप से मुक्त कर दिया। मगर बैंक ने फिर भी उनके कार्यों को अपनी आचार संहिता का उल्लंघन माना। बता दें, आचार संहिता कहती है, जो लोग बड़े पद पर हैं उन्हें सभी रिश्तों में सम्मानजनक, पारदर्शी और निष्पक्ष होना चाहिए।

### दोनों कर्मचारियों को निकाला

बैंक ने कहा कि आचार संहिता के उल्लंघन के कारण दोनों कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि नादिने आन का जिस कर्मचारी से संबंध था, वह उपाध्यक्ष और कैपिटल एंड टर्म फंडिंग के प्रमुख केन मेसन हैं। बैंक ने नादिने के बाद वित्त और नियंत्रक के अपने वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैथरीन गिब्सन को अंतरिम सीएफओ बनाया है।

## 20 मई को बंद रहेगा शेयर बाजार

# एनएसई ने इस दिन मुंबई में लोकसभा चुनाव के चलते ट्रेडिंग हॉलिडे किया घोषित

**मुंबई,09 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

**लोकसभा चुनाव के चलते 20 मई (सोमवार) को शेयर बाजार बंद रहेगा। इस बात की जानकारी स्टॉक एक्सचेंज ऑपरेटर एनएसई और बीएसई ने दी है। एनएसई ने कहा कि मुंबई में 20 मई को लोकसभा इलेक्शन के लिए वोटिंग होनी है। ऐसे में इस दिन शेयर बाजार में कारोबार नहीं होगा। नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट 1881 के सेक्शन 25 के तहत चुनावों में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए यह फैसला लिया गया है।**




इलेक्शन कमिशन ने पिछले महीने घोषणा की थी कि महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव पांच फेज में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई और 20 मई को होंगे।

### इक्विटी डेरिवेटिव्स और सिक्योरिटीज लेंडिंग में भी कोई कारोबार नहीं होगा

एनएसई ने सर्कुलर में कहा कि सोमवार, 20 मई 2024 को मुंबई में संसदीय चुनावों के कारण ट्रेडिंग हॉलिडे रहेगा। सर्कुलर के मुताबिक, इस दिन इक्विटी, इक्विटी डेरिवेटिव्स और सिक्योरिटीज लेंडिंग और बॉरोइंग सेगमेंट में भी कोई कारोबार नहीं होगा।

20 मई को धुले, डिंडोरी, नासिक, भिवंडी, कल्याण, ठाणे, मुंबई नॉर्थ, मुंबई नॉर्थ वेस्ट, मुंबई नॉर्थ ईस्ट, मुंबई साउथ, मुंबई साउथ सेंट्रल, मुंबई नॉर्थ सेंट्रल और पालघर लोकसभा सीटों पर वोटिंग होगी। वहीं वोटों की काउंटिंग की तारीख 4 जून 2024 तय की गई है।

### 1 मई को महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर भी बंद रहेगा शेयर बाजार

इसके अलावा 1 मई को महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर भी शेयर बाजार बंद रहेगा। इससे पहले रमजान ईद (11 अप्रैल) और राम नवमी (17 अप्रैल) के अवसर पर भी बाजार बंद रहेगा।

### 8 अप्रैल को सेंसेक्स और निफ्टी ने ऑल टाइम हाई बनाया

वहीं हफ्ते के पहले कारोबारी शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स ने 74,869 का और निफ्टी ने 22,697 का ऑल टाइम हाई बनाया। हालांकि, बाद में ये थोड़ा नीचे आया और सेंसेक्स 494 अंक की तेजी के साथ 74,742 के स्तर पर बंद हुआ।

वहीं, निफ्टी में भी 152 पॉइंट की तेजी रही, ये 22,666 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 में तेजी और 9 में गिरावट देखने को मिली। इसके अलावा बंधन बैंक के शेयर में 6.21 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली। दरअसल, कंपनी के शेयर पर ये दबाव सीईओ चंद्र शेखर घोष के इस्तीफे के बाद आया।

खबरें जो सोच बदल दें
शुभ लाभ

संपादकीय

# सियासी उत्कंठा में उत्पीड़न

**सवाल** उपचुनावों में फिर हिमाचल के कद और सामर्थ्य से कहीं बड़े हो जाएंगे। हर चुनाव की अमानत में जनता के सरोकार खोटे हो जाते हैं या चलते हुए नेता खोटे सिक्के हो जाते हैं। भाजपा हो या कांग्रेस चुनावों की फेहरिस्त ने नेताओं के बोल छोटे कर दिए। भाव-भंगिमाओं के चुनाव में हिमाचल अब रहता ही कहां है। हम एक चुनावी कबीला कब बन जाते हैं, पता ही नहीं चलता, लेकिन किसी को परिवारवाद, किसी को जातिवाद, किसी को क्षेत्रवाद और किसी को अब आलाकमान की सरकार बनानी है। नेता अब धरती पर कम पार्टियों की छाती पर मूंग दलते अधिक मिलते, लेकिन राजनीति के गुनाहों ने मित्रों की टोलियां बनाकर पलटवार शुरू कर दिए। हिमाचल की सियासत में विरासत का दर्द झलकता है, तो वाईएस परमार, वीरभद्र सिंह, शांता कुमार, प्रेम कुमार धूमल और जयराम ठाकुर का संसार दिखाई देता है। बदल गई है राज्य की संवेदना, सरोकार और दृष्टि। अब छोटे से हिमाचल के कई छोटे टुकड़े भटक रहे हैं, इसलिए कद में सियासत नहीं, पद में विरासत देखी जा रही है। परिदृश्य से कुछ नेताओं की कहानियां बार-बार याद दिलाती हैं कि स्वार्थ सिद्धि के चलते प्रदेश कदमों में नहीं, घुटनों के बल चलने की कोशिश कर रहा है। संभावना अगर अतीत में श्यामा शर्मा के कालखंड में राजनीतिक विदाई को अवसर दे रही थी, तो याद करें वह दौर जब पंडित सालिग राम की पगड़ी पर प्रहार हुआ था। ठाकुर कर्म सिंह बनाम वाईएस परमार या वीरभद्र सिंह बनाम पंडित सुखराम के दौर से निकली राजनीतिक उत्कंठा में उत्पीडऩ बढ़ता रहा है। उत्पीडऩ के शिलालेख इतनी बेदर्दी से लिखे जा रहे हैं कि हिमाचल का राजनीतिक इतिहास एक तरह के गुरिल्ला युद्ध में फंस कर रह गया है। अब बात ऊपरी और निचले हिमाचल की नहीं रही, नेताओं के व्यक्तिगत पंथ पर आधारित सियासत चलने लगी है। प्रेम कुमार धूमल सरकार की फांस बने विधायक आज अगर चकनाचूर हुए, तो सुक्खू सरकार के दरपेश फिर इसी तरह के मुकाबले के अवतार इस बार उपचुनाव बने हैं। राख हुए थे महल जहां सिंहासन रखे थे, आज के महाराजा अब कुर्सी के साथ नत्थी हैं। सत्ता के चुंबक ने सारा चरित्र खींच लिया, अब तो मंसूबों के द्वंद्व बिकते हैं। राजनीतिक हत्याओं के अंबार में दो नाम पूरी सियासत की कनपटी पर रखी बंदूक की तरह सदा सचेत करेंगे। भाजपा के डा. राजन सुशांत और कांग्रेस के मेजर विजय सिंह मनकोटिया के इर्द-गिर्द रहा राजनीतिक उफान बताता है कि कितने सिरकटे मजमून आहें भरते हैं। कभी जनता की निगाहों में ये नेता नायक बनकर उभरे, लेकिन सत्ता की राहों ने इन्हें खलनायक बना दिया। ये नेता हमने चुने, तो सत्ता के चुनाव में क्यों फनां हुए। रमेश धवाला भी हादसे का शिकार हुए तो इसलिए कि राजनीति का कर्मकांड अब चढ़ती सीढियों को उल्टा करने में माहिर है। ऐसे में उपचुनावों के फलक महज नतीजे नहीं, भविष्य की राजनीतिक फांस हैं। वर्तमान सत्ता के कुल नौ दोषी हैं, जिनमें छह कांग्रेस के विधायक रहे हैं। इनमें दो बड़े नाम राजेंद्र राणा व सुधीर शर्मा हैं, तो उनके लिए अतीत के एहसास को जीना आसान नहीं। हिमाचल के चुनावों में कई समीकरण और कई उबाल हैं, लेकिन राजनीति का शीर्षासन अगर कहीं हो रहा है, तो धर्मशाला और सुजानपुर के विधानसभा हलके हमेशा याद किए जाएंगे। यह भाजपा की बढ़त से कहीं अधिक दो नेताओं की कुंडली में घुसे शैतान से मुकाबला है। उस फितरत से पुनः जंग है जो इससे पहले ठाकुर कर्म सिंह, पंडित सुखराम, सालिग राम, डा. राजन सुशांत और मेजर विजय सिंह मनकोटिया ने लड़ी थी। यह बाघ-बकरी का मुकाबला नहीं, बल्कि अग्नि और बारूद का युद्ध है। सुलगते मसले बारूदी चुनाव की छाती पर किस तरह युद्ध क्षेत्र को हथियाते हैं, यह आने वाला वक्त ही बताएगा, लेकिन धर्मशाला-सुजानपुर के मैदान पर राजनीति अपने सबसे कठिन मोर्चे पर महाभारत लिख रही है। फिर महाभारत के पात्र कोसे जाएंगे, लेकिन अभिशप्त तो यह धरती ही होगी।

> भाजपा हो या कांग्रेस चुनावों की फेहरिस्त ने नेताओं के बोल छोटे कर दिए। भाव-भंगिमाओं के चुनाव में हिमाचल अब रहता ही कहां है। हम एक चुनावी कबीला कब बन जाते हैं, पता ही नहीं चलता, लेकिन किसी को परिवारवाद, किसी को जातिवाद, किसी को क्षेत्रवाद और किसी को अब आलाकमान की सरकार बनानी है। नेता अब धरती पर कम पार्टियों की छाती पर मूंग दलते अधिक मिलते, लेकिन राजनीति के गुनाहों ने मित्रों की टोलियां बनाकर पलटवार शुरू कर दिए। हिमाचल की सियासत में विरासत का दर्द झलकता है, तो वाईएस परमार, वीरभद्र सिंह, शांता कुमार, प्रेम कुमार धूमल और जयराम ठाकुर का संसार दिखाई देता है। बदल गई है राज्य की संवेदना, सरोकार और दृष्टि। अब छोटे से हिमाचल के कई छोटे टुकड़े भटक रहे हैं, इसलिए कद में सियासत नहीं, पद में विरासत देखी जा रही है। परिदृश्य से कुछ नेताओं की कहानियां बार-बार याद दिलाती हैं कि स्वार्थ सिद्धि के चलते प्रदेश कदमों में नहीं, घुटनों के बल चलने की कोशिश कर रहा है।

भारत के लक्ष्य के तहत आम आदमी की खुशहाली बढ़ाने की जरूरत के मद्देनजर अभी से प्रशासनिक स्तर पर रणनीति बनाई जाना शुरू हो गई

# विकसित भारत की दरकार है खुशहाली

डा. जयंतीलाल भंडारी

> देश के आम आदमी के जीवन स्तर में वृद्धि, गरीबी में कमी, रोजगार के मौके बढ़ाने जैसे विभिन्न मुद्दों पर अधिक प्रयासों से ही देश खुशहाली के उस स्तर पर पहुंच सकता है, जोकि विकसित भारत की महत्वपूर्ण दरकार है। इस परिप्रेक्ष्य में हाल ही में 21 मार्च को प्रकाशित विश्व खुशहाली रिपोर्ट 2024 को भी ध्यान में रखा जाना जरूरी है, जिसमें 143 देशों में भारत को 126वां स्थान दिया गया है। गौरतलब है कि विश्व खुशहाली रिपोर्ट 2024 के तहत सामाजिक सहयोग, आय, स्वास्थ्य, स्वतंत्रता, उदारता और भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण जैसे कारकों के आधार पर विश्व भर के देशों का आकलन कर रैंकिंग तैयार की गई है।

**यद्यपि** जून 2024 में गठित होने वाली नई सरकार के मूर्त रूप लेने में दो माह बाकी हैं, लेकिन 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य के तहत आम आदमी की खुशहाली बढ़ाने की जरूरत के मद्देनजर अभी से प्रशासनिक स्तर पर रणनीति बनाई जाना शुरू हो गई है। देश के आम आदमी के जीवन स्तर में वृद्धि, गरीबी में कमी, रोजगार के मौके बढ़ाने जैसे विभिन्न मुद्दों पर अधिक प्रयासों से ही देश खुशहाली के उस स्तर पर पहुंच सकता है, जोकि विकसित भारत की महत्वपूर्ण दरकार है। इस परिप्रेक्ष्य में हाल ही में 21 मार्च को प्रकाशित विश्व खुशहाली रिपोर्ट 2024 को भी ध्यान में रखा जाना जरूरी है, जिसमें 143 देशों में भारत को 126वां स्थान दिया गया है। गौरतलब है कि विश्व खुशहाली रिपोर्ट 2024 के तहत सामाजिक सहयोग, आय, स्वास्थ्य, स्वतंत्रता, उदारता और भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण जैसे कारकों के आधार पर विश्व भर के देशों का आकलन कर रैंकिंग तैयार की गई है। पिछले वर्ष भी इस रैंकिंग में भारत 126वें स्थान पर था। इस रैंकिंग में फिनलैंड दुनिया का सबसे खुशहाल देश है। नॉर्डिक देश खुशहाली सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं। इनमें डेनमार्क और आइसलैंड ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया है। स्वीडन चौथे नंबर पर है। यद्यपि इस वैश्विक खुशहाली रिपोर्ट के प्रकाशित होने के बाद दुनिया के कोने-कोने से लोग इसे अतार्किक और अविश्वसीय बनाते हुए टिप्पणियां कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि यूरोपीय विद्वानों के द्वारा निर्धारित विभिन्न मापदण्डों पर आधारित खुशहाली की रैंकिंग देने वाली यह सूची भ्रमित करने वाली है। इस रैंकिंग पर भरोसा नहीं होता है। इस खुशहाली की रैंकिंग में भारत से चार पायदान ऊपर 122वें पर स्थित पाकिस्तान दुनियाभर में महंगाई, ऋणग्रस्तता, धार्मिक आजादी व लोकतांत्रिक चुनौती से ग्रस्त ऐसे देश के रूप में चर्चित है जिस देश की सत्ता में सांप्रदायिक कट्टरपंथी जमात अग्रिम पंक्ति में है। कदम-कदम पर धार्मिक पाबंदियों वाला कुवैत दुनिया का 13वां सबसे खुशहाल देश है। इतना ही नहीं, फिलिस्तीन के साथ निर्मित युद्ध से जिस देश के हजारों लोगों के चेहरों पर निराशाएं दी हैं, उस इजराइल को दुनिया का पांचवां सबसे खुशहाल देश बताया गया है। इतना ही नहीं, युद्ध से पीड़ित क्षतिग्रस्त, हजारों मौतों का सामना कर रहा रूस 72वें, फिलस्तीन 103वें तथा यूक्रेन 105वें क्रम पर है। ये देश पीड़ाओं, निराशाओं व युद्ध के बावजूद भारत से अधिक खुशहाली की रैंकिंग



दर्शा रहे हैं। इस विश्व खुशहाली रिपोर्ट में बेमेल गणनाएं की गई हैं। इस सूची के तहत दुनिया की सबसे अधिक आबादी रखने वाले भारत और भारत की आबादी से एक फीसदी से भी बहुत कम आबादी रखने वाले देशों की जनसंख्या चुनौतियों व समस्याओं के मद्देनजर तुलनाएं करते हुए भी खुशहाली की गणना की गई है। प्रश्न यह है कि भारत जैसे दुनिया की बड़ी आबादी के साथ दुनिया के सातवें सबसे बड़े भूभाग रखने वाले भारत की तुलना दुनिया के छोटे-छोटे कम आबादी व कम चुनौतियां रखने वाले देशों से कैसे की जा सकती है? खुशहाली को महज आर्थिक प्रगति और संसाधनों की अधिकता के मद्देनजर देखा जाना उपयुक्त नहीं है। जिन कई देशों को दुनिया के अधिक खुशहाल देश बताया गया है, वहां आबादी बहुत कम है, चुनौतियां भी बहुत कम हैं तथा धार्मिक विद्वेष भी नहीं हैं। ऐसे कई छोटे देशों की सरकारों को किसी समस्या को सुलझाने में ज्यादा समय नहीं लगता है। ऐसे देशों की तुलना बड़ी-बड़ी समस्याओं का सामना कर रहे विशाल देशों से कैसे की जा सकती है? इस वैश्विक खुशहाली सूची में भारत के संबंध में कुछ ऐसे विश्व स्तर पर चमकीले परिदृश्य को ध्यान में नहीं रखा गया है जिनके लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक सहित दुनिया के कई आर्थिक-सामाजिक संगठन अपने शोध पत्रों के आधार पर भारत में नए प्रयासों की सराहना करते हुए दिखाई दे रहे हैं। भारत में मानव विकास के तहत गरीबी में कमी लाने के प्रयास को भारी सफलता मिली है। पिछले एक दशक में भारत में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। पूरी दुनिया में रेखांकित हो रहा है कि भारत आम आदमी को डिजिटल दुनिया से जोडऩे वाला दुनिया का प्रमुखतम देश है। भारत में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज मिल रहा है। भारत में सरकार के द्वारा गरीबों व किसानों के बैंक खातों में सीधे 32 लाख करोड़ से अधिक धनराशि भेजकर उनका सशक्तिकरण किया गया है। चाहे खुशहाली की सूची में विभिन्न देशों की रैंकिंग अनुचित और अन्यायपूर्ण ढंग से की गई है, लेकिन हमें भारत में आम आदमी के आर्थिक कल्याण, आम आदमी की आमदनी बढ़ाने तथा खुशहाली के विभिन्न पैमानों पर बहुत आगे बढऩे के लिए अभी मीलों चलना है। हमें भारत में खुशहाली बढ़ाने व आय असमानता के बड़े अंतर को कम करने के लिए बड़े प्रयास करने हैं। 21 मार्च को प्रकाशित न्यूयार्क यूनिवर्सिटी रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2022-23 में भारत की कुल आय का 22.6 फीसदी हिस्सा सबसे अमीर एक फीसदी लोगों के पास गया। वर्ष 2022-23 में देश की सबसे अमीर एक फीसदी आबादी के पास राष्ट्रीय संपत्ति का 39.5 फीसदी हिस्सा था, जबकि सबसे गरीब 50 फीसदी आबादी के पास केवल 6.5 फीसदी हिस्सा था। यह परिदृश्य बताता है कि भारत में असमानता बढ़ी है। स्टडी में कहा गया है कि भारत में संपत्ति टैक्स सिस्टम प्रतिगामी है, जिसका अर्थ है कि अमीर लोग अपनी संपत्ति के अनुपात में कम टैक्स दे रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में बड़े निवेशों को फंड करने के लिए टैक्स शेड्यूल में बदलाव करके आय और धन दोनों को टैक्स योग्य बनाया जाना होगा। हमें देश में मानव विकास के विभिन्न पैमानों पर तेजी से आगे बढऩे पर ध्यान देना होगा। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) रिपोर्ट 2022 में भारत 193 में से 134वें स्थान पर है। यद्यपि भारत की रैंकिंग में पिछले वर्ष की एचडीआई-2021 रिपोर्ट के मुकाबले एक पायदान का सुधार हुआ है। भारत पिछले 34 वर्षों से 131 से 135वें स्थान पर झूल रहा है। एचडीआई का तात्पर्य मानव विकास के तीन बुनियादी आयामों- लंबा और स्वस्थ जीवन, शिक्षा तक पहुंच और सभ्य जीवन स्तर में औसत उपलब्धियों के आकलन से है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र ने नए मानव विकास सूचकांक में भारत की औसत बढ़त को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ कहा है। पिछले एक वर्ष में भारतीयों की औसत आमदनी में 6.3 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। भारत में जीवन प्रत्याशा में शानदार वृद्धि हुई है। एक वर्ष पहले भारत में जीवन प्रत्याशा का औसत 62.2 था जो अब बढक़र 67.7 हो गया है। भारत ने लैंगिक असमानता को कम करने में भी प्रगति प्रदर्शित की है।

दृष्टि कोण

# परिवारवाद की जकड़न में फंसता लोकतंत्र

**भारत** एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है। यह सभी जानते हैं कि भारत में जनता के लिए जनता का ही शासन है। जनता के शासन का सीधा तात्पर्य यही है कि जनता अपने बीच के किसी व्यक्ति को नायक बनाकर अपना प्रतिनिधि बनाती है। लोकतंत्र में जनता की पसंद और नापसन्द को ही महत्वपूर्ण माना जाता है, लेकिन आज हमारे देश में राजनीतिक दल अपने ही परिवार के कुछ लोगों को जबरदस्ती आगे करके नायक बनाने का खेल खेल रहीं हैं। यह खेल निश्चित रूप से लोकतंत्र को कमजोर करने वाला कहा जा सकता है। इस श्रेणी में एक या दो दल नहीं, कमोवेश हर राजनीतिक दल आज परिवारवाद की राह का अनुसरण करने के लिए अग्रसर हो रहा है। सवाल यह आता है कि आज नेता का बेटा या बेटी को ही विरासत सौंपने का चलन क्यों बढ़ रहा है, जबकि सारे राजनीतिक दल विशेषकर विपक्षी राजनीतिक दल लोकतंत्र को बचाने का नाराज बुलंद करने का सब्जबाग़ दिखा रहे हैं। अभी कुछ दिन पूर्व दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्षी राजनीतिक दलों ने लोकतंत्र बचाने के नाम पर एक रैली की, जिसमें परिवार को राजनीतिक विरासत सौपने की ही राजनीति दिखाई दी। इसका तात्पर्य यही हो सकता है कि अब विपक्षी दल लोकतंत्र के बजाय परिवारवाद को ज्यादा महत्वपूर्ण मान रहे हैं। लोकसभा चुनाव में सत्ता चाह की रास्ते तलाश करने वाला विपक्ष आज पूरी तरह से परिवारवाद की राजनीति को ही चरितार्थ करने की ओर अग्रसर होता दिखाई दे रहा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की गिरफ़्तारी के पश्चात विपक्षी राजनीतिक दलों की राजनीति परिवार को आगे लाने की क़वायद करने वाली ही लग रही है। पहले कांग्रेस, समाज़वादी पार्टी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, शिवसेना उद्धव ठाकरे और राष्ट्रीय जनता दल केवल अपने परिवार को ही आगे करके राजनीति करते रहे और आज भी कर रहे हैं, लेकिन अब इस दिशा में आम आदमी पार्टी और झारखण्ड मुक्ति मोर्चा भी शामिल हो गयी है। मुख्यमंत्री केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने भी अब सक्रिय राजनीति में कदम रख दिया है। हालांकि वे जनता की सहानुभूति पाने के लिए अरविन्द केजरीवाल के राजनीतिक अस्तित्व को फिर से स्थापित करने का प्रयास करेंगी, लेकिन केजरीवाल पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों पर विपक्ष की ओर से कोई भी बोलने के लिए तैयार नहीं है। जिस भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए आज से एक दशक पूर्व दिल्ली के




रामलीला मैदान से पटकथा लिखी गई, आज वही रामलीला मैदान भ्रष्टाचार के आरोप लगने पर केजरीवाल को बचाने का गवाह बना। लोकतंत्र बचाने के नाम पर की गयी इस रैली को किसी आभासी प्रहसन से कम नहीं कहा जा सकता। अगर केजरीवाल ने कुछ किया नहीं होता तो उसे न्यायालय से आरोप मुक्त करके छोड़ दिया जाता। पहले प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत के बाद अब केजरीवाल न्यायिक हिरासत में दिल्ली की तिहाड़ जेल में हैं। ऐसे में यह भी स्पष्ट हो जाता है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल के पास अपने बचाव के लिए ठोस प्रमाण नहीं हैं। यह बात सही है कि एक समय दिल्ली की जनता भ्रष्टाचार और वर्तमान राजनीतिक कार्य प्रणाली से बहुत त्रस्त हो गई थी, ऐसी स्थिति में जनता को केजरीवाल में एक नायक दिखाई दिया, जो जननायक बनने की श्रेणी में आ सकता था, लेकिन ज़ब उन पर और उनके मंत्रियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगने लगे, तब इस पटकथा की इबारत बदली हुई सी लगने लगी। अब आप पार्टी के नेता और राज्यसभा के सांसद संजय सिंह दो लाख के निजी मुचलके पर जेल से सशर्त बाहर आए तो उनका स्वागत ऐसे किया गया, जैसे वे आरोप मुक्त हो गए हों। आम आदमी पार्टी के इस प्रकार के चरित्र को देखकर यही कहा जा सकता है कि जो पार्टी राजनीति में बदलाव लाने का सपना दिखाकर मैदान में आई थी, आज वह भी समय के अनुसार बदल गई है। खैर यहां परिवारवाद की बात हो रही है। आप नेता संजय सिंह जेल से छूटने के बाद अरविन्द केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मिलने पहुंचे। यह वाकया निश्चित ही यह संकेत दे रहा है कि अब संभवतः सुनीता केजरीवाल दिल्ली में आम आदमी पार्टी के सपनों को पूरा करने वाली हैं। यह बात एक दम प्रामाणिक रूप से कही जा सकती है कि भारतीय लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा परिवारवाद है।

कुछ अलग

# इलेक्टोरल बॉण्ड

**चुनावी** बॉण्ड असंवैधानिक करार कर उनसे राजनीतिक दलों को चुनाव फण्डिंग न किए जाने के सुप्रीमकोर्ट के आदेश के बाद यह संज्ञान में रहना चाहिए कि कम से कम मान्य चुनावी प्रक्रियाओं के संदर्भ में चुनावी बॉण्ड से मिला धन शुचिता वाला धन न होकर काले धन के समतुल्य ही था। दुखद यह रहा कि जब प्रजातांत्रिक चुनावों में काले धन का वर्चस्व हर बीतते चुनावों के साथ बढ़ता ही जा रहा था, चुनावी बॉण्ड की गुमनामी धनराशि भी उसी रूप में इसमें मददगार भी हो रही थी। जब ये एन चुनावों के पहले जारी होते थे, तब तो खासकर इनसे पाए करोड़ों रुपयों से राजनीतिक दलों को चुनाव लडऩे में आसानी होती थी। लगभग पांच साल देरी से आए इस निर्णय से पहले चुनावों में गैर-बराबरी जारी थी। इससे कई दलीय उम्मीदवारों की हार-जीत पर असर भी पड़ा होगा। जब चुनावी फण्डिंग की चुनावी बॉण्ड योजना आई थी, तो संसदीय परम्परा के विशेषज्ञ सुभाष कश्यप का विचार था कि राजनीतिक दल चुनावों में कालेधन का भारी उपयोग करते हैं। राजनीतिक दलों को इन बॉण्डों को देने वालों का नाम जाहिर करना बाध्यकारी नहीं है, अतः पारदर्शिता का अभाव तो रहेगा ही। जिनका गैर-कानूनी काम किया गया है वे भी तो नेताओं के कहने पर उनके दलों को बॉण्ड दे सकते हैं। फर्जी कम्पनियों के माध्यम से राजनीतिक बॉण्ड खरीदकर राजनीतिक आकाओं के दलों को उपकृत करने की संभावनाओं से भी इन्कार नहीं किया जा सकता। ऐसा धन राजनीतिक इस्तेमाल के लिए शुचिता वाला धन कैसे हुआ? अक्टूबर 2023 में पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी का बयान था कि इलैक्टोरल बॉण्ड के पहले जो कुछ पारदर्शिता थी वह भी खत्म हो गई। पहले राजनीतिक दलों को बीस हजार रुपए और उससे ज्यादा धन देने वालों की सूची चुनाव आयोग के पास होती थी। वह उनको सार्वजनिक भी करता था, परन्तु इलैक्टोरल बॉण्ड जारी होने के बाद यह अनिवार्यता और पारदर्शिता भी नहीं रही। समाचारों में ही था कि नवम्बर 2023 में जिन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए थे, वहां जब्त राशि पिछले विधानसभा चुनावों के मुकाबले सात गुणा ज्यादा थी। यदि सालों के अंतराल के बाद 31 अक्टूबर 2023 से चुनावी बॉण्ड की वैधता पर पुनः शुरू हुई सुनवाई पूरी होने के बाद भी उच्चतम न्यायालय की पांच न्यायाधीशों की संवैधानिक पीठ ने अपना निर्णय 2 नवम्बर 2023 को सुरक्षित न रखा होता तो शायद नवम्बर 2023 के विधानसभा चुनावों के पहले चुनावी बॉण्ड जारी भी न होते। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की 29 शाखाओं से 29वीं बार 6 नवम्बर से 20 नवम्बर 2023 के दौरान चुनावी बॉण्डों की बिक्री, खरीददारी हुई थी। पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में जो दो नवम्बर के काफी बाद हुए थे, कुछ राजनीतिक दलों को चुनावी बॉण्ड का फायदा मिल ही गया। पहली बार चुनावी बॉण्ड मार्च 2018 में बिके थे। इसके बाद वे विभिन्न सालों में विभिन्न अवधियों में बिकते रहे। अप्रैल 2021 में भी गैर-सरकारी संस्था एडीआर (एसोसियेशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स) ने सुप्रीमकोर्ट में दायर याचिका में तब कुछ राज्यों में होने वाले विधानसभा के चुनावों के पूरे होने तक इलैक्टोरल बॉण्ड की बिक्रियों पर रोक लगाने की मांग की थी, किन्तु बेंच ने उसे खारिज कर दिया। केन्द्र ने एक अप्रैल 2021 से 10 अप्रैल 2021 तक बॉण्ड जारी भी किए थे। अदालत ने टिप्पणी भी की थी कि यह दलील मानना मुश्किल है कि मतदाताओं को राजनीतिक चंदों का स्त्रोत जानने का अधिकार नहीं है। बहरहाल कोर्ट के फैसले का स्वागत है।

देश दुनिया से

# राजनीति में बदल रहे नैतिकता के मायने

> आज की राजनीति को देखकर ऐसा लगने लगा है कि नैतिकता की राजनीति दूसरा तो अवश्य करें, पर ज़ब स्वयं को नैतिकता की कसौटी पर परखने की बारी आए तब नैतिकता के मायनों को बदल दिया जाता है। भारतीय राजनीति में राजनेताओं पर आरोप लगने पर कई लोगों ने अपने पद को त्याग दिया था, दिल्ली के शराब घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने भारतीय राजनीति को अलग राह पर ले जाने का उदाहरण पेश किया है, हालांकि इस उदाहरण को आदर्श वादिता के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि केजरीवाल भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किए गए हैं।

**भारतीय** राजनीति में ऐसे कई उदाहरण दिए जा सकते हैं, जो आज भी नैतिकता के आदर्श हैं। लेकिन आज की राजनीति को देखकर ऐसा लगने लगा है कि नैतिकता की राजनीति दूसरा तो अवश्य करें, पर ज़ब स्वयं को नैतिकता की कसौटी पर परखने की बारी आए तब नैतिकता के मायनों को बदल दिया जाता है। भारतीय राजनीति में राजनेताओं पर आरोप लगने पर कई लोगों ने अपने पद को त्याग दिया था, दिल्ली के शराब घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने भारतीय राजनीति को अलग राह पर ले जाने का उदाहरण पेश किया है, हालांकि इस उदाहरण को आदर्श वादिता के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि केजरीवाल भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किए गए हैं। यह एक मुख्यमंत्री पद पर रहने वाले व्यक्ति के लिए शोभनीय नहीं हैं। केजरीवाल स्वयं कहते थे कि वे राजनीति में भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए आए हैं, लेकिन अब ज़ब उन पर ही सवाल उठ रहे हैं, तब उनसे भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति की आशा करना बेमानी ही कही जाएगी। यहाँ सवाल यह भी उठ रहा है कि दिल्ली के शराब घोटाले में अभी तक जिन पर आरोप लग रहे हैं, उनको जमानत लेने का पर्याप्त आधार नहीं मिल रहा, इसका आशय यह भी है कि सरकार की ओर से कोई न कोई गलत आचरण किया गया होगा, अन्यथा एक मुख्यमंत्री को ऐसे ही गिरफ्तार नहीं किया जाता। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से भी यही कहा जा रहा है, उसके पास इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि आम आदमी पार्टी के नेताओं के संकेत पर पैसों का लेनदेन हुआ। दिल्ली में शराब घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जिस प्रकार से प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया है, उस पर विपक्ष की ओर से सत्ता पक्ष पर कई प्रकार के सवाल उठाए जा रहे हैं। सवाल उठाना विपक्ष की राजनीतिक मजबूरी हो सकती है, लेकिन इन सवालों की परिधि में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से जो आरोप लगाए जा रहे हैं, उस पर विपक्ष कुछ भी बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। इससे इस बात को भी बल मिलता है कि दाल में कुछ काला अवश्य है। प्रवर्तन निदेशालय ने यह साफ तौर पर संकेत दिया है कि केजरीवाल शराब घोटाले का मुख्य आरोपी है। अब यह जांच के बाद ही पता चलेगा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर लगाए जा रहे आरोप किस हद तक सही हैं या फिर केजरीवाल अपने आपको निर्दोष साबित कर पाते हैं या नहीं। अगर प्रवर्तन निदेशालय की ओर से लगाए गए आरोपी प्रमाणित होते हैं तो यह स्पष्ट कहा जा सकता है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक संवैधानिक पद के प्रभाव का दुरुपयोग किया है। हम यह भली भांति जानते हैं कि अरविंद केजरीवाल अण्णा हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन की उपज हैं। उस समय अरविंद केजरीवाल ने अपने आपको ऐसा प्रचारित किया कि एक वे ही भारतीय राजनीति के उच्चतम आदर्श हैं। लेकिन उनके आचरण पर स्वयं अण्णा हजारे ने सवाल उठाए थे, हालांकि अण्णा हजारे के सवालों को केजरीवाल ने दरकिनार कर दिया। इसका तात्पर्य यही है कि अन्ना हजारे राजनीति में जिस प्रकार का पारदर्शी व्यवहार चाहते थे, वैसा दिखाई नहीं दे रहा था। अब अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर भी समाजसेवी अण्णा हजारे की ओर से साफ सुथरी टिप्पणी आई है, जिसमें अण्णा हजारे ने शराब पर नीति बनाने से रोका था। अण्णा हजारे ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को उनके कर्मों का परिणाम बताया। आज दिल्ली का शराब घोटाला यही चरितार्थ करते हुए लग रहा है कि शराब किसी भी संस्था या व्यक्ति को बर्बाद कर देती है। यह बात केजरीवाल पर लागू होती है या नहीं, यह तो समय बताएगा, लेकिन जब आग लगती है तब ही धुंआ उठता है और इस धुंए का कालिमा किस किस के शक्ल को बिगाड़ने का काम करेगी, यह समय के गर्भ में है। केजरीवाल की सरकार पर सवाल उठना तो उसी समय प्रारंभ हो गए थे, जब उनका पहला मंत्री जेल में गया। उसके बाद तो जैसे लाइन ही लग गई। राजनीतिक शुचिता लाने का दम दिखाने वाले आम आदमी पार्टी के नेताओं पर इस प्रकार के आरोप लगने केवल राजनीतिक विद्वेष नहीं हो सकता। अगर यह कार्यवाही राजनीतिक होती तो स्वाभाविक रूप से इन सभी को जमानत भी मिल जाती। जमानत नहीं मिलने से यह आशंका प्रबल हो जाती है कि भ्रष्टाचार हुआ है। आम आदमी पार्टी के नेता भी केवल अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का ही विरोध कर रहे हैं, कोई भी यह नहीं कह रहा कि दिल्ली में शराब घोटाला नहीं हुआ या फिर गोवा के चुनाव में आम आदमी पार्टी ने भ्रष्टाचार का पैसा नहीं लगाया।



आप का नजरिया

# सियासी आबंटन की सरहदें

**हिमाचल** में सत्ता संग्राम की सीढियों पर सामाजिक विवेचन की अद्भुत पहल भी देखी जा रही है। यहां मतदाता अपनी जातियों के आधार पर समूह और वर्ग पर केंद्रित सियासी काफिले बना रहे हैं। आश्चर्य यह कि हम विधानसभा क्षेत्रों में नए राजनीतिक आबंटन की सरहद पर खड़े हैं। शुरुआत कांगड़ा से हुई, तो कांग्रेस के सामने कई समूह बोलियां लगा रहे हैं। भाजपा के मापतौल पहले ही अपने अंकगणित को पूरा कर चुके हैं, लेकिन कांग्रेस के घर में जातिवाद की खिड़कियां आपस में झगड़ रही हैं। विधानसभा के धर्मशाला सीट पर कई जातियां और वर्ग कांग्रेस के सोच पर मंडरा रहे हैं। पहली बैठक गद्दी समुदाय की तरफ से हुई, तो कांग्रेस बनाम भाजपा के बीच यह वर्ग अपने सियासी वजूद की वेदना के साथ सामने खड़ा हो गया। अब ओबीसी समाज ने कांग्रेस की दीवारों पर हक जताते हुए पोस्टर चस्पां करके कई नाम उकेरे हैं। सत्ता से सामाजिक दायरों तक मापतौल का एक पैमाना चुनाव हो सकता है, लेकिन क्या हिमाचल अब इस रूप में पहचाना जाएगा। बेशक किसी भी समुदाय, जाति या गोत्र में पैदा होकर कोई व्यक्ति विभिन्न क्षेत्रों में अव्वल हो सकता है, लेकिन सत्ता का बंटवारा अब बहस का विषय है। स्वयं राहुल गांधी ने कांग्रेस के आधार को पिछड़ों, दलितों, वंचितों और अल्पसंख्यकों की शुमारी में आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है, तो इस तर्क पर हिमाचल में पार्टी के टिकट आबंटन पर असर पड़ सकता है। पहले भी कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से चंद्र कुमार कांग्रेस की टिकट पर सांसद बन कर सामाजिक न्याय के प्रतीक रहे हैं। गद्दी समुदाय से किशन कपूर लोकसभा से हाल ही में निवृत्त हुए हैं। जातीय समीकरणों के आधार पर ही अगर टिकटें सुनिश्चित होतीं, तो प्रदेश को जीएस बाली जैसा नेता नहीं मिलता। यह भ्रम फैलाया जा रहा है कि नेता को जाति, वर्ग या समुदाय बनाता है। नगरोटा बगवां की लगभग आधी आबादी ओबीएस वर्ग से संबंध रखती है, लेकिन जीतने वाले के लिए जातियां दोयम साबित हो रही हैं। समाज वहां अगर सही नेतृत्व ढूंढते हुए जाति भूल रहा है, तो उसे सलाम। आश्चर्य यह कि हिमाचल में नेतृत्व के लिए सत्ता पक्ष ने दो ही जातियां आज तक उपयोगी मानी। सरकारों का इतिहास बताता है कि हिमाचल में सबसे अधिक बार राजपूत मुख्यमंत्री ही बने, जबकि दो बार ब्राह्मण वर्ग के शांता कुमार इस पद पर रहे। नेता तो अन्य जातियों, वर्गों और समुदाय में भी शक्तिशाली व पारंगत हुए, लेकिन इस राज्य की कमान उन्हें अब तक नहीं मिली। ओबीसी तथा गद्दी समुदाय से कई दिग्गज नेता हुए, लेकिन उनके मंत्रालय भी प्रभावशाली साबित नहीं हुए। राजनीति का बदलता परिदृश्य हिमाचली समाज की पेशकश में नेताओं का फिर से मुआयना कर रहा है। सर्वमान्य होने से पहले जो नेता जातियों या वर्गों की वर्दी पहनकर उछलकूद कर रहे हैं, उन्हें पहचाना जाए या जिन्होंने सीढियां चढ़ते हुए यह साबित किया कि वे इस तरह की तफतीश से ऊपर हैं। गाहे-बगाहे हम चुनावों की परिपाटी में समाज के बीच अनावश्यक बंटवारे को देख लेते हैं। समाज को अब साधने और हांकने के लिए राजनीति नित नए बहाने ढूंढ रही है और इसकी विडंबना से हम ऐसे जनप्रतिनिधियों के पल्ले पड़ गए हैं, जो या तो परिवारवाद या जातिवाद की उपज हैं।

# नवरात्र के दूसरे दिन करें इस चालीसा का पाठ और आरती, आय और सौभाग्य में होगी वृद्धि




चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन जगत जननी आदिशक्ति मां दुर्गा के द्वितीय स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की जाती है। साथ ही मनोवांछित फल की प्राप्ति हेतु व्रत-उपवास रखा जाता है। धार्मिक मत है कि मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने वाले साधक को सभी शुभ कार्यों में सिद्धि प्राप्ति होती है। इस दिन जातक का मन स्थिर रहता है। शास्त्रों में मां ब्रह्मचारिणी की महिमा का गुणगान किया गया है। मां ब्रह्मचारिणी बेहद दयालु हैं। अपने भक्तों पर असीम और अनंत कृपा बरसाती हैं। मां की कृपा से साधक को मृत्यु लोक में स्वर्ग समान सुखों की प्राप्ति होती है। अगर आप भी सुख और सौभाग्य में वृद्धि पाना चाहते हैं, तो चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन पूजा के समय इस चालीसा का पाठ और आरती करें।

**दोहा–** कोटि कोटि नमन मात पिता को, जिसने दिया ये शरीर।
बलिहारी जाऊँ गुरू देव ने, दिया हरि भजन में सीर।।
स्तुति– चन्द्र तपे सूरज तपे, और तपे आकाश ।
इन सब से बढकर तपे,माता का सुप्रकाश ।।
मेरा अपना कुछ नहीं, जो कुछ है सो तेरा ।
तेरा तुझको अर्पण, क्या लागे मेरा ।।
पद्म कमण्डल अक्ष, कर ब्रह्मचारिणी रूप ।
हंस वाहिनी कृपा करो, पडू नहीं भव कूप ।।
जय जय श्री ब्रह्माणी, सत्य पुंज आधार ।
चरण कमल धरि ध्यान में, प्रणबहुँ माँ बारम्बार ।।
चौपाई– जय जय जग मात ब्रह्माणी,
भक्ति मुक्ति विश्व कल्याणी।
वीणा पुस्तक कर में सोहे,
शारदा सब जग सोहे ।।
हँस वाहिनी जय जग माता,
भक्त जनन की हो सुख दाता।
ब्रह्माणी ब्रह्मा लोक से आई,
मात लोक की करो सहाई।।
क्षीर सिन्धु में प्रकटी जब ही,
देवों ने जय बोली तब ही।
चतुर्दश रतनों में मानी,
अदभुत माया वेद बखानी।।
चार वेद षट शास्त्र कि गाथा,
शिव ब्रह्मा कोई पार न पाता।
आदि शक्ति अवतार भवानी,
भक्त जनों की मां कल्याणी।।
जबजब पाप बढे अति भारी,
माता शस्त्र कर में धारी।
पाप विनाशिनी तू जगदम्बा,
धर्म हेतु ना करी विलम्बा।।
नमो: नमो: ब्रह्मी सुखकारी,
ब्रह्मा विष्णु शिव तोहे मानी।
तेरी लीला अजब निराली,
सहाय करो माँ पल्लू वाली।।
दुःख चिन्ता सब बाधा हरणी,
अमंगल में मंगल करणी।
अन्न पूरणा हो अन्न की दाता,
सब जग पालन करती माता।।
सर्व व्यापिनी असंख्या रूपा,
तो कृपा से टरता भव कूपा।
चंद्र बिंब आनन सुखकारी,
अक्ष माल युत हंस सवारी।।
पवन पुत्र की करी सहाई,
लंक जार अनल सित लाई।
कोप किया दश कन्ध पे भारी,
कुटुम्ब संहारा सेना भारी।।
तु ही मात विधी हरि हर देवा,
सुर नर मुनी सब करते सेवा।
देव दानव का हुआ सम्वादा,
मारे पापी मेटी बाधा।।
श्री नारायण अंग समाई,
मोहनी रूप धरा तू माई।।
देव दैत्यों की पंक्ति बनाई,
देवों को मां सुधा पिलाई।।
चतुराई कर के महा माई,
असुरों को तू दिया मिटाई।
नौ खण्ड मांही नेजा फरके,
भागे दुष्ट अधम जन डर के।।
तेरह सौ पेंसठ की साला,
आस्विन मास पख उजियाला।
रवि सुत बार अष्टमी ज्वाला,
हंस आरूढ कर लेकर भाला।।
नगर कोट से किया पयाना,
पल्लू कोट भया अस्थाना।
चौसठ योगिनी बावन बीरा,
संग में ले आई रणधीरा।।
बैठ भवन में न्याय चुकाणी,
द्वारपाल सादुल अगवाणी।
सांझ सवेरे बजे नगारा,
उठता भक्तों का जयकारा।।
मढ़ के बीच खड़ी मां ब्रह्माणी,
सुन्दर छवि होंठो की लाली ।
पास में बैठी मां वीणा वाली,
उतरी मढ़ बैठी महाकाली ।।
लाल ध्वजा तेरे मंदिर फरके,
मन हर्षाता दर्शन करके।
दूर दूर से आते रेला,
चैत आसोज में लगता मेला।।
कोई संग में, कोई अकेला,
जयकारो का देता हेला।
कंचन कलश शोभा दे भारी,
दिव्य पताका चमके न्यारी।।
सीस झुका जन श्रद्धा देते,
आशीष से झोली भर लेते।
तीन लोकों की करता भरता,
नाम लिए सब कारज सरता ।।
मुझ बालक पे कृपा कीज्यो,
भुल चूक सब माफी दीज्यो।
मन्द मति जय दास तुम्हारा,
दो मां अपनी भक्ती अपारा ।।
जब लगि जिऊ दया फल पाऊं,
तुम्हरो जस मैं सदा सुनाऊं।
श्री ब्रह्माणी चालीसा जो कोई गावे,
सब सुख भोग परम सुख पावे ।।
दोहा– राग द्वेष में लिप्त मन,
मैं कुटिल बुद्धि अज्ञान ।
भव से पार करो मातेश्वरी,
अपना अनुगत जान ।।

मां ब्रह्मचारिणी की आरती
जय अंबे ब्रह्माचारिणी माता।
जय चतुरानन प्रिय सुख दाता।
ब्रह्मा जी के मन भाती हो।
ज्ञान सभी को सिखलाती हो।
ब्रह्मा मंत्र है जाप तुम्हारा।
जिसको जपे सकल संसारा।
जय गायत्री वेद की माता।
जो मन निस दिन तुम्हें ध्याता।
कमी कोई रहने न पाए।
कोई भी दुख सहने न पाए।
उसकी विरति रहे ठिकाने।
जो तेरी महिमा को जाने।
रुद्राक्ष की माला ले कर।
जपे जो मंत्र श्रद्धा दे कर।
आलस छोड़ करे गुणगाना।
मां तुम उसको सुख पहुंचाना।
ब्रह्मचारिणी तेरो नाम।
पूर्ण करो सब मेरे काम।
भक्त तेरे चरणों का पुजारी।
रखना लाज मेरी महतारी।

## चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन 'प्रीति योग' समेत बन रहे हैं ये 3 शुभ संयोग

चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-उपासना एवं साधना की जाती है। साथ ही उनके निमित्त व्रत रखा जाता है। कई साधक निर्जला उपवास रखते हैं। वहीं, कई साधक फलाहार व्रत रखते हैं। मां ब्रह्मचारिणी एक हाथ में कमंडल तो दूजे हाथ में माला धारण कर रखी हैं। शास्त्रों में मां की महिमा निम्न श्लोक से की गई है।

**देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा ।।**

धार्मिक मत है कि मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने से साधक के जीवन में व्याप्त सभी प्रकार की बाधा दूर हो जाती है। मां की भक्ति करने वाले साधकों को अनंत फल की प्राप्ति होती है। साथ ही विषम परिस्थिति में भी मन विचलित नहीं होता है। ज्योतिषियों की मानें तो नवरात्र के दूसरे दिन प्रीति योग का निर्माण हो रहा है। इस योग में मां की पूजा करने से साधक के सकल मनोरथ सिद्ध हो जाते हैं। आइए, योग के बारे में जानते हैं–

**शुभ मुहूर्त–** चैत्र नवरात्र की द्वितीया तिथि की शुरुआत 09 अप्रैल को शाम 08 बजकर 30 मिनट पर शुरू होगी और 10 अप्रैल को शाम 05 बजकर 32 मिनट पर समाप्त होगी। ज्योतिषियों की मानें तो चैत्र नवरात्र की द्वितीया तिथि 10 अप्रैल को शाम 05 बजकर 32 मिनट तक है। इस दौरान जगत जननी आदिशक्ति मां दुर्गा की द्वितीय शक्ति मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-उपासना कर सकते हैं।

**योग–** ज्योतिषियों की मानें तो चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन प्रीति योग का निर्माण हो रहा है। इसके अलावा, बालव और कौलव करण का भी संयोग बन रहा है। प्रीति योग का निर्माण सुबह 10 बजकर 39 मिनट से हो रहा है, जो अगले दिन 11 अप्रैल को सुबह 07 बजकर 19 मिनट पर समाप्त होगा। इस योग में मां दुर्गा की पूजा करने से साधक को अक्षय फल की प्राप्ति होती है। वहीं, बालव करण का योग सुबह 06 बजकर 58 मिनट तक है। इसके बाद कौलव करण का निर्माण हो रहा है, जो संध्याकाल 05 बजकर 32 मिनट तक है।

**सूर्योदय और सूर्यास्त का समय**

सूर्योदय – सुबह 06 बजकर 01 मिनट पर
सूर्यास्त – शाम 06 बजकर 44 मिनट पर
चन्द्रोदय– सुबह 06 बजकर 51 मिनट पर
चंद्रास्त– शाम 08 बजकर 43 मिनट पर

**पंचांग–** ब्रह्म मुहूर्त – सुबह 04 बजकर 30 मिनट से 05 बजकर 16 मिनट तक
विजय मुहूर्त – दोपहर 02 बजकर 30 मिनट से 03 बजकर 21 मिनट तक
गोधूलि मुहूर्त – शाम 06 बजकर 43 मिनट से 07 बजकर 06 मिनट तक
निशिता मुहूर्त – रात्रि 11 बजकर 59 मिनट से 12 बजकर 44 मिनट तक

**अशुभ समय–** राहुकाल – दोपहर 12 बजकर 22 मिनट से 01 बजकर 58 मिनट तक
गुलिक काल – सुबह 10 बजकर 47 मिनट से 12 बजकर 22 मिनट तक
दिशा शूल – उत्तर



## विनायक चतुर्थी पर करें इस स्तोत्र का पाठ, सुख और सौभाग्य में होगी वृद्धि

विनायक चतुर्थी का पर्व गणपति बप्पा को समर्पित है। हर माह में चतुर्थी का पर्व 2 बार आता है। एक कृष्ण पक्ष में और दूसरा शुक्ल पक्ष में। इस बार चैत्र माह में विनायक चतुर्थी 12 अप्रैल को मनाई जाएगी। धार्मिक मान्यता है कि विनायक चतुर्थी पर भगवान गणेश जी की पूजा और व्रत करने से साधक को शुभ फल की प्राप्ति होती है। साथ ही इंसान को जीवन के सभी दुखों से छुटकारा मिलता है। इसके अलावा चतुर्थी के दिन पूजा के समय गणेश स्तोत्र का पाठ अवश्य करना चाहिए। माना जाता है कि ऐसा करने से जीवन में मंगल ही मंगल होता है। आइए पढ़ते हैं गणेश स्तोत्र।

### गणेश स्तोत्र

शृणु पुत्र महाभाग योगशान्तिप्रदायकम् ।
येन त्वं सर्वयोगज्ञो ब्रह्मभूतो भविष्यसि ।।
चित्तं पञ्चविधं प्रोक्तं क्षिप्तं मूढं महामते ।
विक्षिप्तं च तथैकाग्रं निरोधं भूमिसज्ञकम् ।।
तत्र प्रकाशकर्ताऽसौ चिन्तामणिहृदि स्थितः ।
साक्षाद्योगेश योगेज्ञैर्लभ्यते भूमिनाशनात् ।।
चित्तरूपा स्वयंबुद्धिश्चित्तभ्रान्तिकरी मता ।
सिद्धिर्माया गणेशस्य मायाखेलक उच्यते ।।
अतो गणेशमन्त्रेण गणेशं भज पुत्रक ।
तेन त्वं ब्रह्मभूतस्तं शन्तियोगमवापस्यसि ।।
इत्युक्त्वा गणराजस्य ददौ मन्त्रं तथारुणिः ।
एकाक्षरं स्वपुत्राय ध्यनादिभ्यः सुसंयुतम् ।।
तेन तं साधयति स्म गणेशं सर्वसिद्धिदम् ।
क्रमेण शान्तिमापन्नो योगिवन्द्योऽभवत्ततः ।।
गणेश गायत्री मंत्र
ॐ एकदंताय विद्महे, वक्रतुण्डाय धीमहि, तन्नो दंती प्रचोदयात् ।।
ॐ महाकर्णाय विद्महे, वक्रतुण्डाय धीमहि, तन्नो दंती प्रचोदयात् ।।
ॐ गजाननाय विद्महे, वक्रतुण्डाय धीमहि, तन्नो दंती प्रचोदयात् ।।

## मेष संक्रांति पर राशि अनुसार करें इन मंत्रों का जप

### प्राप्त होगा आरोग्य जीवन का वरदान

ज्योतिषीय गणना के अनुसार 13 अप्रैल को मेष संक्रांति है। इस तिथि पर सूर्य देव मीन राशि से निकलकर मीन राशि में गोचर करेंगे। सूर्य देव के मेष राशि में प्रवेश करने के साथ ही खरमास समाप्त हो जाएगा। कुंडली में




सूर्य ग्रह मजबूत रहने से व्यक्ति को जीवन में ऊंचा-मुकाम हासिल होता है। साथ ही आरोग्य जीवन का वरदान प्राप्त होता है। करियर और कारोबार में समय के साथ उन्नति होती है। अतः ज्योतिष कुंडली में सूर्य ग्रह मजबूत करने की सलाह देते हैं। अगर आप भी अपने करियर और कारोबार को नया आयाम देना चाहते हैं, तो मेष संक्रांति पर विधि-विधान से सूर्य देव की पूजा करें। साथ ही पूजा के समय राशि अनुसार निम्न मंत्रों का जप करें।

**राशि अनुसार मंत्र जप**

**मेष** राशि के जातक मेष संक्रांति पर 'ॐ सूर्याय नमः' मंत्र का जप करें।

**वृषभ** राशि के जातक मेष संक्रांति के दिन 'ॐ मित्राय नमः' मंत्र का जप करें।

**मिथुन** राशि के जातक मेष संक्रांति पर पूजा के समय 'ॐ रवये नमः' मंत्र का जप करें।

**कर्क** राशि के जातक सूर्य देव की कृपा पाने के लिए 'ॐ भानवे नमः' मंत्र का जप करें।

**सिंह** राशि के जातक मेष संक्रांति के दिन ' ॐ खगाय नमः' मंत्र का जप करें।

**कन्या** राशि के जातक सूर्य देव को प्रसन्न करने हेतु 'ॐ पूष्णे नमः' मंत्र का जप करें।

**तुला** राशि के जातक मेष संक्रांति पर 'ॐ हिरण्यगर्भाय नमः ' मंत्र का जप करें।

**वृश्चिक** राशि के जातक सूर्य देव की कृपा पाने हेतु 'ॐ मारीचाय नमः' मंत्र का जप करें।

**धनु** राशि के जातक मेष



संक्रांति पर 'ॐ आदित्याय नमः:' मंत्र का जप करें।

**मकर** राशि के सूर्य देव का आशीर्वाद पाने हेतु 'ॐ सावित्रे नमः' मंत्र का जप करें।

**कुंभ** राशि के जातक मेष संक्रांति पर 'ॐ अर्काय नमः' मंत्र का जप करें।

**मीन** राशि के जातक पूजा के समय 'ॐ भास्कराय नमः:' मंत्र का जाप करें।

## धरती पर स्वर्ग समान सुख प्राप्त करते हैं ऐसे लोग, जीवन भर रहते हैं प्रसन्न




सनातन धर्म में मोक्ष का विधान या वर्णन है। मोक्ष का तात्पर्य जन्म-मरण के चक्र से मुक्त होना है। पवित्र ग्रंथ 'गीता' में जगत के पालनहार भगवान श्रीकृष्ण अपने प्रिय शिष्य अर्जुन से कहते हैं– हे पार्थ! सत्य कार्य करने वाले, सत्य पर चलने वाले, माता-पिता की सेवा करने वाले, ईश्वर भक्ति करने वाले और ज्ञान अर्जन करने वाले साधक मुझे अति प्रिय है। ऐसे भक्तों को मृत्यु उपरांत मोक्ष की अवश्य ही प्राप्ति होती है। आचार्य चाणक्य ने भी अपनी रचना नीति शास्त्र में धर्म और कर्म पर विस्तार से वर्णन किया है। आचार्य चाणक्य की मानें तो धर्म पथ पर चलने वाले व्यक्ति को धरती पर ही स्वर्ग समान सुखों की प्राप्ति होती है। ऐसे लोगों में कई विशेष गुण पाए जाते हैं। आइए, इसके बारे में सबकुछ जानते हैं–

**मातृवत् परदारांश्च परद्रव्याणि लोष्ठवत्।**
**आत्मवत् सर्वभूतानि यः पश्यति स पश्यति।।**

आचार्य चाणक्य अपनी रचना नीति शास्त्र के बारहवें अध्याय के 13वें श्लोक में कहते हैं– जो व्यक्ति पराई स्त्री को माता समान देखता है, दूसरे के धन को पत्थर या ढेले समान देखता है और धरती पर उपस्थित सभी प्राणियों को अपनी आत्मा के समान देखता है, ऐसे व्यक्ति को धरती पर ही स्वर्ग समान सुखों की प्राप्ति होती है। नारायण की कृपा से ऐसे लोग धरती पर सर्वश्रेष्ठ और बुद्धिमान बनते हैं। इसके अगले श्लोक में आचार्य चाणक्य ने सज्जन पुरुष के बारे में बताया है।

आचार्य चाणक्य की मानें तो मीठा बोलने वाले, धर्म और कर्म करने वाले, दान देने वाले, गुरु के प्रति सम्मान और नम्रता रखने वाले, हृदय से गंभीर रहने वाले, आचरण में पवित्रता और परम पिता परमेश्वर की भक्ति करने वाले लोग ही सज्जन पुरुष होते हैं। ऐसे लोग भगवान कृष्ण को भी प्रिय होते हैं।

# कैमरे के सामने दिशा पाटनी ने दिखाईं कातिलाना अदाएं




बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी अपने बोल्ड फिगर और स्टनिंग फैशन सेंस के कारण लोगों के बीच लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका हॉटनेस भरा अंदाज देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं।एक्ट्रेस दिशा पाटनी अपनी ग्लैमरस अदाओं को लेकर फैंस के बीच काफी पॉपुलर रहती हैं। हालांकि फैंस भी उनकी हर एक झलक पाने के लिए फोटोज का बेसब्री से इंतजार करते हैं।हाल ही में एक्ट्रेस दिशा पाटनी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।दिशा पाटनी ने अपने इस लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान व्हाइट कलर का डीपनेक गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो बेहद ही हॉट और ग्लैमरस नजर आ रही हैं।गले में नेकलेस, लाइट मेकअप, ओपन हेयर को कर्ली स्टाइल कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। साथ ही फैंस भी उन पर से निगाहें हटाने का नाम नहीं ले रहे हैं।एक्ट्रेस की इन फोटोज पर उनकी बेस्ट फ्रेंड मौनी रॉय ने कॉमेंट करते हुए- माई मोस्ट ब्यूटिफुल लिखा है। फिर वहीं उनकी फौजी बहन खुशबू पाटनी ने लिखा है- मैं एक पंजाबी गाना अपनी बहन को डेडिकेट करना चाहती थी।

काश इंस्टा में ऐसा डेडिकेशन वाला बटन भी होता। वैसे बेहद खूबसूरत तस्वीरें हैं बहना।मौनी रॉय की इन तस्वीरों को पोस्ट हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 4 लाख से भी ज्यादा यूजर्स ने फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट कर दिया है।दिशा पाटनी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उन्हें 60 लाख से भी ज्यादा यूजर्स लाइक करते हैं।

# रेखा पर मरते थे अमिताभ तो इस सुपरस्टार से जया बच्चन को था सच्चा प्यार

## 'गुड्डी' ने कहा था- इतने हैंडसम आदमी के साथ...



कुछ समय पहले रिलीज हुई फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में रणवीर सिंह और आलिया के साथ तीन दिग्गज स्टार धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी नजर आए थे। इस फिल्म के रिलीज से पहले धर्मेंद्र ने जया से जुड़े एक पुराने किस्से पर रिएक्ट किया था, जब जया उन्हें बेहद पसंद किया करती थीं। फिल्म गुड्डी में धर्मेंद्र और जया ने एक साथ काम किया था। ये किस्सा उसी फिल्म के दौरान का है। धर्मेंद्र और जया बच्चन के इस किस्से को जानने के बाद शायद आप भी हैरान हो जाएंगे।

धर्मेंद्र और जया ने मशहूर फिल्म 'गुड्डी' में साथ काम किया था। इस फिल्म में काम करने से पहले से ही जया बच्चन को धर्मेंद्र बेहद पसंद थे। फिल्म की शूटिंग के लिए धर्मेंद्र के सेट पर आने पर जया सोफे के पीछे से छुपकर उन्हें देखा करती थीं। धर्मेंद्र ने मीडिया से बात करते हुए उन पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि वह जया जी का मेरे प्रति प्यार और सम्मान था। मैं लंबे समय से जया और अमिताभ को जानता हूं। हमने शोले की शूटिंग के दौरान बहुत सारा वक्त साथ गुजारा है। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की शूटिंग के दौरान पुराने दिनों की यादें ताजा हो गईं।

वहीं जया बच्चन ने भी कॉफी विद करण के शो में धर्मेंद्र के प्रति अपनी पसंद को स्वीकार किया था। उन्होंने धर्मेंद्र से अपनी मुलाकात को याद करते हुए कहा था- जब मैं उनसे पहली बार मिली थी तो बेहद घबरा गई थी और सोफे के पीछे छुप गई थी। मुझे नहीं पता था कि इतने हैंडसम आदमी के सामने क्या करना है। मुझे अब भी याद है वे सफेद ट्राउजर और सफेद शर्ट में ग्रीक गॉड जैसे लग रहे थे।

# अनुपमा फेम अश्लेषा सावंत ने लगाया बोल्डनेस का तड़का




अनुपमा में अहम रोल निभा चुकी अश्लेषा सावंत इन दिनों जमकर मी-टाइम बिता रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने रूपाली गांगुली और सुधांशु पांडे स्टारर टीवी शो अनुपमा को अलविदा कहा है। दरअसल शो में लीप आने से पहले ही अश्लेषा सावंत ने इस शो को टाटा बाय-बाय कह दिया था। अश्लेषा सावंत इस टीवी शो में अनुपमा की जेठानी बरखा का किरदार अदा कर रही थीं। बता दें कि अनुपमा छोड़ने के बाद अश्लेषा सावंत खुद को खूब टाइम दे रही हैं और जमकर वेकेशन का मजा लूट रही हैं। अश्लेषा ने अपने वेकेशन की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं, जिसमें वह बेहद ही बोल्ड नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों को देखने के बाद फैंस उन्हें वापस अनुपमा में एंट्री लेने के लिए कह रहे हैं।

क्या अनुपमा में होगी बरखा की वापसी?

अश्लेषा सावंत ने ब्लैक आउटफिट में अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह एक से एक पोज देती हुई नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों में अश्लेषा सावंत की खूबसूरती देखते ही बन रही हैं। अश्लेषा ने हॉल्टर नेक वाला टॉप कैरी किया हुआ है, जिसकी वजह से उनका खूबसूरत टैटू नजर आ रहा है। अश्लेषा के लुक और टैटू की तारीफ करते फैंस बिल्कुल भी नहीं थक रहे हैं। वहीं कुछ लोग अनुपमा में उनकी वापसी की भी मांग करने लगे हैं। एक यूजर ने लिखा है, 'बरखा जी आप दोबारा अनुपमा में वापस आ जाइए...आपके बिना ये शो बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगता है।' वहीं एक दूसरे यूजर ने लिखा है, 'बरखा के बिना अनुपमा सूना-सूना सा लगता है।'

अनुपमा का करेंट ट्रैक है मजेदार

रूपाली गांगुली स्टारर अनुपमा के करेंट ट्रैक की बात करें तो कुछ समय पहले ही अनुपमा का पूरा परिवार अमेरिका पहुंच गया था। इस दौरान अनुपमा और वनराज के बीच काफी झड़प भी हुई थी। वहीं अनुज दोबारा शादी करने वाला है। इसी के साथ अनुपमा ने आज भी सब कुछ ठीक करने का जिम्मा अपने कंधे पर ले लिया है। बात की जाए अनुपमा के अपकमिंग ट्विस्ट की तो वनराज की खूब बैंड बजने वाली है।

एक ओर वनराज अनुज को खरी खोटी सुनाएगा। तो दूसरी ओर डिंपी उसे औकात दिखाती नजर आएगी। फिलहाल तो कमेंटबॉक्स में बताएं कि आपको अश्लेषा सावंत की नई फोटोज कैसी लगी? साथ ही ऐसी ही और टीवी न्यूज अपडेट के लिए पढ़ते रहिए बॉलीवुडलाइफ।

# भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा ने लेटेस्ट रील में बताई अपनी मुश्किल, धड़ल्ले से वायरल हुआ वीडियो



भोजपुरी इंडस्ट्री की जानी मानी एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन किसी न किसी वजह से चर्चा में बनी रहती हैं। खूबसूरती और बोल्डनेस के मामले में मोनालिसा सबसे टॉप पर है। भोजपुरी इंडस्ट्री से अलग होने के बाद भी मोनालिसा को यूपी-बिहार के लोग काफी पसंद करते हैं। वहीं टीवी की दुनिया में अपनी पहचान बनाने के बाद मोनालिसा की फैन फॉलोइंग तगड़ी हो गई है। सोशल मीडिया पर तो बोल्डनेस क्वीन मोनालिसा छाई रहती हैं। इस बीच एक्ट्रेस मोनालिसा का एक वीडियो सामने आया है, जो कि सोशल मीडिया पर हर तरफ वायरल हो रहा है।

**भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा ने शेयर किया ऐसा वीडियो**

भोजपुरी से लेकर टीवी इंडस्ट्री तक में गर्दा उड़ाने वाली एक्ट्रेस मोनालिसा एक बार फिर से इंटरनेट पर ट्रेंड करने लगी हैं। एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट को अपडेट करते हुए एक रील वीडियो शेयर किया है। इस क्लिप में मोनालिसा पुराने गाने पर एक्ट कर रही हैं। वायरल वीडियो में मोनालिसा साड़ी में किसी अप्सरा से कम नहीं लग रही हैं। मोनालिसा का ये देसी लुक देख फैंस मदहोश हो गए हैं। भोजपुरिया क्वीन ने इस क्लिप को शेयर करते हुए लिखा, 'कितना मुश्किल है।' मोनालिसा के इस क्लिप पर लोग जमकर प्यार बरसा रहे हैं।

**सोशल मीडिया पर तहलका मचाती हैं मोनालिसा**

बताते चलें कि भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा की अदाएं हद से ज्यादा कातिलाना है। बता दें कि वैसे तो एक्ट्रेस मोनालिसा का हर एक अवतार निराला है लेकिन उनका देसी लुक बेहद किलर हैं। मोनालिसा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। एक्ट्रेस अक्सर अपने फैंस के साथ तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। भोजपुरी क्वीन मोनालिसा अब टीवी इंडस्ट्री में काम कर रही हैं। उन्होंने अबतक कई टीवी सीरियल्स में काम किया हैं।

# रोनित रॉय अभिनीत एआई ड्रामा इराह में फागुन ठकरार ब्रिटिश इंटेलिजेंस के प्रमुख की भूमिका निभा रहीं



ब्रिटिश-भारतीय अभिनेत्री फागुन ठकरार, जो फिल्म इराह में अभिनेता रोहित रॉय के साथ स्क्रीन साझा करती हैं, ब्रिटिश खुफिया एजेंसी के प्रमुख की भूमिका निभाती हैं। सैम भट्टाचार्जी द्वारा निर्देशित यह फिल्म कृत्रिम बुद्धिमत्ता और इसकी नैतिक दुविधाओं पर प्रकाश डालती है।फागुन ने साझा किया कि जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़ा कोई बड़ा अपराध गलत हाथों में पड़ जाता है और अनसुलझा रह जाता है, तो उसे संकट से निपटने के लिए बुलाया जाता है, जो उसकी भूमिका की गंभीरता को उजागर करता है।अपनी भूमिका के बारे में आगे बताते हुए, फागुन ने कहा: यह एमआई6 के प्रमुख होने के समान है, जो कई अंगरक्षकों से घिरा हुआ है। यह भूमिका निभाना शानदार है; यह कुछ हद तक जेम्स बॉन्ड 007 की याद दिलाता है लेकिन शीर्ष नेता के दृष्टिकोण से।यह पूछे जाने पर कि क्या उनकी भूमिका एमआई6 बॉस की भूमिका निभाने वाली जूडी डेंच से मिलती-जुलती है, फागुन ने कहा: फिल्म में, किंवदंती से कोई भी समानता ब्रिटिश सीक्रेट सर्विस की महिला बॉस होने तक ही सीमित है।

लेकिन जूडी के साथ मेरा एक और संबंध है डेंच। मैंने दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित ड्रामा स्कूलों में से एक, रॉयल सेंट्रल स्कूल ऑफ स्पीच एंड ड्रामा, जो प्रसिद्ध डेम जूडी डेंच का संस्थान है, में अपनी कला को निखारा है।फागुन को डेम जूडी डेंच से मिलने का अवसर तब मिला जब फागुन को ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स (बाफ्टा) द्वारा अंतरराष्ट्रीय उभरते सितारों के लिए अपने विशेष न्यूकमर्स प्रोग्राम के माध्यम से सम्मानित किया जा रहा था।जूडी डेंच से मिलने के अपने अनुभव को साझा करते हुए, अभिनेत्री ने कहा: बाफ्टा में डेम जूडी डेंच से मिलना अनुग्रह और प्रेरणा से भरा एक क्षण था। उनकी उपस्थिति, स्थायी कलात्मकता की शक्ति का एक प्रमाण, मुझे उस गहरे प्रभाव की याद दिलाती है जो हम कर सकते हैं समर्पण और जुनून के माध्यम से। यह मन का मिलन था, सम्मान और प्रशंसा का संगम था, जिसने मेरी कला में उत्कृष्टता के प्रति मेरी प्रतिबद्धता को और प्रज्वलित किया, खोजना जारी रखें, सपने देखें और सृजन करें, हमेशा मेरे साथ गूंजता रहेगा मैं रचनात्मकता और कहानी कहने के परिदृश्य के माध्यम से यात्रा करता हूं।



# सिंधू और लक्ष्य के सामने कठिन चुनौती, शुरुआती दौर में ही शीर्ष चीनी शटलरों से मुकाबला

**नई दिल्ली,09 अप्रैल (एजेंसियां) ।** एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और इस वर्ष ऑल इंग्लैंड के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले लक्ष्य सेन के सामने कठिन चुनौती है।

सिंधू दूसरे दौर में पहुंचीं तो उनके सामने छठी वरीय चीन की हान यू होंगी, जबकि लक्ष्य के सामने पहले ही दौर में शीर्ष वरीय चीन के शी यूकी होंगे। एचएस प्रणय का पहले दौर में चीन के लू गुआंग जू से मुकाबला होगा।

**सात्विक-चिराग नाम वापस ले चुके हैं** - पेरिस ओलंपिक के क्वालिफिकेशन का यह अंतिम टूर्नामेंट हैं। इसके बाद ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करने वाले शीर्ष 16 शटलरों की रैंकिंग जारी होनी है। इस टूर्नामेंट से सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष डबल्स जोड़ी पहले ही नाम वापस ले चुकी है। बावजूद इसके टूर्नामेंट में एशिया के सभी शीर्ष शटलर शिरकत कर रहे हैं। इनमें शीर्ष वरीय कोरिया की एन से यंग, ओलंपिक विजेता चीन की चेन यू फेई, ताईवान की ताई जू यिंग, जापान की अकाने यामागुची के अलावा पुरुष वर्ग में शी यूकी, सिंगापुर के लोह कीन यू, इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी, जापान के केंता निशिमोतो, कोडाई नरोका जैसे शटलर शामिल हैं। सात्विक और चिराग की जोड़ी इस वर्ष शानदार फॉर्म में चल रही है और उनसे पुरुष डबल्स वर्ग में इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने की उम्मीद है।

**श्रीकांत पहले दौर में गिंटिंग से भिड़ेंगे** - सिंधू के सामने पहले दौर में मलयेशिया की गोह जिन वेई होंगी। अगर वह क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं तो उनके सामने यामागुची हो सकती हैं।

लक्ष्य एशियाई खेलों के दौरान हांगझोऊ में टीम मुकाबलों में शी यूकी को हरा चुके हैं। उनका ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करना लगभग तय माना जा रहा है।

प्रियांशु राजावत पहले दौर में मलेशिया के ली जी जिया से और किदांबी श्रीकांत इंडोनेशिया के तीसरी वरीय एंथोनी सिंसुका गिंटिंग से भिड़ेंगे। महिलाओं में आकर्षी कश्यप पहले दौर में थाईलैंड की ओ बुसानन से खेलेंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### सुमित नागल ने दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी को हराया, पहला सेट गंवाने के बाद की जबरदस्त वापसी

**मोंटे कार्लो।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने यहां दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी



मातेओ अर्नाल्डी को हराकर पहली बार एटीपी मास्टर्स टूर्नामेंट में मुख्य ड्रॉ में जीत दर्ज की। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी नागल ने क्वालिफाइंग टूर्नामेंट के जरिये एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में प्रवेश किया था। उन्होंने इतालवी प्रतिद्वंद्वी को 5-7, 6-2, 6-4 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क के होल्गर रूने से होगा जो विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर हैं। नागल ने तीसरी बार शीर्ष 50 में शामिल किसी खिलाड़ी को हराया है, जबकि इस सत्र में इस स्तर के खिलाड़ी पर उनकी ऐसी दूसरी जीत है। उन्होंने सत्र की शुरुआत में मेलबर्न में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी एलेक्जेंडर बुलबिक को हराया था। इससे पहले उन्होंने मार्च 2021 में चिली के क्रिस्टियन गैरिन को अर्जेंटीना ओपन में हराया था। अपने से उच्च रैंकिंग खिलाड़ियों को हराकर मुख्य ड्रॉ में प्रवेश करने वाले नागल ने क्लेकोर्ट टूर्नामेंट में इस जीत के साथ कॅरिअर में पहली बार 80 रैंकिंग तक पहुंचना सुनिश्चित कर लिया है। फिलहाल वह दुनिया में 95वें नंबर के खिलाड़ी हैं। सुमित ने मार्च में इंडियन वेल्स टूर्नामेंट के लिए भी क्वालिफाई किया था लेकिन पहले दौर में कनाडा के मिलोस राओनिक से पराजित हो गए थे। क्वालिफाइंग दौर में नागल ने दुनिया के 63वें नंबर के खिलाड़ी फ्लेवियो कोबोली को सीधे सेटों में हराया था।

# हैदराबाद की तीसरी शानदार जीत

## नीतीश रेड्डी की पहली फिफ्टी, भुवनेश्वर ने चटकाए 2 विकेट





**मोहाली, 09 अप्रैल (एजेंसियां)।** सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग में तीसरी जीत हासिल कर ली है। टीम ने मौजूदा सीजन के 23वें मुकाबले में पंजाब किंग्स को 2 रन से हराया।

मोहाली के महाराजा यादवेन्द्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में मंगलवार को पंजाब के कप्तान शिखर धवन ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग चुनी। हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट पर 182 रन बनाए। जवाब में पंजाब की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 180 रन ही बना सकी।

सनराइजर्स हैदराबाद के नीतीश कुमार रेड्डी ने 37 बॉल पर 64 रन की पारी खेली। उन्होंने खझङ में अपनी पहली फिफ्टी बनाई। अब्दुल समद ने 25 रन बनाए। पंजाब से अर्शदीप सिंह ने 4 विकेट लिए। हर्षल पटेल को दो विकेट मिले।

पंजाब किंग्स की ओर से शशांक सिंह ने नाबाद 46 और आशुतोष शर्मा ने नाबाद 33 रन बनाए। सैम करन ने 29 और सिकंदर रजा ने 28 रन का योगदान दिया। सनराइजर्स हैदराबाद से भुवनेश्वर कुमार को दो विकेट मिले।

आखिरी ओवर की पहली बॉल पर नीतीश रड्डी से आशुतोष शर्मा का कैच छूट गया। शर्मा ने उनादकट की पहली बॉल पर मिडविकेट पर खेला। बाउंड्री पर खड़े नीतीश रेड्डी ने कैच पकड़ने के लिए जंप भी लगाई, लेकिन पकड़ नहीं सके। इसी ओवर की दूसरी बॉल पर अब्दुल समद ने भी आशुतोष शर्मा का कैच छोड़ा। इस ओवर का तीसरा कैच राहुल त्रिपाठी ने मिडविकेट छोड़ा, जब आशुतोष शर्मा ने पुल किया। हालांकि, हैदराबाद की टीम स्कोर डिफेंड करने में कामयाब रही और 2 रन से मुकाबला जीता।

# मयंक यादव अगले दो मैचों से बाहर हो सकते हैं: ग्रोइन में दर्द की शिकायत, एलएसजी के सीईओ ने दिया हेल्थ अपडेट



**नई दिल्ली,09 अप्रैल ।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के सीईओ विनोद बिष्ट ने टीम के तेज गेंदबाज मयंक यादव के हेल्थ को लेकर बयान जारी किया है। ऑफिशियल बयान में बिष्ट ने कहा, मयंक को पेट के निचले हिस्से में हल्का दर्द है। ऐसे में उन पर कोई दबाव ना रहे, इसको लेकर बतौर एहतियातन अगले एक हफ्ते तक उनका वर्कलोड मैनेज किया जाएगा। उम्मीद है कि हम उन्हें जल्द ही मैदान पर देख देखेंगे। एलएसजी को इस सप्ताह 12 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ लखनऊ में ही अपना अगला मैच खेलना है, जबकि 14 अप्रैल को वे कोलकाता नाइट राइडर्स से कोलकाता में भिड़ेंगे। ऐसे में संभावना है की मयंक इन दोनों मैच से बाहर रह सकते हैं।

### मयंक गुजरात के खिलाफ केवल एक ओवर ही फेंक सके

टीम के पिछले मैच में 7 अप्रैल को गुजरात के खिलाफ मयंक एक ओवर की फेंक सके। बाद में वे चोटिल होकर मैदान से बाहर चले गए और फिर गेंदबाजी या फील्डिंग के लिए मैदान में नहीं आए। इस मैच में मयंक ने 140किमी/घंटा की रफ्तार से गेंदबाजी की, जबकि पिछले दो मैचों में उन्होंने 150+ की स्पीड के साथ लगातार बॉलिंग की थी। गुजरात के खिलाफ मैच के बाद एलएसजी के ऑलराउंडर क्रुणाल पंड्या ने कहा, मैंने मयंक के साथ बातचीत की और वह ठीक लग रहे थे, जो एक टीम के लिए पॉजिटिव बात है।

### इस सीजन मयंक ने 156.7 की स्पीड टच की

मयंक ने इस सीजन पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल में डेब्यू किया और 150 किमी प्रति घंटे की स्पीड को आसानी से पार कर लिया। उन्होंने अपने दूसरे आईपीएल मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 14 रन देकर तीन विकेट लिए और 156.7 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी भी की, जो इस सीजन की सबसे तेज गेंद है।

# प्रथम पृष्ठ का शेष...

## पूर्वोत्तर के विकास पर...

पूर्वोत्तर राज्यों में हालात बदले हैं और इस बात को इस तरह से समझा जा सकता है कि बेहतर सुरक्षा हालातों के मद्देनजर पूर्वोत्तर के अधिकांश हिस्सों से अफस्पा कानून को हाल ही में केंद्र सरकार ने वापस ले लिया है। सुरक्षा बलों की हताहतों की संख्या में 60 प्रतिशत और नागरिकों की मौतों में 82 प्रतिशत की कमी आई है। असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच सीमा विवाद निपटान समझौतों पर सफलतापूर्वक बातचीत की है, जिससे सीमा पर 123 गांवों से संबंधित लंबे समय से चले आ रहे विवाद का अंत हो गया है। पीएम मोदी ने कहा कि हमने असम और मेघालय के बीच 50 साल पुराने विवाद को भी खत्म कर दिया है। बोडो समझौते और ब्रू-रियांग समझौते जैसे शांति समझौतों के कारण कई विद्रोहियों और आतंकवादियों ने सरेंडर किए हैं।प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर में बुनियादी ढांचे की कनेक्टिविटी सबसे बड़ी समस्या थी, जिसमें सुधार देखा जा रहा है, चाहे वह सड़क मार्ग हो या रेलवे, वायुमार्ग हो या जलमार्ग। सुदूरतम कोनों में भी 5जी कनेक्टिविटी स्थापित की जा रही है। हमने पिछले 10 वर्षों में भारत सरकार के मंत्रालयों द्वारा 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक खर्च करके पूर्वोत्तर को एक परित्यक्त क्षेत्र से प्रचुर क्षेत्र में बदल दिया है। आजादी के 67 साल बाद मेघालय भारत के रेल नेटवर्क पर आया, नागालैंड को 100 साल बाद अब अपना दूसरा रेलवे स्टेशन मिला, पहली मालगाड़ी मणिपुर के रानी गाइदिन्ल्यू रेलवे स्टेशन पहुंची। इसके अलावा पूर्वोत्तर को अपनी पहली सेमी हाई-स्पीड ट्रेन मिल गई।चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के कुछ इलाकों का चीनी नामकरण करने के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो टूक कहा कि पूर्वोत्तर का विकास हमारी एक्ट ईस्ट पॉलिसी का भी अभिन्न अंग है। पीएम ने कहा, चीन यह समझ ले, अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा। आज सूरज की पहली किरण की तरह अरुणाचल और नॉर्थ-ईस्ट तक विकास के काम पहले से कहीं ज्यादा तेज गति से पहुंच रहा है। पीएम मोदी कहते हैं कि पिछले महीने मैंने विकसित भारत विकसित उत्तर पूर्व कार्यक्रम के लिए ईटानगर का दौरा किया था। मुझे 55,000 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का अनावरण करने का सौभाग्य मिला, जो विकसित नॉर्थ ईस्ट के लिए गारंटी प्रदान कर रही हैं। अरुणाचल प्रदेश में लगभग 35,000 परिवारों को उनके पक्के घर मिले, और 45,000 परिवारों को पेयजल आपूर्ति परियोजना से लाभ हुआ।

## यह चुनाव नए...

पीएम मोदी ने कहा कि जो काम अभी हुए हैं, वह सारे केवल ट्रेलर हैं। अभी बहुत कुछ करना है। देश को बहुत आगे लेकर जाना है। आप यानी जनता मेरी जिंदगी को बहुत अच्छे से जानती है। मोदी मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ है, मोदी मेहनत करता है, क्योंकि उसके लक्ष्य बहुत बड़े हैं। ये देश के लिए है, देश की जनता के उज्जवल भविष्य के लिए है। मोदी ने अभी तक जो काम किया है वो केवल फुलझड़ी है। भाजपा सरकार वंचितों को वरीयता देते हुए काम कर रही है। एमपी में 5.50 करोड़ जरूरतमंदों को मुफ्त राशन दे रहे हैं। एमपी में 70 लाख घरों में नल से जल की व्यवस्था कर दी है।प्रधानमंत्री ने कहा, ये चुनाव नए भारत का मिशन है। विधानसभा चुनाव में जनता ने कांग्रेस को साफ कर दिया। कांग्रेस चुनाव नहीं आपस में लड़ रही है। कांग्रेस सरकार अपनी शिकायत लेकर दूसरों के पास जाती थी, अब जो देश आपस में लड़ रहे हैं, हल खोजने भारत आते हैं। कांग्रेस के मन में आजादी के आंदोलन का अहंकार भरा पड़ा था। कांग्रेस कहती थी हम तो गरीब देश हैं कि देश को आधुनिक सड़कों की एयरपोर्ट की आखिर क्या जरूरत है? कांग्रेस केवल कुछ शहरों, जहां उनके बड़े नेता रहते थे वहां का विकास करती थी। भाजपा सरकार हर जगह को प्राथमिकता दे रही है, भाजपा सरकार एमपी का कायाकल्प कर रही है।

**पीएम की चुनावी सभा में नहीं आए सांसद वरुण गांधी**

पीलीभीत, 09 अप्रैल (एजेंसियां)। पीलीभीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी सभा पीलीभीत के सांसद वरुण गांधी नहीं आए। सभा में पीएम मोदी सहित किसी भी नेता ने वरुण गांधी का नाम भी नहीं लिया। भाजपा के पोस्टर-बैनर से भी वरुण गांधी गायब रहे।प्रधानमंत्री मोदी की चुनावी रैली के मंच पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, राज्यमंत्री संजय गंगवार, बरेली के सांसद संतोष गंगवार, प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार और पीलीभीत के प्रत्याशी जितिन प्रसाद मौजूद थे। पीलीभीत से भाजपा ने वरुण गांधी की जगह जितिन प्रसाद को उम्मीदवार बनाया है। जितिन प्रसाद शाहजहांपुर के रहने वाले हैं और यूपी सरकार में लोक निर्माण विभाग के मंत्री हैं।

## मोदी ने योगी...

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में यह संभव हुआ है। आज यहां सुरक्षा है तो समृद्धि भी है। आजीविका है तो आस्था का सम्मान भी हो रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में ही समय से गन्ना मूल्य का भुगतान हो रहा है। मुख्यमंत्री ने फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार का नारा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि स्वतंत्र भारत एक ग्लोबल पावर बनने की ओर अग्रसर है। योगी ने कहा कि गुरु नानक देव का जन्म जिस भूमि पर हुआ, उस करतारपुर कॉरिडोर का निर्माण मोदी के नेतृत्व में हुआ।

## पीलीभीत में बोले ...

प्रधानमंत्री ने कहा कि सपा कांग्रेस के इंडी गठबंधन को भारत की विरासत की परवाह नहीं है। 500 वर्ष के इंतजार के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर बना। उन्होंने कहा कि कल्याण सिंह ने राम मंदिर के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। अपनी सरकार समर्पित कर दी। पीलीभीत वालों ने विशाल बांसुरी ने अयोध्या को भेंट की। लेकिन इन इंडी गठबंधन को राम मंदिर के निर्माण से पहले भी नफरत थी और आज भी नफरत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राम मंदिर का आमंत्रण ठुकराकर इन लोगों ने भगवान श्रीराम का अपमान किया है। विपक्ष के जो लोग प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए थे, उन्हें छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पीलीभीत की धरती पर माता यशवंतरी देवी का आशीर्वाद है। यहां आदि गंगा मां गोमती का उद्गम स्थल है। आज नवरात्रि के पहले दिन मैं देश को ये भी याद दिला रहा हूं कि कैसे इंडी गठबंधन ने शक्ति को खत्म करने की सौगंध खाई है। आज देश में जिस शक्ति की पूजा हो रही है, उस शक्ति का कांग्रेस ने घोर अपमान किया है। जिस शक्ति के आगे हम शीश झुकाते हैं, उस शक्ति को उखाड़ फेंकने की बात ये कांग्रेस के नेता कर रहे हैं।प्रधानमंत्री ने कहा कि तुष्टीकरण के दलदल में कांग्रेस इतना डूब गई है कि उससे कभी बाहर नहीं निकल सकती। कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र बनाया है, वो कांग्रेस का नहीं, बल्कि मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र लगता है। तुष्टीकरण के दबाव में ही कांग्रेस और समाजवादी पार्टी, सीएए का भी विरोध कर रही है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि समाजवादी पार्टी आज जिस कांग्रेस के साथ खड़ी है, उस कांग्रेस ने 1984 में हमारे सिख साथियों के साथ क्या किया था, वो कोई भूल नहीं सकता। ये भाजपा है, जो सिखों के साथ पूरी शक्ति से खड़ी है, उनकी भावनाओं को समझते हुए काम करती है।

उन्होंने कहा कि यह पूरा क्षेत्र खेती किसानी के लिए भी जाना जाता है। 10 वर्ष पहले किसानों की क्या हालत थी। यूरिया की कालाबाजारी होती थी। किसानों पर लाठीचार्ज होता था। आज यूरिया पर्याप्त मात्रा में मिल रही है। यूरिया की बोरी दुनिया में तीन हजार रुपए में मिलती है, लेकिन हमारी सरकार तीन सौ रुपए से भी कम में देती है। किसानों को सम्मान निधि मिल रही है। किसानों के बैंक खातों में 70 करोड़ हजार रुपए मोदी सरकार ने पहुंचाया है। 850 करोड़ रुपए पीलीभीत के किसानों के बैंक खातों में पहुंचे हैं।मोदी ने कहा कि कांग्रेस और सपा के राज में गन्ना किसानों को कैसे अपने ही पैसों के लिए तरसाया जाता है। यह आपसे अच्छा कौन जानता है। भाजपा सरकार ने गन्ना किसानों की परेशानी को कम करने के लिए पूरी ताकत से काम किया है। कई चीनी मिलें खुली है, कई का विस्तार हुआ है और ये काम लगातार किया जा रहा है।प्रधानमंत्री ने कहा कि हम लोग विकसित भारत के संकल्प पर काम कर रहे हैं। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई आर्थिक ताकत बना है। हमारे चंद्रयान ने चांद पर तिरंगा फहराया। भारत में आयोजित जी-20 की पूरी दुनिया में प्रशंसा हुई है। आज पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। यह आपके वोट की ताकत है। आपके वोट से मजबूत सरकार बनी है। भाजपा सरकार ने दुनिया को दिखा दिया कि भारत किसी से काम नहीं है। जब नीयत सही होती है। हौसले बुलंद होते हैं तो नतीजे भी सही मिलते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सारी दुनिया की मुश्किलों के बीच भारत आज दिखा रहा है कि उसके लिए कुछ भी असंभव नहीं है। कभी कांग्रेस सरकारें दुनिया से मदद मांगती थीं, लेकिन कोरोना के महासंकट में भारत ने पूरी दुनिया में दवाइयां और वैक्सीन भेजी। दुनिया में कहीं भी युद्ध का संकट आया, हम एक-एक भारतीय को सुरक्षित निकाला है।

## भारत की एक...

गृह मंत्री ने कहा कि केंद्र की भाजपा नीत सरकार ने बांग्लादेश के साथ देश की सीमा को भी सुरक्षित किया और घुसपैठ को रोका। उन्होंने आगे कहा, आने वाले दिनों में असम देश के अन्य राज्यों की तरह एक विकसित राज्य बन जाएगा। वर्षों से कांग्रेस पार्टी ने राम मंदिर के मुद्दे को लटका कर रखा था। प्रधानमंत्री मोदी के समय ही फैसला आया। भूमि पूजन हुआ और आखिरकार 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा हुई।

## चीन की हरकतों से कोई ...

चीन ने अरुणाचल प्रदेश के कुछ इलाकों का चीनी नामकरण करने की शैतानी दोहराई थी। इस पर भारत ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई थी। विदेश मंत्रालय ने सख्ती से कहा था कि भारत के आंतरिक मामले में चीन को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।

## वायुसेना का ...

दरअसल वायुसेना के लड़ाकू विमान जब आवाज से भी तेज गति की सीमा पार (साउंड बैरियर क्रॉस) करते हैं तब इस तरह की तेज धमाके जैसी आवाज होती है। इन दिनों केवल उत्तराखंड ही नहीं बल्कि पूरे भारत में भारतीय वायुसेना अपने अभ्यास पर है। जिसे गगन-शक्ति अभ्यास नाम दिया गया है।उत्तराखंड में उत्तरकाशी के चिन्यालीसौड़ हवाई बेस पर आगरा एयर-बेस से मालवाहक ए-एन 32 और एमआई 17 हेलीकॉप्टरों का आना-जाना लगातार जारी है। इसके अलावा सहारनपुर के सरसावा एयर-बेस और बरेली के त्रिशूल एयर-बेस से लड़ाकू विमान उड़ान भर कर हवाई मार्गो का निरीक्षण कर रहे हैं। देहरादून सहित उत्तराखंड के सभी शहरों के ऊपर दिन में और देर रात में भी लड़ाकू विमानों की तेज आवाजें सुनी जा रही हैं। यूपी, कश्मीर, राजस्थान समेत कई स्थानों पर लड़ाकू विमानों ने नेशनल हाई-वे पर उतरने और उड़ान भरने का भी अभ्यास किया।चीन से लगी सीमा क्षेत्र में भी भारत ने अपनी वायुसेना की मारक क्षमता का आकलन किया है। चीन ने कुछ समय पहले भारतीय सीमा के समीप तिब्बत क्षेत्र में अपनी हवाई पट्टियों का विस्तार किया है। इसके बाद भारत ने भी अपनी सीमा क्षेत्र में वायु और थल सेना की क्षमता को बढ़ाया है। इसी क्रम में चिन्यालीसौड़ और पिथौरागढ़ की हवाई पट्टियों को सुदृढ़ किया गया है। भारतीय वायुसेना का गगन शक्ति युद्धाभ्यास अभी दो दिन और चलेगा।

## अरविंद केजरीवाल...

दिल्ली शराब नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय का प्रतिनिधित्व कर रहे अतिरिक्त महाधिवक्ता (एएसजी) एसवी राजू ने कहा, आज जज ने सभी सबूत देखने के बाद फैसला सुनाया और कोर्ट ने भी कहा उस मनी ट्रेल का पता चल गया है। कोर्ट ने आज न्याय किया है और कोर्ट ने कहा है कि सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी वैध है। अरविंद केजरीवाल को मनी लॉन्ड्रिंग के तहत भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी का समय ईडी तय करता है। गिरफ्तारी के लिए ईडी के पास पर्याप्त सामग्री थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में हाईकोर्ट में एक हलफनामा दायर किया था। ईडी ने बताया कि दिल्ली आबकारी घोटाले की मुख्य लाभार्थी आम आदमी पार्टी है और अरविंद केजरीवाल सरगना (किंगपिन) हैं। ईडी ने जवाबी हलफनामे में कहा कि इस घोटाले से मिले करीब 45 करोड़ की रकम से आम आदमी पार्टी ने गोवा में 2022 के विधानसभा के चुनाव प्रचार में खर्च किए। आम आदमी पार्टी ने अरविंद केजरीवाल के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग की है। आम आदमी पार्टी की ओर से किया गया यह अपराध मनी लॉन्ड्रिंग कानून की धारा 50 के तहत आता है। उल्लेखनीय है कि केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करते हुए 27 मार्च को हाईकोर्ट ने कोई राहत नहीं दी थी। हाई कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी करते हुए जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। 1 अप्रैल को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल को 15 अप्रैल तक की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल भेजा था।

## स्व-घोषित ईमानदार...

निर्णय लिया है, उससे तथ्यों के कठोर धरातल पर आम आदमी पार्टी (आपा) का अहंकार चकनाचूर हो गया है। स्व-घोषित कट्टर ईमानदार का किरदार धारदार तथ्यों के साथ पूरी से तार-तार हो गया है।सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि यह सामान्य बात नहीं है। जिस प्रकार से उन्होंने जमानत के लिए नहीं, उन्होंने तो सीधे-सीधे अपनी हिरासत को ही चुनौती दी थी। अहंकार ये था कि मुझे छूट नहीं चाहिए मुझे दूसरे को गलत साबित करना है। इसलिए मैंने कहा कि अहंकार चूर-चूर हो गया है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा है कि जो साक्ष्य दिए गए वह नीति बनाने में मुख्य कर्ता-धर्ता थे। उससे प्राप्त चीज को आपराधिक गतिविधियों में उसका उपयोग किया गया। प्रथम दृष्टया वो नीति को बनाने में मुख्य सूत्रधार थे और फिर उसके बदले में धन प्राप्त करने में अपनी दूसरी भूमिका यानी आपा संयोजक के रूप में कर्ता-धर्ता थे। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि हाईकोर्ट ने अपने अवलोकन में कहा है कि किसी को जमानत दी गई या नहीं इस पर टिप्पणी करना सीधे-सीधे न्यायपालिका के ऊपर टिप्पणी करने के समान है। हाईकोर्ट ने कहा है कि राजनीतिक आधार से कोर्ट के निर्णयों की समीक्षा और कटाक्ष नहीं कर सकते हैं।दूसरी तरफ भाजपा नेता बांसुरी स्वराज ने केजरीवाल की याचिका खारिज करने पर कहा, आज जो फैसला आया है उससे दिल्ली हाईकोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल की बहुत अहम भूमिका थी। कोर्ट ने ईडी के सभी तथ्य देखे। अन्य सभी सबूतों को देखने के बाद दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की शराब घोटाले में बहुत अहम भूमिका रही है। हाईकोर्ट ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि उनकी गिरफ्तारी बिल्कुल गैरकानूनी नहीं है। अरविंद केजरीवाल को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए।

## मुख्य चुनाव ...

इसके बाद ही उनकी सुरक्षा बढ़ाई गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इसके लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को 40-50 कर्मियों की एक टुकड़ी उपलब्ध कराने को कहा है। यह कदम लोकसभा चुनाव के शुरू होने से पहले उठाया गया है। दरअसल, देशभर में सात चरणों में 19 अप्रैल से मतदान शुरू होगा। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों की ओर तैयार की गई रिपोर्ट में सीईसी को खतरा बताया गया और रिपोर्ट में मुख्य चुनाव आयुक्त के लिए कड़ी सुरक्षा की सिफारिश की गई थी। अब सुरक्षा बढ़ाए जाने के बाद देशभर में यात्रा के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त जेड श्रेणी की सुरक्षा घेरे में रहेंगे।।मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार 1984 बैच के सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी हैं। उन्होंने 15 मई 2022 में 25वें मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर कार्यभार संभाला था। उन्हें एक सितंबर, 2020 को चुनाव आयोग में चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया था।

## अग्निवीरों की...

के तहत 40 हजार (वार्षिक) जवानों को सेना में कम कर दिया गया है। इसके चलते चार वर्ष बाद सभी अग्निवीरों को नौकरी कैसे मिलेगी। कोरोनाकाल के दौरान 2020, 2021 और 2022 में मोदी सरकार ने सेना में भर्तियां नहीं कीं। महज तीन साल में सेना में 2.25 लाख पद कम कर दिए। ऐसी स्थिति में केंद्र सरकार चार साल बाद सभी अग्निवीरों को नौकरी कैसे देगी। क्या मोदी सरकार का दो करोड़ सालाना नौकरियों की तरह, चार साल बाद अग्निवीरों को नौकरी देने की बात भी महज एक जुमला साबित होगी।बतौर चौधरी, उस समय के चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ जनरल एमएम नरवणे भी कह चुके कि अग्निवीर योजना, तीनों सेनाओं पर थोपी गई स्कीम है। अग्निवीर योजना न तो देशहित में है और न ही युवाओं के हित में है। कांग्रेस पार्टी सत्ता में आने के बाद अग्निवीर योजना को खत्म कर देगी। अग्निपथ योजना को लेकर पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल एमएम नरवणे ने अपनी किताब में लिखा था, अग्निपथ स्कीम से सेना आश्चर्यचकित हो गई थी। खासतौर पर, नौसेना और वायु सेना के लिए, यह नीले रंग से बोल्ट की तरह आया था। इसके अलावा, यह योजना सैनिकों के समानांतर कैडर बनाकर हमारे जवानों के बीच भेदभावपूर्ण स्थिति पैदा करती है। सेना में एक जैसी ड्यूटी के लिए समान काम करने की उम्मीद की जाती है, लेकिन बहुत अलग परिलब्धियों, लाभों और संभावनाओं के साथ। कांग्रेस पार्टी ने इस मुद्दे पर कहा, चार साल की सेवा के बाद अधिकांश अग्निवीरों को अनिश्चित जॉब मार्केट में छोड़ दिया जाएगा। कुछ लोगों का तर्क है कि इससे सामाजिक स्थिरता प्रभावित हो सकती है।सैन्य मामलों के विशेषज्ञ और एक्स-सर्विसमैन ग्रीवांस सेल के अध्यक्ष साधू सिंह कहते हैं, अग्निवीर योजना ही गलत थी। इसके बजाए, चार साल की वॉलंटियर सैन्य जॉब करने का नियम बनाते तो ठीक रहता। तय समय तक अपना वेतन लेते और जॉब छोड़ देते। कई देशों में ऐसी व्यवस्था है। उसे अनिवार्य सैन्य सेवा कहा जाता है। युवाओं को सेना सर्विस करनी ही होती है। अग्निवीरों को पेंशन नहीं मिलेगी और मात्र 25 फीसदी को ही स्थायी सेवा में रखा जाएगा। सेना में हर साल 55 से 60 हजार जवान रिटायर हो रहे हैं। अगर भर्ती की बात करें, तो उस अनुपात में नहीं हो रही। अग्निवीरों की अलग बैरक होती है। इन्हें बीस से तीस हजार रुपया मासिक वेतन मिलता है। सेना के स्थायी सिपाही को 42 हजार रुपए, बतौर वेतन मिलते हैं। अग्निवीरों में हीन भावना रहती है। अगर ड्यूटी पर उनकी जान चली जाती है, तो शहीद का दर्जा भी नहीं मिलता। कहने को तो पंजाब में सरकारी नौकरी के लिए पूर्व सैनिकों का कोटा 13 फीसदी है। हकीकत यह है कि वहां पर पूर्व सैनिकों का भर्ती कोटा, डेढ़ फीसदी से ज्यादा नहीं भरा जाता। पूर्व सैनिक, सरकारी नौकरी के लिए चक्कर काटते रहते हैं। साधू सिंह के मुताबिक, ऐसे में राज्य सरकारें भी सोचने लगती हैं कि ये लोग पूर्व सैनिक, हमारे वोटर तो हैं नहीं। सीएपीएफ में अग्निवीरों के लिए दस फीसदी पद रिज़र्व रखे गए हैं। मौजूदा परिस्थितियों में सभी अग्निवीरों को सरकारी नौकरी मिलेगी, यह संभव नहीं है।

इजराइल में पुरुष और महिला, दोनों के लिए आर्मी सर्विस जरूरी है। ब्राजील में भी मिलिट्री सेवा अनिवार्य है। हर देश में भर्ती का तरीका और ट्रेनिंग की अवधि अलग-अलग होती है। दक्षिण कोरिया में राष्ट्रीय सैन्य सेवा को लोगों के जीवन का अनिवार्य अंग बनाया गया है। कई देशों में कुछ लोगों को अनिवार्य भर्ती से छूट भी दे जाती है। उसके लिए अलग मापदंड बनाए गए हैं। रूस में भी एक साल की सैन्य सेवा अनिवार्य है। सीरिया में सैन्य सेवा अनिवार्य तौर से लागू की गई है। यहां पर सैन्य सेवा की अवधि करीब 18 माह है। जो लोग सेना में सेवा नहीं देना चाहते, जानबूझकर बच निकलते हैं तो उन्हें दंड मिलता है। स्विट्जरलैंड में पुरुषों के लिए सैन्य सेवा अनिवार्य है। तुर्की में लड़कों के लिए सेना सेवा अनिवार्य है। यूक्रेन, ऑस्ट्रिया, ईरान और म्यांमार में भी लोगों के लिए सेना में सेवा देना जरूरी है।

## हापुड़, पीलीभीत और रामपुर की जनसभाओं में बोले सीएम योगी

# सरकार जो अब कर रही है वह पहले क्यों नहीं हुआ?





- राम मंदिर बना, काशी व मथुरा भव्य हुआ, यह पहले क्यों नहीं हुआ?
- पूर्व सरकारें दंगा भड़काती थीं, कर्फ्यू लगाती थीं, अब क्यों नहीं होता?

**पीलीभीत/रामपुर/ हापुड़, 09 अप्रैल (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को पीलीभीत, रामपुर व हापुड़ में चुनाव प्रचार किया। पीलीभीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में मुख्यमंत्री ने भाजपा उम्मीदवार जितिन प्रसाद व बरेली से उम्मीदवार छत्रपाल सिंह गंगवार के लिए वोट मांगा। वहीं रामपुर में दूसरी बार घनश्याम सिंह लोधी को जिताने की अपील की। साथ ही अमरोहा से कंवर सिंह तंवर को सदन भेजने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने 10 वर्ष में भारत व सात वर्षों में उत्तर प्रदेश में हुए विकास कार्यों की चर्चा की तो विपक्षी दलों पर जमकर प्रहार भी किया। सीएम ने उपस्थित लोगों को भारतीय नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं।

सीएम योगी ने पीलीभीत जनसभा में कहा कि गुरु नानक देव का जन्म जिस भूमि पर हुआ था, वह कभी अखंड भारत का हिस्सा था। कांग्रेस के कुटिल चालों से देश का विभाजन हुआ, लेकिन सिख भावना और भारत की आस्था का सम्मान करते हुए पीएम मोदी के नेतृत्व में करतारपुर कॉरिडोर का निर्माण संभव हो पाया। हिंदू धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिए गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादों ने खुद को बलिदान कर दिया था। बाल दिवस किसी और दिन पर मनाया जाता था, लेकिन पीएम ने 26 दिसंबर की तिथि को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का अवसर दिया। पीएम मोदी के नेतृत्व में किसानों के गन्ना मूल्य का भुगतान अब समय पर हो रहा है, अन्यथा पहले कई-कई वर्ष लगते थे। सीएम ने कहा कि आपका वोट गलत हाथों में जाता था तो भ्रष्टाचार में संलिप्त, सुरक्षा- नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली, आतंकियों को बिरयानी खिलाने वाली, देश में उपद्रव करवाने वाली और अन्नदाता किसानों को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाली सरकारें आती थीं। 2014 व 2019 में मतदाताओं ने मोदी जी के नेतृत्व पर विश्वास किया तो आज हम बदलते हुए भारत को देख रहे हैं।

रामपुर के सांसद व भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी के पक्ष में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2014 के पहले पाकिस्तान भारत में कहीं भी विस्फोट कर देता था, लेकिन आज तेज से पटाखा भी बज जाए तो पाकिस्तान पहले ही सफाई देता है कि हमने कुछ नहीं किया है। दुश्मन को पता है कि भारत की तरफ टेढ़ी नजर से देखेंगे तो वह मांद में घुसकर एयर स्ट्राइक से जवाब देना जानता है। यह वह भारत नहीं है, जो विस्फोट और आतंकी घटनाओं पर चुप हो जाता था। सीएम ने कहा कि पहले लोग चुनने के बाद दिखाई नहीं देते थे। वे विकास की नहीं, परिवार की बात करते थे। उपचुनाव में जीते भाजपा के घनश्याम लोधी ने अपनी सरलता के अनुरूप रामपुर के विकास के लिए कार्य किया। सीएम ने कहा कि हम आने वाले समय में रामपुर को चीनी मिल की सौगात देंगे। हमें विकसित रामपुर बनाना है, जहां कोई भयभीत न हो। लोगों के मन में सम्मान का भाव हो। किसी गरीब की जमीन पर कोई कब्जा का दुस्साहस न करे। हमें ऐसा रामपुर देना है, जहां हर किसी का सम्मान व सुरक्षा हो।

अमरोहा से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में भी सीएम योगी ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहले गो तस्कर हावी थे। पिछली सरकार उन्हें प्रश्रय देती थी। कसाई घरों के बाहर बंधी गाय को खोलकर ले जाता था, लेकिन सुनवाई नहीं होती थी। समाजवादी पार्टी के रामपुर के एक नेता की भैंस को ढूंढने के लिए पुलिस को लगाया जाता था, लेकिन किसान के मवेशी चोरी होने पर पुलिस कुछ नहीं करती थी। सीएम ने कहा कि सपा और बसपा को अंधेरा प्यारा था, इसलिए वह बिजली नहीं देते थे। इस वजह से किसान खेत में पानी के लिए पंपिंग मशीन लगाने को मजबूर थे। वह भी चोरी हो जाते थे। आज बिना भेदभाव के बिजली के साथ ही सुरक्षा के भी बेहतर इंतजाम हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछली बार थोड़ी सी गलती से अमरोहा को काफी खामियाजा भुगतना पड़ा। आप सबने सांसद का चरित्र संसद में देखा है। वह भारत माता का जयकारा लगाने में सोच रहा था। क्या ऐसे लोग संसद में जाने चाहिये, जो भारत को मां कहने में संकोच करते हैं।

---

### डीजीपी का निर्देशः नशेड़ी पुलिसकर्मियों को शस्त्र ड्यूटी न दें

# यानी यूपी पुलिस में नशेड़ी पुलिसकर्मी हैं

### दिमागी रूप से अस्वस्थ पुलिसकर्मी भी ऐसी ड्यूटी नहीं करेंगे

**लखनऊ, 09 अप्रैल (एजेंसियां)।** यूपी पुलिस के डीजीपी प्रशांत कुमार ने अपने एक आवश्यक निर्देश में कहा है कि नशेड़ी पुलिसकर्मियों और दिमागी तौर पर अस्वस्थ पुलिसकर्मियों को हथियार देकर ड्यूटी पर तैनात नहीं किया जाए। ऐसे पुलिसकर्मियों से एस्कॉर्ट ड्यूटी लेने पर डिप्टी एसपी और आरआई जिम्मेदार होंगे। ऐसा निर्देश जारी कर पुलिस महानिदेशक ने परोक्ष रूप से यह स्वीकार कर लिया है कि यूपी पुलिस में नशेड़ी और दिमागी रूप से असंतुलित पुलिसकर्मियों की संख्या अच्छी खासी है।



डीजीपी ने अपने आदेश में लिखा है कि मानसिक अस्वस्थ या नशे के आदी किसी पुलिसकर्मी से अगर एस्कॉर्ट या गार्ड ड्यूटी कराई गई तो डिप्टी एसपी, पुलिस लाइंस और प्रतिसार निरीक्षक (आरआई) जिम्मेदार होंगे। डीजीपी प्रशांत कुमार ने इस बाबत मातहतों को आदेश जारी किया है। उन्होंने कहा कि सशस्त्र गार्ड ड्यूटी अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील होती है। इसमें कोई भी लापरवाही घातक हो सकती है।

डीजीपी द्वारा जारी निर्देश में कहा गया कि बीते दिनों कुछ ऐसे प्रकरण सामने आए हैं, जहां महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थलों पर लगाई गयी सुरक्षा गार्ड/ एस्कॉर्ट ड्यूटी में तैनात कर्मियों की अनुशासनहीनता एवं असंतुलित व्यवहार से अप्रिय स्थिति उत्पन्न हुई। ऐसी घटनाओं से पुलिस की छवि धूमिल होती है। वहीं रक्षक के भक्षक हो जाने से जनता में असुरक्षा की भावना पनपती है।

उन्होंने निर्देश दिया कि मानसिक रूप से परेशान किसी भी पुलिसकर्मी को अन्य पुलिसकर्मियों के साथ शस्त्र सहित ड्यूटी न लगाई जाए तथा बंदियों के साथ भी ड्यूटी लगाने में सतर्कता बरती जाए। ड्यूटी पर लगाने से पहले आरआई द्वारा गार्ड/स्कॉर्ट की संख्या, उनकी मानसिक स्थिति, व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्या आदि पता कर ली जाए। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि ड्यूटी करने वाला पुलिसकर्मी नशे का आदी न हो। यदि कोई कर्मी अस्वस्थ या किसी अन्य कारण से परेशान है तो उसे ड्यूटी से हटाकर उसकी समस्या का निराकरण कराया जाए।

---

# मुख्तार की कब्र पर फातिहा पढ़ने की अब्बास को इजाजत मिली



**नई दिल्ली/लखनऊ, 09 अप्रैल (एजेंसियां)।** सुप्रीम कोर्ट ने अब्बास अंसारी को अपने पिता मुख्तार अंसारी की कब्र पर जाकर फातिहा पढ़ने की इजाजत दे दी है। मुख्तार अंसारी की कब्र पर 10 अप्रैल को फातिहा पढ़ा जाएगा, जिसमें उसका बेटा अब्बास अंसारी भी शामिल होगा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्देश में कहा कि अब्बास अंसारी को पुलिस हिरासत में कासगंज जेल से उसके गाजीपुर स्थित घर ले जाया जाएगा। पुलिस हिरासत में ही अब्बास अंसारी को 13 अप्रैल को वापस कासगंज जेल लाया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्देश में कहा है कि अब्बास अंसारी को लेकर पुलिस की टीम आज ही शाम पांच बजे से पहले गाजीपुर के लिए रवाना हो जाए। कोर्ट ने 11 अप्रैल और 12 अप्रैल को अब्बास अंसारी को अपने परिजनों से मिलने की इजाजत दी है। कोर्ट ने अब्बास अंसारी को निर्देश दिया कि इस दौरान वह मीडिया से बात नहीं करेंगे। अब्बास अंसारी कासगंज की पचलाना जिला जेल में बंद है और जेल में होने की वजह से वह अपने पिता मुख्तार अंसारी के जनाजे में शामिल नहीं हो सका था। ऐसे में अब्बास अंसारी ने पिता की कब्र पर फातिहा पढ़ने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर इजाजत मांगी थी। सुप्रीम कोर्ट ने अब अब्बास को इजाजत दे दी है।

---

# मोदी सरकार में सीमाएं सुरक्षित, लोगों तक पहुंच रहीं योजनाएं



**रामपुर, 09 अप्रैल (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सभी जिलों का समान तरीके से विकास करवाया जा रहा है। इसमें किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जा रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को रामपुर के रठोंडा में जनसभा को संबोधित करते हुए पाकिस्तान पर हमला बोला। उन्होंने कहा मोदी सरकार में सीमा सुरक्षित हुई हैं। पहले पाकिस्तान कहीं भी हमला कर देता था। आज अगर देश में कहीं पटाखा भी गिरता है तो पाकिस्तान सफाई देता है हमने नहीं किया है।

मंगलवार को नवरात्र की बधाई देते हुए योगी ने कहा कि इस सरकार में कल्याणकारी योजनाएं लागू की गई हैं। गरीब और जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। सबका साथ सबका विश्वास से काम किया जा रहा है। आज जाति देखकर लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं दिया जाता। भाजपा ने सभी को लाभ दिया, पहले चेहरा देखकर योजनाओं का लाभ दिया जाता था। गरीब लोगों का राशन चंद लोग चट कर जाते थे। आज पूरे देश में कानून का राज है। बेटियों और व्यापारियों को सुरक्षा मिल रही है। अयोध्या में मंदिर का निर्माण किया है। मोदी ने जो किया वह जनता के कारण। लोगों ने बार बार मोदी जी को मजबूत किया। देश में बदलाव देखने को मिल रहा है। मोदी जी ने कहा है कि विकसित भारत के लिए ये चुनाव लड़ना है।

विकसित भारत को संकल्प को साकार करना है, देश को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना है। नए भारत विकसित भारत को बनाने के लिए तीसरी बार रामपुर वासियों के बीच आया हूं। रामपुर को विकसित बनाना है तो विकसित उत्तर प्रदेश बनाना होगा। रोजगार के लिए रामपुर में नई चीनी मिल बनाएंगे।

---

# सुरक्षा बलों को सभी मतदान स्थल तक पहुंचाने का पुख्ता बंदोबस्त

### यूपी परिवहन निगम की सात हजार से ज्यादा बसें रहेंगी ड्यूटी पर

**लखनऊ, 09 अप्रैल (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश में सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए परिवहन निगम ने भी कमर कस ली है। प्रदेश के एक-एक मतदान केंद्र तक सुरक्षाबलों को पहुंचाने के लिए परिवहन निगम की 7 हजार से ज्यादा बसों को तैयार किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश पुलिस की मांग पर परिवहन निगम सभी सात चरणों में अर्द्धसैनिक बलों एवं पुलिस जवानों को ड्यूटी पर पहुंचाने के लिए बसों के प्रबंध में जुट गया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में सभी सातों चरणों में लोकसभा चुनाव सम्पन्न कराए जाने हैं। ऐसे में प्रदेश के एक-एक मतदान केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए निर्वाचन आयोग ने बड़ी संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती की है। इन सुरक्षा बलों को इन मतदान केंद्रों तक पहुंचाने के लिए पुलिस महानिरीक्षक कानून व्यवस्था की ओर से परिवहन निगम से बसें उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।



पुलिस महानिरीक्षक कानून एवं व्यवस्था उत्तर प्रदेश एलआर कुमार की ओर से परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक को भेजे गए पत्र में निगम से सभी सात चरणो के लिए सुरक्षा बलों को मतदान स्थल तक पहुंचाने के लिए कुल 7051 बसें उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। पुलिस मुख्यालय की ओर से प्रत्येक चरण के लिए अलग-अलग संख्या में बसें मांगी गई हैं। इसके अनुसार, 19 अप्रैल को पहले चरण के लिए 608 बसों की मांग है तो 26 अप्रैल को दूसरे चरण के मतदान हेतु 657 बसों की डिमांड है। इसी तरह 7 मई को तीसरे चरण के लिए 901, 13 मई को चौथे चरण के लिए 1235, 20 मई को पांचवें चरण के लिए 1249, 25 मई को छठे चरण के लिए 1265 और अंतिम चरण यानी एक जून को होने वाले मतदान के लिए 1136 बसें उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। इन बसों के माध्यम से बड़ी संख्या में अर्द्धसैनिक बलों एवं पुलिस जवानों को मतदान स्थलों तक पहुंचाने में आसानी होगी और मतदान कार्य को पूर्ण सुरक्षा के बीच सम्पन्न कराया जा सकेगा।

पत्र में कहा गया है कि पुलिस बल के साथ जो बस एक बार रवाना होगी, वह बस अगले चरणो में भी उसी पुलिस बल के साथ मूल जनपद में वापसी तक बनी रहेगी। चरणवार निर्वाचन के बाद चुनावी जनपदों से कुछ पुलिस बल अपने मूल नियुक्त जनपद वापस जाएगा एवं कुछ जनपदों का नया पुलिस बल संचारित करेगा, जिसके उपयोग हेतु कुछ बसें वापस होंगी एवं कुछ नई बसें बढ़ेंगी। इसके अतिरिक्त ब्रेक डाउन के चलते 10 प्रतिशत रिजर्व वाहनों की भी आवश्यकता होगी। मांग के अनुसार, बसें अच्छी स्थिति में होनी चाहिए और उनमें समुचित साफ सफाई के साथ ही दरवाजे एवं खिड़कियों के शीशे लगे होने चाहिए। आग्रह पत्र में प्रति बस 45 जवानों के बैठने की व्यवस्था के लिए 52 सीटर बसें उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है।

---

## प्रशिक्षण में कर्मियों को दी जाए गर्मी से बचाव की जानकारी : नवदीप रिणवा

**लखनऊ 9 अप्रैल (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने अप्रैल-जून महीनों की भीषण गर्मियों के दौरान हो रहे है लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 तथा विधानसभा उपनिर्वाचन ने व्यापक प्रबंध करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग व्यक्तियों जैसे मतदाताओं के साथ चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मियों की लू से सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया कि मौसम विभाग आईएमडी की लू के सम्बन्ध में की गयी भविष्यवाणी के दृष्टिगत और स्थानीय जलवायु पैटर्न के आधार पर लू की स्थिति वाले क्षेत्रों में स्थित मतदेय स्थलों की समय से पहचान कर लें। इसके लिए लू के प्रभाव को कम करने के लिए मतदेय स्थलों पर आवश्यक सुविधाएं समय से पूरी करना सुनिश्चित करें। मतदाताओं को धूप से बचाने के लिए ऐसे मतदेय स्थलों पर पर्याप्त छायादार संरचनाओं जिसमें- टेंट, छतरियां कुर्सियों की व्यवस्था हों। मतदाताओं और मतदान कर्मियों के लिए आरामदायक तापमान बनाए रखने के लिए, जहां भी आवश्यक हो, पंखे या मिस्टिंग पंखे जैसे आदि उपकरण भी लगाये जाए। मतदेय स्थलों पर पर्याप्त वेंटिलेशन भी हो। मतदेय स्थलों पर शीतल पेयजल की व्यवस्था अवश्य की जाए।

निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मतदान स्थल के कार्मिकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण सत्र में गर्मी से संबंधित बीमारियों के लक्षणों को पहचानने और उनसे बचाव की समुचित प्रक्रियाओं की जानकारी भी दी जाए।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003

8688868345



दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, बुधवार, 10 अप्रैल, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# माहेश्वरी समाज का वसंतोत्सव हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

**हैदराबाद, 09 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

श्री महेश्वरी समाज एवं श्री माहेश्वरी समाज महिला मंडल,अत्तापुर के संयुक्त तत्वावधान में वसंतोत्सव एवं होली स्नेह मिलन कार्यक्रम सुगना गार्डन में सम्पन्न हुआ ।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में संस्था के मंत्री दिनेश लाहोटी ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था के पंचम वसंतोत्सव एवं होली स्नेह मिलन का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया ।

कार्यक्रम का शुभारम्भ गणेश पूजन एवं महेश वन्दना से हुआ। तत्पश्चात तम्बोला का आयोजन वेद ज्वेलर्स के सौजन्य से किया गया ।

कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता रामनिवास सारडा थे। कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में पधारे ओम प्रकाश जाखोटिया, सम्मानीय अतिथि अरुण भांगड़िया, विशेष अतिथि सचिन सोनी व सोनिया बिहानी का शाल, माला एवं स्मृति चिन्ह से स्वागत किया गया ।

विशेष अतिथि सचिन सोनी ने अपने उद्बोधन में जनसेवा के महत्व को बताते हुए उनके ट्रस्ट ओमप्रकाश कांता देवी सोनी द्वारा संचालित विद्यालय निर्धन बच्चों को शिक्षा के लिए, गोसेवा के लिए गौशाला, असहायजन के लिए अन्न प्रसाद तथा अस्पताल में सेवा निरंतर दी जा रही है ।विशेष अतिथि सोनिया बियानी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रभु भक्ति एवं ज़रूरतमंदों की सेवा से जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि आती है उन्होंने इसके महत्व को बताया ।




संस्था के अध्यक्ष आनंद राठी ने समाज बंधुओं को होली पर्व एवं गणगौर की शुभकामनाएं प्रेषित की और संस्था द्वारा किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया।

संस्था के परामर्शदाता मनोज सोमानी ने संस्था द्वारा आयोजित बसंतोत्सव एवं अन्नकूट उत्सव के महत्व को बताया। उन्होंने क्षेत्र में समाज की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए हेलो माहेश्वरी अत्तापुर की पुस्तिका के निर्माण करने निर्णय से सभा को अवगत कराया ।

कार्यक्रम संयोजक राजेश चांडक में कहा कि समाज बंधुओं के सहयोग एवं कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही इतना भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा गया है उन्होंने सभी समाज बंधुओं एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया ।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में महिला मंडल द्वारा भारत वर्ष की छः ऋतुओं के महत्व को शानदार नृत्य द्वारा प्रस्तुत किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम का संयोजन महिला मंडल की अध्यक्षा अंजू सोमानी ,कोमल द्वारकानी एवं पूजा सोनी द्वारा किया गया ।

कार्यक्रम में तेलंगाना आँध्र प्रादेशिक महेश्वरी सभा के अध्यक्ष कैलाश डालिया, हैदराबाद सिकंदराबाद जिला महेश्वरी सभा के अध्यक्ष भगवान पंसारी व मंत्री राजेश मालपानी, माहेश्वरी सेवा संघ सिकंदराबाद के अध्यक्ष गोपाल लाल बंग व मंत्री प्रभुदयाल जाखोटिया, समाज सेवी गोपाल बल्दवा आदि उपस्थित थे ।

कार्यक्रम के अंत में करणी एस्टेट के सौजन्य से ग्रैण्ड इलेक्ट्रॉनिक्स तम्बोला का आयोजन किया गया जिसे संतोष दरगढ़, देवेंद्र राठी एवं रामदेव बंग द्वारा संचालित किया गया । मंच का संचालन संस्था के प्रचार मंत्री रामदेव राठी द्वारा किया गया। संस्था के मंत्री दिनेश लाहोटी ने सभी को धन्यवाद प्रेषित किया।

कार्यक्रम में परामर्शदाता हरिनारायण राठी, नंदकिशोर लाहोटी, मनोज कुमार सोमानी, अध्यक्ष आनंद राठी, मन्त्री दिनेश लाहोटी, कोषाध्यक्ष रमेशचंद गिल्डा, उपाध्यक्ष नरसिंग दरक व मेघराज राठी, सहमन्त्री राजेश चाण्डक व सन्तोष दरगढ़ सहकोषाध्यक्ष रोहित ईनानी, इनफॉर्मेशन एवम् आई. टी. समिति संयोजक प्रदीप सोनी व प्रशांत बजाज, सांस्कृतिक मंत्री पंकज काबरा,खेलकूद समिति संयोजक रामदेव बंग व अभिषेक दरक कार्यकारणी सदस्य अशोक राठी, देवेंद्र राठी, गणेश बियानी, गोविंद काबरा,गोविंद नारायण सारडा, जय प्रकाश मालानी, प्रेम मूंदड़ा, महेश मूंदड़ा, प्रेम तोष्णीवाल, विनोद सारडा ,संजय असावा गोपाल सारडा, महेश मूंदड़ा,महेश चाण्डक तथा महिला मंडल की अध्यक्षा अंजू सोमानी

कोषाध्यक्षा शिल्पा सारड़ा, प्रचार मंत्री पूनम बजाज, उपाध्यक्षा कलावती बंग एवं मीना राठी, सहमंत्राणी श्वेता बंग, सहकोषाध्यक्षा निर्मला राठी, सांस्कृतिक मंत्राणी पूजा सोनी , सांस्कृतिक एवं प्रचार समिति संयोजिका कोमल द्वारकानी सहसंयोजिका पायल इन्नाणी एवं प्रमिला गिलड़ा, धन संग्रह समिति संयोजिका गीता तोषनीवाल सहसंयोजिका पदमा चांडक व रामा राठी,अनिता राठी एवम् इंद्रा लाहोटी, खेलकूद समिति संयोजिका वसुधा लोया, सहसंयोजिका शीतल धूत एवं उषा धूत, आईटी समिति संयोजिका सुमन कासट, सहसंयोजिका अर्चना बूब, शिल्पा द्वारकानी एवं रजनी लखोटिया, कार्यकारिणी सदस्य दीपी लोया , दीपिका इन्नाणी,कल्पा लड्ढा ,कृतिका लोया मधु राठी, मंजू हेड़ा नीमा अटल, प्रीति बंग, प्रीति झवर एवं श्री हेड़ा उपस्थित थे।






गायत्री वेद फाउंडेशन द्वारा संचालित श्री गायत्री संस्कृत वेद विद्यालय के प्रांगण में स्थापित श्री गौ सेवा सदन में सोमवार को सोमवती अमावस्या के अवसर पर वृंदावन से पधारे वेदव्यास सुमित जी महाराज एवं शैलेंद्र जी द्वारा गौ सेवा की गई। अवसर पर विद्यालय के महासचिव पंडित विशेष शर्मा, आचार्य सागर शिरीष कुलकर्णी, अध्यापक वेद मूर्ति आदित्य पाठक तथा अध्यापक आकाश शुक्ला एवं सैकड़ो की संख्या में गौ भक्तों ने गौ माता के दर्शन कर पुण्य प्राप्त किया।

# दो गाड़ियों में भरी 24 गायों को कटने से बचाया गया



**हैदराबाद, 09 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

दूसरे राज्यों से हैदराबाद में काटने के मकसद से अवैध रूप से गाड़ियों में भरकर लाए जा रहे गोवंश को गौरक्षा दल तेलंगाना एवं गोरक्षा दल टाइगर फोर्स ध्यान फाऊंडेशन हिंदू तख्त के कार्यकर्ता गाय बचाओ के विशेष अभियान में किसी भी हद तक गायों को कटने से बचा रहे हैं।

पहली गाड़ी में 12 गोवंश छोटूपप्ल पुलिस की सहायता से तथा दूसरी गाड़ी में मौजूद 12 गोवंश आदिबतला पुलिस की सहायता से छुड़ाए गए। इन गाड़ियों में भरी कुल 24 गायों को छोटूपप्ल एवं आदिबतला पुलिस की सहायता से कटने से बचाया गया। गाड़ियों में भरे अवैध गोवंश को हैदराबाद के कत्ल खाने में ले जाया जा रहा था। गोवंश को बचाकर गायों को जीवन दान दिया गया ,गोवंश को वहां की पुलिस की सहायता से श्री समर्थ कामधेनु गौशाला जियागुड़ा एवं श्री हरि गौशाला मीरपेट में सुरक्षित छोड़ा गया।

जानकारी राष्ट्रीय गौरक्षा दल के महासचिव एवं टीटीडी गौ संरक्षक कोटी श्रीधर ने दी। उन्होंने बताया कि गौरक्षा के इस महा अभियान में गौरक्षा दल टाइगर फोर्स के अध्यक्ष दीपक सिंह, गौ रक्षा दल तेलंगाना प्रेसिडेंट कालू सिंह, बजरंग दल के ऊपल जिला कन्वीनर सुनील नायक, गौज्ञान फाऊंडेशन नितेश विजय वर्गीय, युग तुलसी फाउंडेशन के के शिव कुमार, बीजेपी तुक्कुगुड़ा काउंसलर यादगिरी अन्ना, रविंदर गौड, डॉ.इरम पुरणाम शांति गुप्ता, गौ रक्षा दल तेलंगाना जनरल सेक्रेटरी पवन रेड्डी, गौ रक्षा दल सिटी प्रेसिडेंट शंकर यादव, केदार सिंह, अक्षय चारी, विशाल कोटूर, संतोष सिंह, विवेक सिंह, शंकर सिंह सहित अन्य गौ रक्षक मौजूद थे।



चारमीनार प्रत्याशी बीजेपी के माधवी लता का स्वागत करते हुए गोशामहल पार्षद लाल सिंह, भाजपा नेता मुकेश कुमार सोनी बब्बू।



सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर भंडारा चौक रिकाबगंज में कुंभ मेला अग्रवाल बंधु-अशोक फाउंडेशन द्वारा राम गोला सेवा कार्यक्रम (भण्डारा व कुल्फी सेवा) का आयोजन किया गया। अवसर पर लोगों में राम गोला भण्डारा के पश्चात कुल्फी सेवा करते पंकज कुमार अग्रवाल, पवन भट्टड, राज कमल भट्टड़, बालाजी एवं अन्य।

# तेलंगाना चैंबर ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स की 43वीं आम सभा आयोजित



हैदराबाद, 09 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।

पर तेलंगाना चैंबर ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स की 43वीं आम सभा होटल रॉयल-टन में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आयकर आयुक्त बालकृष्ण ने अपने विचार रखे तथा सदस्यों को कारोबार को बिना किसी परेशानी के चलाने के लिए नियमों व विनियमों के बारे में बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. घीसूलाल जैन ने की तथा उन्होंने अतिथियों व चैंबर के सदस्यों का स्वागत किया।कार्यक्रम की शुरुआत कलाकारों के नृत्य प्रदर्शन से हुई, जिसे सभी ने सराहा। श्री वेणुगोपाल शामला व सुश्री जाह्नवी रहस्यमयी पर्वतारोही ने भी अपने विचार रखे।

बतौर अतिथि के पधारे इंटरनेशनल चैंबर्स ऑफ पब्लिक रिलेशंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार अग्रवाल ने नेटवर्किंग पर विचार रखते हुए बताया कि अगर कोई व्यक्ति सफल होना चाहता है तो उसे नेटवर्किंग का अध्ययन करना जरूरी है। उन्होंने कारोबार में सफल होने के लिए कुछ मंत्र बताए।

इस अवसर पर अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि, अतिथि, संगठन के वरिष्ठ सदस्यों, समिति सदस्यों व कलाकारों को सम्मानित किया।



मेडचल में निर्माणाधीन श्री उमिया माता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव अंतर्गत उंजा गुजरात स्थित मां उमिया माता मंदिर से अखंड ज्योत रथ लेकर प्रस्थान करते हुए श्री कच्छ कडवा पाटीदार समाज हैदरबाद के अध्यक्ष कांतीलाल पटेल, मंत्री हंसराज पटेल, अखंड ज्योत लाभार्थी शंकरभाई, रमेशभाई एवं प्रवीण पटेल परिवार एवं अन्य। अवसर पर श्री उमिया माता मंदिर मेडचल के पदाधिकारियों, लाभार्थी का अभिनंदन करते हुए उमिया माता मंदिर संस्थान उंजा के मंत्री दीलीपभाई नेता। यह रथ यात्रा गुजरात के कलोल, आणंद, सुरत, खीला, महाराष्ट्र के नाशीक, संभाजी नगर, परभणी, नांदेड, निजामाबाद होते हुए 11 अप्रैल को मेडचल हैदराबाद पहुंचेगी।

# मुझे बचाओ एक अनोखा जीवदया कार्यक्रम आयोजित



**हैदराबाद, 09 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

दक्षिण भारत की जीवदया प्रेमी संस्था जीएचएसपीसीए के तत्वावधान मे एक अनोखा जीवदया कार्यक्रम मुझे बचाओ का आयोजन पूज्य गुरुदेव तीर्थसुंदर म.सा. कि पावन निश्रा में बड़ी संख्या में जीवदया प्रेमियों की उपस्थिती में किया गया।

हैदराबाद सोसायटी फोर प्रीवेन्शन ऑफ कुआलटी टु एनीमल्स (जीएचएसपीसीए) द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दिनेश आंचलिया व सुरेन्द्र भंडारी ने बताया कि ग्रेटर हैदराबाद पू. आचार्य श्रीमद् विजय तीर्थभद्रसूरीश्वरजी म.सा. के शिष्यरत्न प.पू. मुनिराज श्री तीर्थसुंदर विजयजी म.सा. आदि ठाणा की निश्रा मे डीवी कोलोनी सिकंदराबाद स्थित श्री पार्श्व पद्मावती भवन मे एक अनोखा जीव दया कार्यक्रम मुझे बचाओ का आयोजन किया गया। ।

सुरेंद्र भंडारी ने आगे बताया कि कार्यक्रम मे संस्था द्वारा 10 उंटो को 2 ट्रको मे लाद कर महावीर केमल संेचुरी सिहोर रवाना किया गया जिसे गत माह आसिव नगर पुलिस स्टेशन के सहयोग से बचाये गया था। पूज्य गुरूदेव ने बचाये गये उँटो को मांगलीक प्रदान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तीर्थसुंदरजी म.सा. ने कहा कि भगवान महावीर मात्र गौमाता नही बलकी सभी जीवो पर करुणा भाव रखने का संदेश दिया। अवसर पर कार्यक्रम मे सहयोग करने वाले दानदाताओ, सहयोगीयो आदि का संस्था की ओर से स्मृति चिन्ह भेटकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे इलायची होटल के संस्थापक जीवदया प्रेमी महीप जैन का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।



आकांक्षा महिला संस्था हैदराबाद की मासिक बैठक होटल कवालिटी इन् रेसीडेंसी में सम्पन्न हुई। बैठक में नवरात्रि पर्व एवं श्रीरामनवमी धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर सुमन गुप्ता, ममता, विनीता के अलावा संस्था के अन्य महिला सदस्य उपस्थित थे।

# अग्र महिला मंच तेलंगाना ने मनाया गणगौर



**हैदराबाद, 08 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** गणगौर की पूर्व संध्या पर अग्र महिला मंच ने 50 महिला सदस्यों को आईनॉक्स थिएटर में सिनेमा दिखाया। अग्र महिला मंच की अध्यक्षा दीपा गर्ग, मंत्राणि अंजू गोयल के नेतृत्व में 50 महिला सदस्यों को मंच की ओर से माहेश्वरी, परमेश्वरी थिएटर के समीप आईनॉक्स थिएटर में क्रू सिनेमा दिखाया गया और गणगौर पर्व का सिंधारा किया गया।

# मारवाड़ी युवा मंच शमशाबाद शाखा का अन्नदान कार्यक्रम सम्पन्न



**हैदराबाद, 08 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मारवाड़ी युवा मंच शमशाबाद शाखा के मीडिया प्रभारी पारस सोलंकी ने बताया कि मारवाड़ी युवा मंच शमशाबाद शाखा द्वारा सोमवार को सोमवती अमावस्या के अवसर पर अन्नदान कार्यक्रम एवं बटर मिल्क (छांछ) वितरण का आयोजन किया गया। अन्नदान कार्यक्रम में 630 लोगों को अन्नदान कराया गया एवं 1220 गिलास बटर मिल्क (छांछ) का वितरण किया गया। युवा मंच के अध्यक्ष भाकरराम कुमावत ने सभी भामाशाहों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस सेवा कार्य के लिए मारवाड़ी युवा मंच शमशाबाद शाखा के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# अग्रवाल समाज रेनबो विस्ता शाखा का होली मिलन आयोजित



**हैदराबाद, 08 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज रेनबो विस्ता शाखा का होली मिलन रेनबो विस्ता रॉक गार्डन सोसायटी के ट्यूलिप हाल में मनाया गया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन दीपक गोयल द्वारा किया गया। अवसर पर क्विज आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका संचालन रविकांत अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में हिंदी फिल्मी गानों के ऊपर विशेष तंबोला का आयोजन किया गया जिसे शिल्पी अग्रवाल और विपिन सिंघानिया ने खिलवाया। अवसर पर नए सदस्यों का परिचय दीपक गोयल द्वारा करवाया गया। अंत में सभी ने मिलकर फूलों की होली खेली। कार्यक्रम में राजेंद्र अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, दीपक गोयल, रविकांत अग्रवाल, पवन सिंघल, तुषार गुप्ता और सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया और सभी ने सहयोग दिया।

# अग्रवाल समाज घांसी बाजार झूला शाखा की बैठक सम्पन्न



**हैदराबाद, 09 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज घांसी बाजार झूला शाखा क़ी मासिक बैठक शाखाध्यक्ष गोविन्द राम पचेरिया की अध्यक्षता में श्री राणी सती दादीजी के मन्दिर में सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम शाखाध्यक्ष ने आगंतुक सदस्यों का स्वागत किया। तत्-पश्चात मानद मंत्री सज्जन अग्रवाल बार्यवाला ने विगत मीटिंग में हुई कार्रवाई का ब्योरा पढकर सुनाया। बैठक में शाखा द्वारा प्रतिवर्ष की तरह एकदिवसीय सामुहिक गणगौर पूजन कार्यक्रम दि. 11 अप्रेल गुरुवार को प्रातः 7.15 बजें से श्री राणी सती दादीजी के मन्दिर में किया जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। उक्त कार्यक्रम सुनीता-गोपाल पचेरिया, राखी-मनोज अग्रवाल गौशालावाला के संयोजकत्व में आयोजित किया जा रहा है। बैठक में शाखा द्वारा अयोध्याधाम, काशी विश्वनाथ, विन्धयावासिनीधाम, प्रयागराज, चित्रकूट व नैमीषारण्य भ्रमण के लिए 30 जून से 6 जुलाई तक की यात्रा पर भी संक्षिप्त चर्चा कर प्रधान संयोजक अनिल धरसुवाला ने बताया कि 60 सदस्यों के लिए हवाई जहाज की टिकट आरक्षित कर दी गई है। अब कोई भी सदस्य शामिल नहीं किया जा सकता है।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष यो-गेन्द्र कटारुका, कोषाध्यक्ष दिनेश सर्राफ, अनिल धरसुवाला, शिवकुमार जाखणीवाला, दीपक पचेरिया, नारायण बलौदावाला, मनोज गौशालावाला, कमल किशोर अग्रवाल, मनोज मित्तल, आदि भी उपस्थित थे। दीपक पचेरिया के धन्यवाद ज्ञापन के साथ मीटिंग का समापन हुआ।

# नरसिंग दास आत्माराम बड़ागांव वाले परिवार का अन्नदानम कार्यक्रम आयोजित



**हैदराबाद, 08 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नरसिंग दास आत्माराम बड़ागांव वाले परिवार का अन्नदानम कार्यक्रम सोमवती अमावस के दिन बंजारा हिल्स स्थित गोल्डन टेम्पल में आयोजित किया गया। परिवार के वरिष्ठ सदस्य मुकुंद लाल अग्रवाल ने जानकारी देते बताया कि हर अमावस की भाँति इस माह भी सोमवती अमावस के दिन यह कार्यक्रम रखा गया। परिवार के पैतृक गाँव सोनासर में भी हर अमावस के भाँति इस अमावस को भी अन्नदान किया गया। आज के अन्नदान कार्यक्रम में परिवार के सदस्य मुकुंद लाल अग्रवाल, विष्णु गोपाल अग्रवाल, हरीश अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, ललिता अग्रवाल, अरुणा अग्रवाल उपस्थित थे। आगामी अन्नदान कार्यक्रम 8 मई को मध्याह्न 12-30 बजे गोल्डन टेम्पल बंजारा हिल्स में ही आयोजित किया जाएगा।

# नारनौल अग्रवाल समिति की गौरव यात्रा 20 जुलाई को

**हैदराबाद, 09 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नारनौल अग्रवाल समिति हैदराबाद सिकंदराबाद के तत्वावधान में काशी विश्वनाथ तथा अयोध्या श्री रामलला की गौरव यात्रा का भव्य आयोजन श्रावण मास में किया जा रहा है।समिति अध्यक्ष पंकज कुमार अग्रवाल ने बताया कि यह यात्रा हैदराबाद से आगामी दि. 20 जुलाई को सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। इस 6 दिवसीय गौरव यात्रा में भक्तगण श्री रामलला (श्रीधाम -अयोध्या) तथा ज्योतिर्लिंग काशी विश्वनाथ (वाराणसी) के दर्शन का लाभ ले सकेंगे। श्री अग्रवाल ने कहा कि सदस्य इस गौरव यात्रा से जुड़कर प्रभु श्री राम के दर्शन का लाभ के साथ-साथ मां सरयू तथा गंगा मैया के स्नान का पुण्य फल प्राप्त करते हुए समिति के इतिहास में नया कीर्तिमान स्थापित कर सकते हैं।यात्रा की जानकारी के लिए अध्यक्ष पंकज कुमार अग्रवाल तथा महामंत्री रविंद्र अग्रवाल से संपर्क कर सकते हैं।

# राणी सती दादी घांसी बाजार महिला शाखा का गणगौर उत्सव आयोजित



**हैदराबाद, 09 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज तेलंगाना राणी सती दादी घांसी बाजार महिला शाखा का गणगौर उत्सव का आयोजन घांसी बाजार स्थित राणी सती मंदिर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में 200 महिलाओं भाग लिया।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार अध्यक्ष रिंकू गर्ग की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आगाज अग्रसेन महाराज की पूजा व गणगौर पूजा से हुआ। कार्यक्रम में पेपर गेम, चांदी तंबोला, डांस प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, शिव पार्वती प्रतियोगिताएं आदि रखे गए। जिसमें 35 महिलाएं विजेता रहीं। कार्यक्रम केंद्रीय समिति की सहमंत्री कंचन अग्रवाल ने भाग लिया, जिनका सम्मान शाखा के पदाधिकारी द्वारा किया गया। उन्होंने महिलाओं के कार्य की सराहना की और लकी ड्रा के विजेताओं को पुरस्कार दिए।

अध्यक्ष रिंकू गर्ग ने सभी महिलाओं को गणगौर उत्सव क्यों मनाया जाता है और इसके क्या कारण है विषय पर विस्तार से बताया। उन्होंने आगामी दि.14 अप्रैल को सूर्य एरीना शमशाबाद नवरात्रि में होने वाले नवरात्रि डांडिया उत्सव के बारे में सभी को अवगत कराया और ज्यादा से ज्यादा कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया। टिकट बुक करने के लिए रिंकू गर्ग, अर्चना संघी, कविता संघी, कविता गोयल व मोनिका अग्रवाल सम्पर्क किया जा सकता है। कार्यक्रम में अध्यक्ष रिंकू गर्ग, उपाध्यक्ष हेमा अग्रवाल, मंत्री मोनिका अग्रवाल ,कोषाध्यक्ष सविता अग्रवाल, केंद्रीय समिति सदस्य अर्चना सघी व कविता संघी कार्यकरणी करने सदस्य सुशील केडिया, सीमा अग्रवाल ,पूनम तुलसीयान, कविता गोयल, रजनी अग्रवाल ,सुनीता गर्ग,अनीता ,श्वेता, गीता, आनंदी, बबीता, कोमल, नेहा, उपासना, महक भी उपस्थित थीं। अंत में उपाध्यक्ष हेमा अग्रवाल ने सभी को धन्यवाद दिया।

# गणगौर महोत्सव मनाया गया



**हैदराबाद, 09 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** शाकद्विपीय मग ब्राह्मण संघ महिला मंडल के संयोजक ललीता शर्मा, ललिता शर्मा, पायल आशीवाल, मालती शर्मा एवं रिना छापरवाल एवं सभी महिलाओं द्वारा मंगलवार को बीसानागर समाज भवन, बैंक स्ट्रीट पर गणगौर महोत्सव मनाया।

इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम में राजस्थानी ब्राह्मण सभा के महासचिव रामदेव नागला ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने में चेयरमैन विक्रम आशीवाल, अध्यक्ष मुकेश शाण्डील्य, संयोजक मंडल के संतोष शर्मा, राजेश शर्मा व अन्य शामिल थे।



आगापुरा स्थित सीए घनश्याम उपाध्याय के निवास स्थान केसरबाग में गणगौर की बंदौली निकाली गई, जिसमें भारी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर शोभा देवी उपाध्याय, पूजा उपाध्याय, सोनिया उपाध्याय, श्री व्यास, प्रेमलता व्यास, शकुंतला पंडित, उमा व्यास बिलाल, परमी देवी ओझा आदि महिलाओं ने कार्यक्रम में भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# अधीक्षक सुरेश कुमार ने अशांत और दूरस्थ मतदान केंद्र का दौरा किया



**आसिफाबाद , 09 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कोमुरमभीम आसिफाबाद जिले के एसपी के सुरेश कुमार ने मंगलवार को बेजूर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत सुदूर और समस्याग्रस्त माओवादी बहुल बेजूर मंडल केंद्र में प्राथमिक विद्यालय मतदान केंद्र का दौरा किया।

उन्होंने मतदान केंद्र की विभिन्न समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि मतदान करने आने वाले मतदाताओं को बिना किसी परेशानी के पानी एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध करायी जाये। इस मौके पर एसपी ने कहा कि सभी को लोकतांत्रिक तरीके से अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए और एक बेहतर समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। युवाओं और लोगों से कहा गया कि वे माओवादियों और अन्य प्रलोभनों में न पड़ें और उनका सहयोग न करें, न कि विश्वास करके अपने मताधिकार का प्रयोग करें अजनबियों की झूठी बातें, पुलिस हमेशा उपलब्ध थी और लोगों की मदद करेगी। यदि आपके पास गांव में किसी अज्ञात व्यक्ति के घूमने या संदिग्ध व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी हो तो आपसे अनुरोध है कि तत्काल पुलिस थाने को सूचित करें।कार्यक्रम में कागजनगर डीएसपी करुणाकर, कौतला सीआई सादिक पाशा, एसआई और अन्य पुलिस कर्मियों ने भाग लिया।

# स्नेहा सुगंध क्लब की बैठक सम्पन्न




**हैदराबाद, 09 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** स्नेह सुगंध महिला क्लब की मासिक बैठक सम्पन्न हुई।प्रेस को जारी विज्ञप्ति में प्रभा दूगड़ ने बताया कि स्नेह सुगंध महिला क्लब की सनफ्लावर ग्रुप की अंजू बाफना, मंजू टिंबरेवाल, रंजना मोदी, कविता केडिया, श्यामा बागड़ी तथा प्रतिभा अग्रवाल ने पीवीआर गैलरिया मॉल में फिल्म क्रू दिखाई। बैठक में लगभग 25 सदस्यों ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाया।अंत में क्लब के सदस्य अंजू बाफना ने सभी को धन्यवाद ज्ञापन दिया एवं सभी से अनुरोध किया कि क्लब की बैठक में सभी बहने उपस्थित रहने का प्रयास करें।

# स्वीप के तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**हनमकोंडा, 09 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हनमकोंडा जिले की अतिरिक्त कलेक्टर राधिका गुप्ता ने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को मतदाता के रूप में पंजीकरण कराना चाहिए। सोमवार , दि. 8 अप्रैल को काकातीय डिग्री कॉलेज, हनुमाकोंडा ने नए मतदाताओं के पंजीकरण और मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर स्वीप के तत्वावधान में छात्रों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अवसर पर जिला अपर समाहर्ता राधिका गुप्ता ने कहा कि जिनके पास वोट है, उन्हें आगामी संसदीय चुनाव में मतदान अवश्य करना चाहिए। उक्त कार्यक्रम में प्रशिक्षु कलेक्टर श्रद्धा शुक्ला, स्वीप नोडल अधिकारी, जिला पंचायत अधिकारी लक्ष्मी रमाकांत, केडीसी प्रिंसिपल राजिरेड्डी, डीएलपीओ सुदर्शन, एमपीओ रविबाबू, एनए-सएस कार्यक्रम समन्वयक विनोद राव, अन्य अधिकारी, संकाय और छात्र शामिल हुए।

# सपा,बसपा के कई नेता भाजपा में शामिल

**लखनऊ 9 अप्रैल (एजेंसियां)।**
मोहनलाल गंज लोकसभा क्षेत्र के गांव मीसा में केंद्रीय राज्यमंत्री एवं मोहनलालगंज लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर के नेतृत्व में प्रधान, बीडीसी समेत सैकड़ो लोगों ने सपा और बसपा छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में सम्मिलित हुए।केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर के द्वारा मोहनलालगंज लोकसभा के जनमानस से आह्वान किया गया है कि लोकसभा के सभी पार्टी के लोग और जनमानस विकसित भारत बनाने में मोदी जी का साथ दें और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे इसके बाद से लोकसभा अंतर्गत कौशल किशोर द्वारा की ज्यादा बैठकों एवं कार्यक्रमों में भारी संख्या में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी एवं अन्य पार्टियों से नेता एवं समर्थन भारतीय जनता पार्टी में सम्मिलित होकर विकसित भारत संकल्प साकार करने का संकल्प ले रहे हैं।

आज मीसा, गोसाईगंज में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व ब्लाक प्रमुख नरेंद्र रावत, मलौली प्रधान धर्मेंद्र कुमार, बाजूपुर प्रधान उषा देवी, सलोनी प्रधान लउआ, वासिमपुर प्रधान शिमला देवी, सठवारा प्रधान सुखई, बेली प्रधान अखिलेश, महुरा खुर्द प्रधान शालिग राम, हसनपुर प्रधान राज बहादुर, टिकानिया मऊ प्रधान मोहम्मद हसीब, रहमत नगर प्रधान मनीष कुमार, देई टिकर प्रधान रामखेलावन, पूर्व प्रधान महमूदपुर अशोक कुमार, मोहारी कला से रामकुमार, पूर्व प्रधान रामशरण वर्मा, आदमपुर मितौली से विनोद कुमार वर्मा, प्रधान दीपक सिंह, बाजगीहा प्रधान राम मनोहर, मोहम्मदाबाद प्रधान मनीष कुमार, इचवलिया प्रधान हरि सिंह, सेमरापितपुर प्रधान राजबहादुर, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ सपा बलिराम रावत, सुंदर नगर से अनिल कुमार, रामकुमार, अजय कुमार, रोहित कुमार, राजकुमार, अमरेश




रावत, रंजीत कुमार, कुलदीप कुमार, संजीत कुमार, संदीप कुमार, राम अचल, प्रेम कुमार, राम सुमिरन, सलाही मऊ से सुभाष कुमार, लोखरीहा से विनोद कुमार, संतोष कुमार, प्रकाश रावत, मिरदहा खेड़ा से महेंद्र कुमार, खुरखुन्दा पुर से राममिलन, सल्लाही मऊ से कन्हैया लाल, अनिल कुमार, और गोपी रावत, पवन, चंद्रकेश रावत, विमल कुमार, अमृतलाल, अरुण वर्मा, अजय वर्मा, चंद्रपाल रावत, अमर सिंह वर्मा, अश्वनी रावत, देश कुमार, जगदीश, सनी कुमार, अभिषेक, रवि प्रकाश, देवा, बालवीर, छोटू, उदयराज, रामविलास, सचिन कुमार, लक्ष्मण, मेवा लाल, अंशु, पप्पू, संतोष कुमार, गोलू रावत, वीरेंद्र वर्मा, रामगुलाम, सत्यनाम, अमित कुमार, अर्जुन रावत, बबलू, भारत, उमेश कुमार, दशरथ, दुलन रावत आदि समाजवादी पार्टी एवं बहुजन समाज पार्टी के नेता एवं समर्थन भारतीय जनता पार्टी में सम्मिलित हुए ।सभी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री से योगी आदित्यनाथ की जनकल्याणकारी नीतियों और सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर के सर्व सुलभ स्वभाव एवं उनके द्वारा विकसित भारत संकल्प में मोहनलालगंज लोकसभा के सभी जनमानस द्वारा राष्ट्र निर्माण में अपने योगदान के आह्वान पर वह उनके साथ आकर भारतीय जनता पार्टी को समर्थन करने और लोकसभा में भारी वोटो से जिताने और विकसित भारत बनाने के लिए फिर से मोदी सरकार बनाने का कार्य करेंगे।

दिल्ली वक्फ बोर्ड घोटाला और मनी-लॉन्ड्रिंग मामला

## कोर्ट ने आपा नेता अमानतुल्ला को भेजा समन




**नई दिल्ली, 09 अप्रैल (एजेंसियां)।**
राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली वक्फ बोर्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्ला खान को जारी नोटिस में उपस्थित न होने पर समन जारी किया है। कोर्ट ने उन्हें 20 अप्रैल को कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया है। अदालत ने धारा 50, पीएमएलए व अन्य धाराओं के तहत दायर ईडी की हालिया शिकायत पर संज्ञान लिया।

आरोप है कि अमानतुल्ला खान ने दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में काम करते हुए मानदंडों और सरकारी दिशानिर्देशों का उल्लंघन करते हुए अवैध रूप से विभिन्न लोगों की भर्ती की। ईडी ने आरोप लगाया है कि खान ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में कर्मचारियों की अवैध भर्ती से नकद में बड़ी रकम अर्जित की और उसे अपने सहयोगियों के नाम पर अचल सम्पत्ति खरीदने के लिए निवेश किया।

## बैतूल संसदीय क्षेत्र के बसपा प्रत्याशी का निधन

**बैतूल, 09 अप्रैल (एजेंसियां)।**
मध्यप्रदेश में बहुजन समाज पार्टी के बैतूल लोकसभा सीट से प्रत्याशी अशोक भलावी का हार्ट अटैक से निधन हो गया। उन्हें मंगलवार दोपहर को सीने में दर्द उठा। उन्हें अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



अशोक भलावी को बहुजन समाज पार्टी ने बैतूल लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया था। पिछली बार भी अशोक बीएसपी के टिकट पर चुनाव लड़े थे। सोहागपुर गांव के पास रहने वाले अशोक भलावी पेशे से सब्जी व्यापारी थे, वे बैतूल जनपद के सदस्य भी रह चुके हैं। अशोक भलावी के चार बेटे हैं। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को उनके गृह ग्राम सोहागपुर में होगा। कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी का कहना है कि चुनाव स्थगित होगा या नहीं, इसकी सूचना जारी की जाएगी। इलेक्शन कमीशन को इसकी जानकारी दी गई है। अब आगे जो निर्देश इलेक्शन कमीशन से मिलेंगे, उस पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## डाले गए सभी वोटों के वीवीपैट से सत्यापन की मांग

### सुप्रीम कोर्ट में 16 अप्रैल को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली, 09 अप्रैल (एजेंसियां)।**
सुप्रीम कोर्ट वीवीपैट मशीन की पर्चियों के मिलान के मामले पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। शीर्ष अदालत का कहना है कि इस मामले में 16 अप्रैल को सुनवाई होगी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि वह अगले मंगलवार को इस मामले से जुड़ी सभी याचिकाओं पर सुनवाई करेगी।




सुप्रीम कोर्ट ने एक अप्रैल को सामाजिक कार्यकर्ता अरुण कुमार अग्रवाल की याचिका पर चुनाव आयोग और केंद्र से जवाब मांगा था। याचिका में चुनावों में वीवीपैट पर्चियों की पूरी गिनती की मांग की गई थी। तीन अप्रैल को एडीआर की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए वकील प्रशांत भूषण ने मांग की थी कि याचिका पर जल्द सुनवाई की जाए। वरिष्ठ वकील गोपाल शंकर नारायणन भी इस मामले में कोर्ट में पेश हुए थे। उन्होंने कहा था कि चुनाव नजदीक हैं और अगर इस मामले पर सुनवाई नहीं की गई तो यह याचिका निष्फल हो जाएगी। इसके बाद शीर्ष अदालत ने कहा था कि वह अन्य मामलों के साथ एडीआर द्वारा दायर याचिका पर जल्द सुनवाई करेगी।

सुप्रीम कोर्ट में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने याचिका दायर कर ईवीएम मशीनों के साथ वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) पर्चियों का मिलान करने की मांग की थी। वीवीपैट एक स्वतंत्र वोट सत्यापन मशीन है, जिससे पता चलता है कि मतदाता ने जो वोट डाला है, वह सही तरीके से डाला गया है या नहीं। अभी वीवीपैट पर्चियों के माध्यम से सिर्फ पांच कोई भी चयनित ईवीएम के सत्यापन का चलन है। सुप्रीम कोर्ट के वकील और सामाजिक कार्यकर्ता अरुण कुमार अग्रवाल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर वीवीपैट पर्चियों की पूरी गिनती करने और उनकी ईवीएम से मिलान करने की मांग की है।

## रालोद का मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन

**लखनऊ 9 अप्रैल (एजेंसियां)।**
राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने आज प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मिलकर बिजनौर लोकसभा क्षेत्र में पारदर्शी एवं निष्पक्ष मतदान कराये जाने से सम्बन्धित ज्ञापन दिया।

उन्होंने अपने ज्ञापन में कहा है कि जनमत भारत लोकसभा 4-बिजनौर क्षेत्र में अंकित हैंडपंप चुनाव चिन्ह के ऊपर गैस सिलेंडर का चुनाव चिन्ह ठीक हैण्डपम्प से मिलता जुलता छापा गया है।

सिलेंडर में पाइप निकाला गया है जिससे चुनाव की निष्पक्षता प्रभावित होगी। श्री दुबे ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मांग की है कि लोकसभा 4-बिजनौर के बैलेट पेपर की क्रम संख्या-3 के उम्मीदवार के चुनाव चिन्ह गैस सिलेंडर का क्रम बदलने एवं चुनाव चिन्ह सिलेंडर से पाइप हटाने के आदेश दिये जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने शीघ्र कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

## आसिफाबाद जिला अधीक्षक ने किया बेज्जूर थाने का औचक निरीक्षण

**आसिफाबाद, 9 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
आसिफाबाद जिले के अधीशक्षक सुरेश कुमार (आईपीएस) ने कोमुरमभीम-आसिफाबाद जिला, कागजनगर डिवीजन के बेज्जूर पुलिस स्टेशन का औचक निरीक्षण किया और मुकदमों से संबंधित फाइलों और थाने से संबंधित अभिलेखों की जांच की तथा अगले स्टाफ को कई सुझाव दिए गए। उन्होंने थाने में आने वाले फरियादियों के साथ विनम्र व्यवहार करने, उनकी समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुनने और उनका समाधान करने और लोगों को अच्छी सेवाएं प्रदान करने के लिए कड़ी मेहनत करने की सलाह दी। उन्होंने आगे कहा कि स्टाफ को थाने के प्रत्येक गांव के बारे में जानकारी होनी चाहिए, उन्होंने सुझाव दिया कि पुलिस को लोगों के संपर्क में रहना चाहिए और लोगों के लिए अधिक सुलभ होना चाहिए। उन्होंने बताया कि बेहतर प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत किया जायेगा। साथ ही उन्होंने लोगों के लिए हमेशा





उपलब्ध रहने और लोगों की समस्याओं का समाधान करने की सलाह दी।पुलिसकर्मियों को बिना किसी देरी के जनता की शिकायतों का तुरंत जवाब देने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि स्टेशन के रिकार्ड और आसपास के क्षेत्र को साफ-सुथरा रखा जाए। चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी गई और चुनाव के संबंध में उचित निर्देश दिए गए। यह सुझाव दिया गया है कि मैदानी स्तर पर चुनाव नियमों को राजनीतिक दलों से स्वतंत्र रहकर निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से लागू किया जाना चाहिए।

## नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन

**हैदराबाद, 09 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
रोटरी क्लब हैदराबाद मिड टाउन और रोटरी क्लब ऑफ ग्लोबल विजार्ड्स (आरआई 3150) के संयुक्त तत्वावधान में शेखपेट बस्ती की महिलाओं के लिए नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर एमएनजे अस्पताल के साथ साझेदारी में आयोजित किया गया और श्री प्रसाद और टीम द्वारा इसे क्रियान्वित किया गया । कैंसर स्क्रीनिंग बस सुबह 9:30 बजे पहुंची और डॉक्टरों और तकनीशियनों की टीम ने शारीरिक जांच और पैप स्मीयर, यू/एस सोनोग्राम, डिजिटल मैमोग्राम को शिक्षित करने और संचालित करने के लिए काउंटर स्थापित किए, जो विशेष कैंसर स्क्रीनिंग बस में आयोजित किया गया।



चिकित्सा शिविर में लगभग 190 पंजीकरण थे, जिनमें अधिकांश महिलाएं और युवा लड़कियां थीं। मौखिक और आंखों की देखभाल के लिए शंकरा आई हॉस्पिटल के सहयोग से एक नेत्र जांच शिविर और क्लोव डेंटल के सहयोग से डेंटल स्क्रीनिंग शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर में आने और टीम को प्रोत्साहित करने और नई परियोजनाओं पर चर्चा करने के लिए आरटीएन एकंबरम रेड्डी और आरटीएन दयानंद गौरी का विशेष आभार प्रकट किा गया । रामकृष्ण मठ की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. उमा ने महिलाओं के स्वास्थ्य से संबंधित नाजुक स्वास्थ्य मुद्दों पर चर्चा करने और युवा लड़कियों के साथ समय बिताने और मासिक धर्म स्वास्थ्य से संबंधित उनके प्रश्नों का उत्तर देने में बाधाओं को तोड़ने में अपनी उपस्थिति और परामर्श देकर विशेष प्रभाव डाला। आरसीएचएमटी अध्यक्ष आरटीएन निधि आनंद ने कहा कि उनकी पुरानी इच्छा आज पूरी हो गई है! अपने क्लब, आरटीएन सीमा कुमार, एजी आरवाईएन रिनेश लाल और आरटीएन हजीरा, आरटीएन गिरिजा और ग्लोबल विजार्ड्स के आरटीएन सुरेन पोरुरी, आरटीएन फणी मालिनी पोरुरी, आरटीएन रीवर्धन गंटा को शिविर की योजना बनाने में उनके समर्थन के लिए विशेष धन्यवाद दिया गया।




## भाग्यनगर श्रीरामनवमी उत्सव समिति का कार्यालय उद्घाटित




**हैदराबाद, 09 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
भाग्यनगर श्रीरामनवमी उत्सव समिति के कार्यालय का उद्घाटन बाहेती भवन, सिद्दिअंबर बाजार में सम्पन्न हुआ। मंत्री गोविंद राठी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीरामनवमी की शोभा यात्रा आगामी दि. 16 अप्रैल, 2024 को धूमधाम से निकाली जाएगी। श्रीराम जी की पूजा-अर्चना के पश्चात कार्यालय का शुभारंभ हुआ। संस्था के सदस्य एम. वेंकुटम, श्रीराम व्यास, वाई वाबूगुरु, महेंद्र व्यास ने शोभा यात्रा की रूप रेखा दी। श्रीराम व्यास ने सभी भक्तों को उक्त शोभा यात्रा में भाग लेने का आग्रह किया। वाई बाबू गुरु ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस अवसर पर हैदराबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड रहीं माधवी लता का शॉल द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में डॉ. मोहन गुप्ता, नंदगोपाल भट्टड, पार्षद शंकर यादव, पार्षद लाल सिंह, करोडीमल नरसिंह पुरिया, वाई कृष्णा, मनोज जायसवाल, येमेन सिंह, नारायण सारडा, सुमीत राठी, उदय सिंह, राकेश, बंगारू सुधीर आदि उपस्थित थे।

शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Sasi S/o Vasu Nadar R/o vill:perumkulam, P.O.Kattakode, Teh:Nedumangad, dist: Thiruvananthapuram, State: Kerala, pin:695572 have changed my date of birth & name from **01/07/1956 SASI** To **01/01/1958 SASI V** vide affidavit dt:09-04-2024 before judicial magistrate court Hyderabad

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, E. Sulochana spouse of Sasi V R/o vill:perumkulam,P.O.Kattakode, Teh:Nedumangad, dist: Thiruvananthapuram, State: Kerala, pin:695572 have changed my date of birth & name from **01/07/1960 E.SULOCHANA** To **01/01/1961 SULOCHANA J** vide affidavit dt:09-04-2024 before judicial magistrate court Hyderabad

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Army No- 15816835M, Rank - L/NK, Name - KANTUBOTHU SIVA KUMAR, residing at Q.No-D6/4, ABC Lines, AOC Center, East Mareedpally, Secunderabad. Telangana-500015. I have changed my Father Name & Date of Birth from - **K. SRINIVASARAO** (DOB: **17/03/1965**) to **KANTUBOTHU SRINIVASARAO** (DOB: **01/01/1968**) for all purpose vide affidavit dated: 08/04/2024.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Army No- 15816835M, Rank - L/NK, Name - KANTUBOTHU SIVA KUMAR, residing at Q.No-D6/4, ABC Lines, AOC Center, East Mareedpally, Secunderabad. Telangana-500015. I have changed my Mother Name & Date of Birth from **K. SAROJEENI** (DOB: **21/05/1970**) to **KANTUBOTHU SAROJANI** (DOB: **01/01/1973**) for all purpose vide affidavit dated: 08/04/2024.

**CHANGE OF NAME**
I, PERIBOINA LAKSHMI spouse of Army No.15669490N HavP.Venkateshwar, R/o.D.No.34-18-808, Vill:Sarada Colony, Street:Sarada Colony, 19th Lane, Po:Arundelpet, Teh:Guntur, Dist:Guntur, Andhra Pradesh have changed my name from **PERIBOINA LAKSHMI** to **PULADASU LAKSHMI** vide affidavit dt:8-2-2024, before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, G.UDAYASRI spouse of GANJI NARAYANA, R/o.2-430, Ex servicemen Colony, Balaji Nagar, Saibaba Temple Lane, Kapra, Medchal Malkajgiri Dist have changed my name from **G.UDAYASRI** to **GANJI UDAYASRI** and my correct/actual Date of Birth is **27-7-1971** vide affidavit dt:8-4-2024 at IV Spl Metropolitan Magistrate, Hyderabad

# कांग्रेस ने झूठे वादे कर तेलंगाना की जनता को धोखा दिया : किशन रेड्डी



**हैदराबाद , 09 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
केंद्रीय मंत्री एवं तेलंगाना भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने कांग्रेस पर झूठी गारंटी के साथ तेलंगाना की जनता को धोखा देने का आरोप लगाया है।श्री रेड्डी ने मंगलवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय में नलगोंडा और जहीराबाद के दिग्गज नेताओं को शामिल करने के दौरान संवाददताओं से कहा कि तेलंगाना को बड़े संघर्षों के माध्यम से राज्य का दर्जा मिला है, जबकि पिछले एक दशक में केसीआर परिवार द्वारा निहित स्वार्थ और लाभ के लिए इसका भरपूर शोषण किया गया है।उन्होंने अफसोस जताया, कांग्रेस पार्टी अब सत्ता में आ गई है, क्योंकि चोर चले गए हैं। हालांकि, स्थिति गंभीर बनी हुई है।मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के 9 दिसंबर को 2 लाख रुपये तक के फसली ऋण माफ करने के वादे का जिक्र करते हुए रेड्डी ने इस प्रतिज्ञा को पूरा करने में प्रगति की कमी की आलोचना की।

उन्होंने कहा, राहुल गांधी ने पिछली गारंटी को संबोधित किए बिना या उनके कार्यान्वयन के लिए समयसीमा प्रदान किए बिना थुक्कुगुडा में नए वादे किए।रेड्डी ने कांग्रेस और बीआरएस दोनों पार्टियों पर एक जैसे डीएनए होने का आरोप लगाया और दावा किया कि जहां कांग्रेस नेहरू परिवार की एक शाखा है, वहीं बीआरएस केसीआर परिवार की एक शाखा है।उन्होंने आरोप लगाया, मअतीत में, बीआरएस पार्टी ने कांग्रेस के साथ गठबंधन किया, जिससे रेत, जमीन और शराब सहित कई घोटाले हुए।

रेड्डी ने आगे कांग्रेस सरकार पर तेलंगाना के लोगों पर राहुल गांधी टैक्स लगाने का आरोप लगाया, आरोप लगाया कि विभिन्न माध्यमों से एकत्र किए गए धन को चुनाव खर्च के लिए दिल्ली भेजा जा रहा था।कर्नाटक में भाजपा की संभावनाओं पर भरोसा जताते हुए रेड्डी ने कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस सरकार अपने वादे पूरे नहीं कर सकती।उन्होंने तेलंगाना के लोगों से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का समर्थन करने और सभी 17 सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने का आग्रह किया।इससे पहले, रेड्डी ने दुनिया भर में तेलुगु भाषी लोगों को उगादि की शुभकामनाएं दीं।

# तेलंगाना में उगादी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**हैदराबाद, 09 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
तेलंगाना में उगादी मंगलवार को पारंपरिक उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया।राज्य के विभिन्न स्थानों पर लोग विशेष प्रार्थना करने के लिए मंदिरों में एकत्र हुये, जबकि कई मंदिरों ने त्योहार को चिह्नित करने के लिए पंचांगम (पंचांग) के पाठ का आयोजन किया।

हिंदू घरों को फूलों, आम और नीम के पत्तों से आकर्षक ढंग से सजाया गया।हिंदू घरों को फूलों, आम और नीम के पत्तों से आकर्षक ढंग से सजाना, साथ ही मीठी-कड़वी उगादी पचड़ी सहित विशेष उगादी व्यंजनों की तैयारी करना, जो जीवन के सुख-दुख के चरणों का प्रतीक है, त्योहार का मुख्य आकर्षण था।पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने शहर के बाहरी इलाके में स्वर्ण भारती ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित उगादी समारोह में भाग लिया।

कार्यक्रम में तेलंगाना के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और केंद्रीय मंत्री और तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी सहित अन्य लोग भी शामिल हुए।

कांग्रेस और भाजपा सहित राजनीतिक दलों ने शहर में अपने-अपने पार्टी कार्यालयों में उगादी समारोह की मेजबानी की।

फल, फूल और सजावटी सामान बेचने वाली दुकानों पर सोमवार की देर रात तक लोगों की भीड़ लगी रही।

तेलंगाना के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन ने तेलुगु नव वर्ष दिवस उगादी के शुभ अवसर पर तेलंगाना के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।



फ्रेंड्स ग्रुप घोड़े की कबर मंगलहाट द्वार अमावस्या के उपलक्ष्य में अन्नप्रसाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मनोज अग्रवाल, सचिन, महेश, प्रेम चंद, श्याम अग्रवाल, यश अग्रवाल, नामदेव, विक्रम एवं अन्य सदास्य उपस्थित रहे।

# दक्षिण मध्य रेलवे 48 विशेष ग्रीष्मकालीन ट्रेनें चलाएगा



**हैदराबाद, 09 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
दक्षिण मध्य रेलवे (एस-सीआर) ने मंगलवार, 9 अप्रैल को विभिन्न गंतव्यों को जोड़ने वाली 48 विशेष ग्रीष्मकालीन ट्रेनों की घोषणा की।

एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, सिकंदराबाद-नगरसोल (ट्रेन नंबर 07517) 17 अप्रैल से 29 मई के बीच चलेगी जबकि नागरस-ेल-सिकंदराबाद (ट्रेन नंबर 07518) 18 अप्रैल से 30 मई के बीच चलेगी।

इसी तरह, विशेष ट्रेन हैदराबाद-कटक (ट्रेन नंबर 07165) मंगलवार (16 अप्रैल, 23 अप्रैल और 30 अप्रैल) को चलेगी जबकि कटक-हैदराबाद (ट्रेन नंबर 07166) बुधवार (17 अप्रैल, 24 अप्रैल और 1 मई) को चलेगी।

विशेष ग्रीष्मकालीन ट्रेन सिकंदराबाद, नलगोंडा, मिर्यालागुडा, सत्तेनपल्ले, गुंटूर, विजयवाड़ा, एलुरु, राजमुंदरी, समालकोट, अन्नवरम, अनंकापल्ली, दुव्वाडा, कोट्टावलासा, विजयनगरम, श्रीकाकुलम रोड, पलासा, बेरहामपुर, खुर्दा रोड और भुवनेश्वर स्टेशनों पर रुकेगी। दिशानिर्देश।सिकंदराबाद-उदयपुर (ट्रेन संख्या 07123) गुरुवार (16 अप्रैल और 23 अप्रैल) को संचालित होगी जबकि उदयपुर-सिकंदराबाद (ट्रेन संख्या 07124) शनिवार (20 अप्रैल और 27 अप्रैल) को संचालित होगी।

इसी तरह, ये विशेष ग्रीष्मकालीन ट्रेनें मेडचल, कामारेड्डी, निज़ामाबाद, बसर, धर्माबाद, मुदखेड, नांदेड़, पूर्णा, बसमत, हिंगोली डेक्कन, वाशिम, अकोला, मलकापुर, खंडवा, इटारसी, भोपाल, संत हिरदाराम नगर, शुजालपुर, उज्जैन, पर रुकेंगी। दोनों दिशाओं में नागदा, शामगढ़, कोटा, सवाई माधोपुर, जयपुर, अजमेर, नसीराबाद, बिजयनगर, भीलवाड़ा, मावली जंक्शन और राणाप्रतापनगर स्टेशन।

हाल ही में, एससीआर ने तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के लिए काचीगुडा-तिरुपति-काचीगुडा और सिकंदराबाद-नरसापुर-सिकंदराबाद के बीच विशेष ट्रेनों की घोषणा की।

# तेलंगाना के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी राजीव रतन का निधन




**हैदरबाद, 09 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
तेलंगाना के वरिष्ठ भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी राजीव रतन का मंगलवार को यहां एक अस्पताल में निधन हो गया।

वर्तमान में तेलंगाना के सतर्कता महानिदेशक के पद पर कार्यरत राजीव रतन को दिल का दौरा पड़ने के कारण एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गयी और आज सुबह उन्होंने अंतिम सांसे ली।

1991 आईपीएस बैच के सदस्य, राजीव रतन का नाम डीजीपी की दौड़ में प्रमुखता से लिया गया था जब महेंद्र रेड्डी पिछले साल डीजीपी के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। बाद में उन्हें डीजी विजिलेंस के रूप में पदोन्नत किया गया। सतर्कता महानिदेशक के रूप में राजीव रतन ने कालेश्वरम परियोजना से संबंधित भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच की। उनकी रिपोर्ट के आधार पर सरकार ने एक न्यायिक आयोग का गठन किया।

राज्यपाल सी पी राधाकृष्ण, मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, मंत्रियों और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने राजीव राता के निधन पर शोक व्यक्त किया है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.